धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, रविवार

01.12.2024


* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 139



12 स्टाइल टीम का सूबेदार हैं कैटरीना : विक्की कौशल

## न्यूज डायरी

### बालिका गृह में यौन शोषण, दो हिरासत में

मेदिनीनगर। बालिका गृह में नाबालिग बच्चियों का संरक्षण करना है, पर पलामू जिले के मेदिनीनगर के सुदना में संचालित संस्थान में यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद शनिवार को एएसपी राकेश कुमार की जांच में पुष्टि होने पर एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया गया है। सुपिरटेंडेंट राम प्रताप गुप्ता (72) और एक महिला काउंसलर को हिरासत में ले लिया गया है। इसमें काउंसलर की भी भूमिका सामने आयी है। दोनों पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी।

### मुठभेड़ में पीएलएफआइ का एरिया कमांडर लंबू ढेर

रांची। पश्चिमी सिंहभूम पुलिस बल की विशेष टीम ने शनिवार को मुठभेड़ में पीएलएफआइ के एरिया कमांडर लंबू को मार गिराया। वो चाईबासा के टेबो थाना क्षेत्र के तोमरोंग गांव के जंगल में मारा गया है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने यह जानकारी दी और बताया कि आगे की कार्रवाई की जा रही है। लंबू और उसके साथी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में थे। सूचना पर सुरक्षाबल के जवान मौके पर पहुंचे और उनकी घेराबंदी शुरू कर दी। इसी दौरान नक्सलियों की नजर जवानों पर पड़ी और उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की और एरिया कमांडर लंबू को मार गिराया। घटनास्थल से दो पिस्टल बरामद हुए हैं। पूरे इलाके में सर्च अभियान जारी है। पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप की गिरफ्तारी के बाद संगठन को लंबू ने संभाल रखा था। खूंटी और चाईबासा जिले के सीमावर्ती इलाकों में लंबू ने अपनी एक हुकूमत कायम कर रखी थी। लंबू के खिलाफ कई थानों में कांड दर्ज हैं।

### पीएम मत्स्य संपदा योजना संचयन समिति की बैठक

रांची। मत्स्य विभाग के तहत पीएम मत्स्य सम्पदा योजना के तहत लाभुकों के चयन के लिए खूंटी जिला स्तरीय समिति और जिला स्तरीय संचयन समिति की बैठक शनिवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में हुई। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम ने की।

### झारखंड में 4 तक रहेगा 'फेंगल' का असर

रांची। चक्रवात 'फेंगल' का असर झारखंड में भी दिखने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार चार तक इसका असर राज्य में दिखेगा। शनिवार को राजधानी रांची में आंशिक बादल छाये रहे। सुबह में कोहरा छाया रहा। देर से धूप निकला। तूफान दक्षिण भारत के कराईकल और महाबल्लीपुरम को पार करेगा। इस दौरान हवा की रफ्तार 70 से 80 किलोमीटर तक रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार झारखंड में आंशिक असर दिखेगा।

# सत्र से पहले हेमंत मंत्रिमंडल का विस्तार

## सीएम से मिले कमलेश, कोटे के मंत्रियों का नाम तय करने दिल्ली गये

**दीपांकर बोले**

**हम सरकार को बाहर से समर्थन देंगे, जनहित में लड़ेंगे**

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड में जल्द मंत्रिमंडल विस्तार होने की संभावना है। मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर नेताओं में हलचल तेज है। हेमंत सरकार का विस्तार झारखंड विधानसभा सत्र से पहले हो सकता है। हालांकि अभी तक किसी भी पार्टी ने यह साफ नहीं किया है कि कौन-कौन मंत्री बनेगा। शनिवार को सीएम हेमंत सोरेन से मिलने के बाद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश दिल्ली चले गये।



मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि दिसंबर के पहले सप्ताह में मंत्रिमंडल का गठन हो जायेगा। दिल्ली में ही कांग्रेस कोटे के मंत्रियों के नामों पर मुहर लगेगी। वहीं भाकपा माले ने साफ कर दिया कि वह हेमंत सरकार में शामिल नहीं होगी। बाहर से समर्थन देगी और जनता की आवाज उठाते रहेगी। पार्टी नेता दीपांकर भट्टाचार्य ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में इसकी घोषणा की।

**बांटने की राजनीति यहां नहीं चलेगी :** सीएम से भेंट के बाद दिल्ली जाते समय प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री कमलेश ने कहा कि गठबंधन को अपना अपार समर्थन देकर जनता ने सरकार के विकास कार्यों पर समर्थन की मुहर लगा दी है। उन्होंने कहा, जनता ने साफ कर दिया कि यहां बांटने की राजनीति नहीं चलेगी। विकास ही झारखंड की प्राथमिकता है। झारखंड ने अपने सम्मान की रक्षा की। उन्होंने कहा कि अगले 5 वर्षों में हम विकास के मायने बदलेंगे। विकास की लंबी लकीर खींचेंगे। जनता के भरोसे पर हम खरा उतरेंगे। जनकल्याणकारी कार्यों को और गति देंगे। घोषणा पत्र में शामिल 7 गारंटियों को पूरा करेंगे।

## हम बाहर से समर्थन देंगे : दीपांकर

झारखंड विधानसभा चुनाव के नतीजों की समीक्षा और इंडिया ब्लॉक की नयी सरकार में शामिल होने या नहीं होने को लेकर सीपीआई माले स्टैंडिंग कमेटी की शनिवार को बैठक हुई। बैठक के बाद पार्टी राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने पार्टी कार्यालय में मीडिया को बताया कि माले, सरकार में शामिल नहीं होकर बाहर से सरकार को समर्थन देगी। उन्होंने कहा कि हमारे विधायकों की संख्या अभी इतनी नहीं है कि हम सरकार में शामिल हो। जब 8-10 सीट जीतेंगे तब सोचेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा इतना जहरीला चुनाव अभियान कभी नहीं देखा। इसका जवाब झारखंड की जनता ने दिया है।



**विनोद सिंह की हार दुखद :** दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि बगोदर में विनोद सिंह की हार अचंभित करने वाली रही है। सदन में उनकी कमी खलेगी। हमारे दोनों विधायक सदन के बाहर और अंदर अल्पसंख्यक, आदिवासी और गरीबों के हक की लड़ाई लड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि मासस के विलय के बाद अब हम संगठन का विस्तार करेंगे और जनता तक अपनी आवाज पहुंचाएंगे।

**भाजपा को रोकना जरूरी :** माले नेता ने कहा कि शहरी सीटों पर भाजपा अभी मजबूत है, उसे रोकना जरूरी है। सरकार समन्वय समिति बनाये, हम उसमें जरूर शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि बोर्ड निगम में माले शामिल होने पर विचार कर सकता है, लेकिन हमारा कोई दावा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी 26 जनवरी 2025 तक संविधान संकल्प यात्रा निकालेगी और वामपंथी आंदोलन को तेज किया जायेगा।

## फांसी की सजा को चुनौती, आदेश सुरक्षित

### पत्नी, बेटा-बेटी समेत 6 की हत्या का मामला

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। अपने ही परिवार के छह लोगों की निर्मम हत्या करने के एक मामले में फांसी की सजा पाए गांगो दास की क्रिमिनल अपील और फांसी की सजा को कंफर्म करने को लेकर राज्य सरकार की क्रिमिनल अपील पर झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है। दरअसल, कोडरमा की निचली अदालत में अक्टूबर 2024 में आरोपी गांगो दास को 302 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए फांसी की सजा सुनाई थी। साथ ही 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया था। गांगो दास ने इसे हाई कोर्ट में चुनौती दी है। कोडरमा की निचली अदालत में ट्रायल के दौरान अभियोजन की ओर से 10 गवाहों का परीक्षण कराया गया था।

**क्या है मामला :** घटना 26 नवंबर 2019 को हुई थी। नवलशाही थाना में पड़ोसी मदन दास के आवेदन पर केस दर्ज किया गया था। मदन दास ने दर्ज केस में बताया था कि 26 नवंबर 2019 की रात्रि वह खाना खाकर सो गया था। रात्रि करीब 9:45 बजे उसका पड़ोसी गांगो दास शराब के नशे में हाथ में बड़ा सा चाकू और रड लेकर आया था और वह पत्नी शीला देवी से झगड़ा करने लगा था। इसी बीच गुस्से में आकर उसने अपनी पत्नी को चाकू और रड से मार दिया था। अपनी पुत्री राधिका कुमारी 4 वर्ष एवं पुत्र पीयूष कुमार 2 वर्ष को भी चाकू और रड से मार दिया था।

## सीएम तय नहीं, शपथ ग्रहण समारोह पांच को

### शिंदे की तबीयत बिगड़ी, बैठक टली, कल भाजपा की बैठक

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र में 23 नवंबर को विधानसभा चुनाव के नतीजे आने घोषित होने के बाद अभी तक महायुति की तरफ से मुख्यमंत्री के नाम की आधिकारिक घोषणा नहीं की गयी है। इस बीच खबर है कि महाराष्ट्र में नयी महायुति सरकार 5 दिसंबर को शपथ लेगी। पीएम मोदी मुंबई के आजाद मैदान में होने वाले सीएम के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री कौन सा चेहरा होगा, इस पर अभी तक सस्पेंस बना हुआ है।

**शिंदे की तबीयत बिगड़ी, बैठक टली :** महाराष्ट्र के कार्यवाहक सीएम एकनाथ शिंदे की तबीयत बिगड़ गयी है। इसके कारण शनिवार को होनेवाली विधायक दल की बैठक टल गयी है। जानकारी के मुताबिक सतारा के दरे स्थित अपने निवास पर ठहरे सीएम एकनाथ शिंदे को बुखार है। मुंबई से डॉक्टरों की एक टीम उनके सतारा आवास पर पहुंच गयी है। उनका इलाज कर रही है।



**कल भाजपा विधायकों की बैठक :** महाराष्ट्र भाजपा के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने शनिवार को एक्स पर लिखा, महाराष्ट्र में महायुति सरकार 5 दिसंबर को मुंबई के आजाद मैदान में शपथ लेगी। पीएम मोदी भी भाग लेंगे। 2 को भाजपा विधायकों की बैठक होगी, जिसमें विधायक अपने दल के नेता का चुनाव करेंगे।

**शिवसेना की डिमांड**

विधानसभा चुनाव में भाजपा, शिवसेना शिंदे और एनसीपी अजित पवार गुट यानी महायुति ने 288 में से 230 सीटें जीतीं। सरकार के गठन को लेकर महायुति में चल रही माथापच्ची के बीच एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना की पहली डिमांड सामने आयी है। पार्टी ने गृह मंत्रालय की मांग की है। पार्टी का कहना है कि शिवसेना को गृह विभाग मिलना चाहिए। गृह विभाग (आमतौर पर) उपमुख्यमंत्री के पास होता है।

## राम विनोद सिन्हा को 5 साल की सजा

### एसीबी कोर्ट का फैसला, पांच लाख जुर्माना भी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। खूंटी मनरेगा घोटाला मामले में बर्खास्त जूनियर इंजीनियर राम विनोद सिन्हा को एक मामले में रांची के एसीबी के विशेष कोर्ट ने शनिवार को पांच साल की सजा सुनायी। साथ ही उस पर पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। राम विनोद सिन्हा को एक और मामले में दोषी करार दिया है। राम विनोद सिन्हा पर अलग-अलग 12 योजनाओं के मद से 88 लाख की अवैध निकासी का आरोप है।

**17 केस केस दर्ज किये गये थे :** बर्खास्त जूनियर इंजीनियर राम विनोद सिन्हा के खिलाफ एसीबी ने 17 केस दर्ज किये थे। इसमें से तीन मामले में कोर्ट अपना फैसला सुना चुका है। अन्य 14 केस



पीएमएलए की विशेष कोर्ट में ट्रांसफर है। बताते चलें कि राम विनोद पर खूंटी जिला परिषद में पदस्थापित रहते करोड़ों की अवैध संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। सिन्हा पर 18.76 करोड़ से अधिक का फर्जीवाड़ा का उसपर आरोप है। एसीबी की दबिश बढ़ने पर दो साल से राम बिनोद सिन्हा फरार चल रहा था। 18 जून, 2020 को कोलकाता से उसे गिरफ्तार किया गया था। मामले को लेकर एसीबी ने साल 2017 में अनुसंधान शुरू की थी।

## झारखंड की राजनीति में दिलचस्प मोड़ के आसार

### भाजपा-आजसू को फिर लग सकता है जोरदार झटका

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड की राजनीति में एक बार फिर से दिलचस्प मोड़ आने वाला है। चुनाव में लचर प्रदर्शन से आजसू लाचार हो गयी, तो भाजपा का भी खराब प्रदर्शन रहा। झामुमो ने अपनी स्थिति को मजबूत करने और भाजपा को चुनौती देने की रणनीति बनाने में जुट गया है। इस रणनीति के तहत झामुमो छोड़ दूसरी पार्टी में गये नेताओं को पार्टी में वापसी की पटकथा तैयार की जा रही है। कुछ आजसू के पुराने कैडरों को भी साथ लेने की तैयारी है। झामुमो का फोकस अपने जनाधार को मजबूत करने, आदिवासी वोट बैंक को पुनः संगठित करने और विपक्षी दलों के प्रभाव को कम करने पर है। झामुमो की योजना उन नेताओं को वापस पार्टी में लाने की है, जिन्होंने किसी कारणवश पार्टी छोड़ दी है। झामुमो में आने के सवाल पर झामुमो केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य का कहना है- दल और दिल दोनों खुला है। माटी और हित में जो भी पार्टी में आते हैं, उनका स्वागत है। चंपाई सोरेन का मामला इसका एक उदाहरण हो सकता है। उनके झामुमो में लौटने की चर्चा तेज है। झामुमो के राष्ट्रीय महासचिव का बयान और हेमंत सोरेन का उनके प्रति नरम रुख इस बात के संकेत देते हैं कि झामुमो उनके वापस आने का स्वागत करेगा। चंपई का भाजपा में शामिल होने का उद्देश्य पार्टी को मजबूत करना था, लेकिन वे अपेक्षित लाभ देने में असफल रहे। साथ ही विधानसभा चुनाव के बाद कमजोर हो चुकी आजसू पार्टी के कई नेता झामुमो के संपर्क में बताये जा रहे हैं।

**इतिहास भी समर्थन करता है :** झामुमो का इतिहास बताता है कि पहले भी पार्टी छोड़कर गये नेताओं को वापस लाकर ताकतवर स्थिति हासिल की है। साइमन मरांडी और हेमलाल मुर्मू जैसे नेताओं की वापसी उदाहरण है।

## मंत्रियों के नाम अभी तय नही, स्वागत को बंग्लो तैयार

### स्मार्ट सिटी में बने 11 आवास को है नये मंत्रियों का इंतजार

सुधीर

रांची। झारखंड में कैबिनेट मंत्रियों के नाम भले ही अब तक तय नहीं हुआ है। उनका स्वागत को नया राजधानी में नया बंग्लो तैयार है। वह भी सभी सुविधाओं के साथ। हेमंत सरकार-2 के मंत्रियों को अब इधर-उधर या पुराने आवास में रहने की जरूरत नहीं होगी। सभी एक ही कैंपस में एक साथ भयमुक्त वातावरण में रह सकेंगे। बताते चलें कि राज्य के मंत्रियों के लिए स्मार्ट सिटी धुर्वा में 11 बंग्लों का निर्माण किया गया है। इन बंग्लों का निर्माण पूरी तरह



से वास्तु के हिसाब से किया गया है, ताकि मंत्री जी खुशनुमा महौल में रह सकें। सभी बंगलों का मुख्य द्वार वास्तु के हिसाब से पूरब की ओर रखा गया है। दरवाजा-खिड़की भी वास्तु के हिसाब से फिट किए गए हैं।

**मंत्रियों के नहाने को बने हैं स्विमिंग पुल :** बंगले में मंत्रियों के लिए हर तरह सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी है। उनकी सुविधा का भरपूर ख्याल रखा गया है। इसमें स्विमिंग पुल, जिम, प्ले जोन, बॉलीबॉल, बैडमिंटन कोर्ट भी बनाए गए हैं। पूरे एरिया को हरा-भरा बनाया गया है। इसमें क्लब हाउस की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

**ये है खासियत :** प्रत्येक डुप्लेक्स का बिल्टअप एरिया 7500 वर्गफीट है। 2500 वर्गफीट की मीटिंग रूम है। चारों ओर फोर लेन सड़कों की कनेक्टिविटी। मंत्रियों को प्रोजेक्ट भवन पहुंचने में दो से तीन मिनट का लगेगा समय।

हर बंगले में सेंट्रलाइज एसी की है व्यवस्था। हर बंगले में कुल पांच बेडरूम होंगे और डाइनिंग हॉल, ड्राइंग रूम के साथ मॉड्यूलर स्मार्ट किचन की भी है व्यवस्था।

गहना आभूषण

सोना (बिक्री) : 71600 रु./10 ग्राम

चांदी : 92000 रु./प्रति किलो




# 2029 तक राज्य से भाजपा का नामोनिशान मिटा देंगे : झामुमो

## भाजपा ने कहा यह झामुमो का अहंकार और बड़बोलापन बोल रहा है

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा चुनाव में इंडिया ब्लॉक की प्रचंड जीत से उत्साहित झारखंड मुक्ति मोर्चा ने आक्रामक स्वर में भाजपा पर प्रहार किया। पार्टी ने कहा कि इस बार 11 जिलों में इनका खाता नहीं खुला, पांच साल इंतजार करें, राज्य की राजनीति से इनका नामोनिशान मिटा दिया जायेगा। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कहा कि नफरत के सौदागरों के लिए राज्य में कोई जगह नहीं है। झारखंड में भाजपा को इतिहास बना दिया जायेगा। 2029 विधानसभा चुनाव में राज्य की राजनीति से भाजपा को पूरी तरह आउट कर दिया जायेगा। वहीं दूसरी ओर भाजपा विधानसभा चुनाव नतीजों को लेकर दिवसीय समीक्षा बैठक कर रही है। झामुमो नेता इतने पर नहीं रुके, उन्होंने कहा कि यह उनका अहंकार नहीं बोल रहा है बल्कि झारखंडियों की ताकत के बल पर वह ऐसा बोल रहे हैं। झारखंडियों को दुश्मनों को जवाब देना आ गया है।

## हार-जीत तो लगी ही रहती है : भाजपा

वहीं भाजपा नेताओं ने कहा कि झामुमो नेता का बयान उनका अहंकार और बड़बोलापन है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी चुनाव में जीत या हार होना स्वाभाविक और सामान्य बात है। जिस तरह के बयान झामुमो नेता दे रहे हैं, यह उनके अहंकार को दर्शाता है। राज्य की भोली-भाली जनता के भोलेपन का लाभ उठाकर भले ही इंडिया ब्लॉक ने जीत हासिल की हो लेकिन उन्हें अहंकार से बचना चाहिए। देश का इतिहास रहा है कि जनता ने समय समय पर बड़े-बड़े नेताओं को उनका कद दिखा दिया है। उन्होंने कहा कि हम चुनावी नतीजों की समीक्षा और चिंतन मनन कर रहे हैं, संभव है कि हममें कोई कमी रह गयी हो। इन कमियों को दूर कर केकार्यकर्ताओं के सहयोग से दोबारा संगठन को मजबूत कर वापसी करेंगे। 81 सदस्य वाली विधानसभा में इंडिया गठबंधन के खाते में 56 सीटें आयीं। वहीं एनडीए सिर्फ 24 सीटें जीतने में कामयाब रहा। राज्य के 24 जिलों में से पाकुड़, साहिबगंज, जामताड़ा, देवघर, गोड्डा, बोकारो, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, खूंटी, गुमला और लोहरदगा ऐसे 11 जिले रहे जहां भाजपा या उसके सहयोगी दलों का खाता भी नहीं खुला।

## कोर्ट ने मांगी जानकारी कब से जेल में हैं पूजा सिंघल

रांची। नये कानून के तहत जेल से रिहा करने के लिए निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की ओर से दायर याचिका पर शनिवार को रांची पीएमएलए (प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई। पूजा सिंघल की ओर से बहस सुनने के बाद कोर्ट ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के अधीक्षक को यह बताने का निर्देश दिया है कि पूजा सिंहल कब से जेल में हैं और उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि कितनी हुई है। पूजा सिंघल की ओर से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा और स्नेह सिन्हा ने बहस की। कोर्ट ने जेल अधीक्षक को मंगलवार तक उक्त जानकारी देने का निर्देश दिया है।

## एडवांस की राशि की स्वीकृति को प्रावधानों में संशोधन, आदेश जारी

# विधायकों को घर बनाने के लिए 60 लाख रुपये एडवांस देगी सरकार

**जिन विधायक के पास होगा भूमि का स्पष्ट स्वामित्व, उन्हें ही मिलेगा घर बनाने को एडवांस**

**एडवांस के साथ 4 फीसदी ब्याज की राशि 20 साल यानि 240 किस्तों में लौटाना होगा**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के विधायकों को घर बनाने के लिए 60 लाख रुपए की राशि एडवांश के रूप में तभी मिलेगी, जब उनके बाद भूमि का स्पष्ट स्वामित्व होगा। राज्य सरकार ने एडवांस की राशि की स्वीकृति के लिए प्रावधानों में संशोधन कर दिया है। वित्त विभाग ने इसका आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश के तहत वैसे विधायकों को एडवांस मिलेगा, जिनका कार्यकाल पेंशन प्रदायी हो उस स्थान पर जहां विधायक अपने कार्यकाल में या उसके बाद अंतिम रूप से बसना चाहते हैं। अन्य सरकारी स्त्रोत, हाउसिंग बोर्ड, अर्द्ध सरकारी निकायों या स्थानीय निकायों से इसी उद्देश्य से कोई ऋण या अग्रिम नहीं लिया हो। इसके बाद अगर वे अन्य स्त्रोतों से प्राप्त बकाया ऋण या अग्रिम को ब्याज के साथ एक किस्त में लौटाने का वचन देते हैं, तो विधायक को गृह निर्माण के लिए एडवांस की स्वीकृति दी जा सकेगी। इसके अलावा विधायक के पास भूमि का स्पष्ट स्वामित्व भी होना चाहिए। यदि एडवांस निजी पार्टियों से निर्मित मकान-फ्लैट खरीदने के लिए है, तो मकान-फ्लैट पर किसी की देनदारी नहीं होनी चाहिए। फ्लैट खरीद के लिए आवेदक को भूमि मालिक एवं रजिस्टर्ड बिल्डर के बीच किये गये एकरारनामा प्रस्तुत करना होगा। प्रस्तावित फ्लैट का स्वीकृत नक्शा भी प्रस्तुत करना होगा। रजिस्टर्ड बिल्डर द्वारा किये जा रहे नये प्रोजेक्ट रेरा द्वारा भी स्वीकृत होना चाहिए।

### संशोधन के प्रमुख बिंदु

एडवांस के साथ चार फीसदी ब्याज की राशि 20 साल यानि 240 किस्तों में पूरा करना होगा। विधायक कम अवधि में भी एडवांस की राशि का कर सकेंगे भुगतान। वित्त विभाग की पूर्व सहमति के बिना वसूली नहीं रोकी जायेगी और न ही विलंबित या स्थगित की जाएगी। यदि विधायक या उनका उत्तराधिकारी किसी कारणवश अग्रिम को पूरा नहीं लौटाते हैं, तो सरकार को यह अधिकार प्राप्त होगा कि वह मकान को रख ले या अन्य प्रकार से वसूल करने के लिए कार्रवाई करे।

### एडवांस के बाद किसी भी वित्तीय संस्थान से नहीं लेना होगा कर्ज

विधायकों को इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि गृह निर्माण अग्रिम की स्वीकृति प्राप्ति के बाद घोषित भूमि और प्लॉट को किसी अन्य वित्तीय संस्थान में बंधक रख कर अन्य गृह निर्माण ऋण प्राप्त नहीं करेंगे। किराया-क्रय पद्धति के आधार पर मकान खरीदने के लिए गृह निर्माण अग्रिम स्वीकार्य नहीं है। ब्याज की गणना प्रत्येक माह के अंतिम दिवस को रहने वाले बकाए के आधार पर की जायेगी। अगर मूलधन के बकाए का भुगतान महीने के बीच में ही दिया जाता है तो उस महीने का ब्याज नहीं लिया जायेगा। यदि प्रशासनिक कारणों से वेतन या पेंशन विलंब से मिलता है तो देय ब्याज अवशेष की गणणा की वसूली उसी माह में मानी जायेगी, जिस माह का वेतन-पेंशन निकालना हो। यदि किसी विधायक की कार्यकाल के दौरान मृत्यु हो जाती है तो उस विधायक की मृत्यु की तिथि के बाद की अवधि का ब्याज देय नहीं होगा।

# सिविल जज के पास असीमित वित्तीय अधिकार : हाईकोर्ट

**पांच लाख रुपये से कम या उससे अधिक मूल्य के मुकदमों का कर सकता है निपटारा**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने एक फैसले में कहा है कि सिविल जज (सीनियर डिवीजन) के पास असीमित वित्तीय अधिकार क्षेत्र है और वह पांच लाख रुपए से कम या उससे अधिक मूल्य के मुकदमों का निपटारा कर सकता है। भले ही ऐसा मूल्यांकन मुंसिफ न्यायालय के वित्तीय क्षेत्र में आता हो। ऐसे मामलों में अधिकार क्षेत्र का प्रयोग अवैधानिक नहीं माना जा सकता। जस्टिस सुभाष चंद की अदालत ने इस आदेश के साथ ही प्रार्थी की याचिका खारिज कर दी।

हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि असीमित वित्तीय अधिकार क्षेत्र वाले सिविल जज (वरिष्ठ डिवीजन) को 5 लाख रुपए या उससे कम मूल्य के मुकदमों का फैसला करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि इस तरह की अधिकार क्षेत्र संबंधी चुनौतियों को कार्यवाही के शुरूआती चरण में ही उठाया जाना चाहिए था।

हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि मुकदमे के कम मूल्यांकन से संबंधित प्रश्नों को केवल मुकदमे के दौरान मुद्दा बनाकर ही हल किया जा सकता है। यदि अदालत ने निर्धारित किया कि मुकदमे का कम मूल्यांकन किया गया था, तो वादी को केस में संशोधन करने और अपर्याप्त न्यायालय शुल्क जमा करने का निर्देश दिया जा सकता है।

यह फैसला एक सिविल मामले में आया, जिसमें ट्रायल कोर्ट के आदेश को रद्द करने का आग्रह हाईकोर्ट से किया गया था। याचिका में आरोप लगाया गया था कि केस की संपत्ति का मूल्यांकन पांच लाख रुपए से अधिक का था। इसलिए इसका फैसला मुंसिफ कोर्ट द्वारा किया जाना चाहिए था।

कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि मुकदमा वर्ष 2015 में दायर किया गया था। इस समय सिविल जज (सीनियर डिवीजन) के पास इस मामले का अधिकार था। मुंसिफ अदालतों के वित्तीय अधिकार क्षेत्र में बाद में किए गए संशोधन ने सिविल जज (वरिष्ठ डिवीजन) के समक्ष कार्यवाही को अमान्य नहीं किया। याचिका को खारिज करते हुए हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा और निष्कर्ष निकाला कि ट्रायल कोर्ट के आदेश में कोई अवैधता या दोष नहीं था।

## खबर एक नजर में

### इंडी गठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं : चंपई सोरेन



**रांची।** चंपई सोरेन ने एक बार फिर हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। शनिवार को मीडिया से बातचीत में चंपई ने कहा कि अब तक मंत्रिमंडल का विस्तार नहीं हुआ है। इससे यह स्पष्ट होता है कि इंडी गठबंधन में ठीक-ठाक नहीं है। उन्होंने कहा कि अभी काफी काम करना है। इस मुद्दे पर अपने समर्थकों के साथ रायशुमारी भी की है। उन्होंने मंगल मुंडा की मौत के लिए सरकार को जिम्मेवार ठहराया है। कहा कि झारखंड के एक विशिष्ट परिवार से आने वाले मंगल मुंडा की चिकित्सा में जिस प्रकार की लापरवाही हुई, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। एक बार फिर शहीद परिवारों के मामले में सरकार बेनकाब हो गयी है।


### हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ शीर्ष कोर्ट गये आइएएस अधिकारी भजंत्री



**रांची।** रांची के वर्तमान उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने चुनाव कार्य से अलग रखने के झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की है। शीर्ष कोर्ट से उन्होंने हाईकोर्ट के आदेश को रद्द करने का आग्रह किया है। हाईकोर्ट ने 22 सितंबर को भजंत्री के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने और चुनाव कार्यों से अलग रखने के आदेश के खिलाफ दायर अपील की याचिका स्वीकार की थी। वहीं, हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद भजंत्री को चुनाव कार्यों से दूर रखा गया था। इसके अलावा राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर लागू आचार संहिता के दौरान उन्हें आनन-फानन में रांची के उपायुक्त पद से हटाया गया था। उनकी जगह वरुण रंजन को रांची का डीसी बनाया गया था। हालांकि, सीएम हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण के बाद राज्य सरकार ने फिर भजंत्री को रांची का उपायुक्त नियुक्त कर दिया।

# रांची समेत पूरे झारखंड में अगले तीन दिन तक छाए रहेंगे बादल

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में फेंगल चक्रवाती तूफान के चलते शनिवार सुबह धुंध और हल्के बादल छाए रहे। पश्चिमी सिंहभूम के जगन्नाथपुर क्षेत्र में करीब 17.0 मिमी बारिश भी हुई। इससे इलाके में ठंड बढ़ गई है। अधिकतम तापमान 17.7, न्यूनतम 16.3 डिग्री दर्ज किया गया। अधिकतम पारा सामान्य से करीब 9.0 डिग्री नीचे चला गया है।

मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन में पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला, सिमडेगा में बादल छाए रहने के साथ कहीं-कहीं हल्की बारिश होने के आसार हैं। तूफान का प्रभाव पूरे राज्य में तीन दिसंबर तक रह सकता है। इस बीच कोल्हान में हल्के बादल छाने के साथ कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी होगी। रात के न्यूनतम पारे में वृद्धि और अधिकतम पारे में गिरावट से ठंड बढ़ सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बने तूफान के तमिलनाडु के उत्तरी तट महाबलीपुरम और कराईकल तट से टकराने के बाद भी अगले तीन दिन तक इसका असर रहेगा। ऐसे में तूफान के बाहरी भाग में बने बादल दक्षिणी हवा के साथ झारखंड में प्रवेश कर रहे हैं। इससे राज्य में भी आंशिक बादलों के साथ कहीं-कहीं हल्की बारिश की संभावना है।

कोल्हान में अपेक्षाकृत घने बादल छाए रहने से यहां दिन के तापमान में कमी आई है। जमशेदपुर में अधिकतम पारा सामान्य से 5 डिग्री नीचे 23.6 डिग्री रहा। एक दिन पूर्व यह 28.6 डिग्री था। वहीं, कोल्हान में रात का पारा 5 डिग्री उछला है। सरायकेला और जमशेदपुर का 17.9 डिग्री, पश्चिमी सिंहभूम में 16.3 डिग्री और सिमडेगा में 15.6 डिग्री दर्ज किया गया। रांची का अधिकतम पारा 23.4 और न्यूनतम 12.6 डिग्री रहा। रांची में पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान करीब 3 डिग्री गिरा है।

### जिलों के तापमान

| जिला | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 23.4 | 12.6 |
| जमशेदपुर | 23.6 | 17.9 |
| मेदिनीनगर | 29.4 | 12.7 |
| बोकारो | 25.2 | 13.2 |
| प सिंहभूम | 17.7 | 16.3 |
| सिमडेगा | 24.5 | 15.6 |
| देवघर | 27.7 | 12.2 |

'फेंगल' तूफान के कारण हवा का रुख बदल गया है। दक्षिण से आ रही हवा के चलते राज्य में बादल छाए हुए हैं। वहीं, पश्चिमी सिंहभूम के जगन्नाथपुर में बारिश भी हुई। तूफान के चलते अगले 3 दिन तक राज्य में हल्के बादल छाए रहेंगे। इसके बाद ठंड बढ़ेगी।

**अभिषेक आनंद, वैज्ञानिक, मौसम विभाग, रांची**

# सीएम से मिले राजनेता, आईएएस, आईपीएस व अन्य लोग, दी बधाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की चौथी बार हुई ताजपोशी के बाद लोगों के मिलने का सिलसिला जारी है। राजनेता, अधिकारी, पदाधिकारी और विभिन्न संगठनों के लोग सीएम से मिलकर उन्हें बधाई और शुभकामाएं दे रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी लोगों से खुलकर मिल रहे हैं और उनका अभिवादन स्वीकार कर रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को झारखंड कैडर के कई आइएएस, आइपीएस सहित राजनीतिक दलों के नेता, संगठनों के प्रतिनिधि और आमलोगों ने भी मुलाकात की। मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव राहुल पुरवार, एडीजी प्रिया दूबे, टी कांडासामी, डीआइजी नौशाद आलम और रामगढ़ के एसपी अजय कुमार ने मुलाकात की। इनके अलावा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक राधाकृष्ण किशोर, विधायक हफीजुल हसन अंसारी, विधायक राजेश कच्छप एवं पूर्व विधायक जलेश्वर महतो ने मुलाकात कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

**सीएम को दिया जगन्नाथ स्वामी का प्रसाद :** इसके बाद लाल प्रवीर नाथ शाहदेव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सीएम हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सीएम को जगन्नाथ स्वामी का प्रसाद भेंट की। इनके अलावा ज्योति गुप्ता, अभिज्ञा सिंह समेत अन्य लोगों ने मुलाकात कर मुख्यमंत्री को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने सबका आभार जताया।













# जेई से एई पद पर प्रोन्नति के बाद विभागीय परीक्षा पास करने के बाद ही वेतन वृद्धि पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन की और से पब्लिक वर्क कोड 2012 के तहत राज्य सरकार की विभिन्न विभागों में जूनियर इंजीनियर (जेई) से असिस्टेंट इंजीनियर (एई) पद पर प्रोन्नति के 2 वर्ष के बाद विभागीय परीक्षा पास करने के बाद ही वेतन वृद्धि करने के वित्त विभाग की व्याख्या को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई।

मामले में हाई कोर्ट की एकल पीठ ने राज्य सरकार के वित्त विभाग, जल संसाधन विभाग, पेयजल स्वच्छता विभाग, रोड कंस्ट्रक्शन विभाग और बोर्ड ऑफ रेवेन्यू आदि से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 7 जनवरी 2025 को होगी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने पैरवी की।

दरअसल, पब्लिक वर्क कोड 2012 के तहत झारखंड सरकार के विभिन्न विभागों में जूनियर इंजीनियर से असिस्टेंट इंजीनियर के प्रोन्नति के बाद दो वर्ष उन्हें वेतन वृद्धि का लाभ मिलेगा, लेकिन उसके बाद विभागीय परीक्षा (हिंदी कानून और प्रोफेशनल) पास करने के बाद ही उन्हें वेतन वृद्धि का लाभ मिल सकता है। प्रार्थी की और से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने कोर्ट को बताया कि झारखंड सरकार के वित्त विभाग ने इसकी गलत व्याख्या की है और कहा है कि जूनियर इंजीनियर से असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति के 2 वर्ष के भीतर विभागीय परीक्षा पास करने के बाद ही वेतन वृद्धि का लाभ मिल सकेगा।

श्री वत्स ने इसकी सही व्याख्या करने का आग्रह कोर्ट से किया है। वहीं प्रार्थी की ओर से याचिका में यह भी कहा गया है कि नियमावली के तहत विभागीय परीक्षा साल में दो बार मई -जून एवं अक्टूबर-नवंबर में होनी चाहिए, लेकिन इस परीक्षा के समय पर नहीं होने से असिस्टेंट इंजीनियर पद पर प्रोन्नति के बाद भी उन्हे वेतन में बढ़ोतरी में देरी हो रही है। इसलिए समय पर परीक्षा कराया जाए। प्रार्थी की ओर से कोर्ट से आग्रह किया गया कि विभागीय परीक्षा पास करने के लिए निर्धारित समय अवधि यानी जिस समय वह परीक्षा ड्यू है इसी समय से ही असिस्टेंट इंजीनियर पद पर प्रोन्नति के बाद उन्हें वेतन वृद्धि का लाभ मिलना चाहिए। जबकि हो यह रहा है कि वेतन वृद्धि असिस्टेंट इंजीनियर को तभी मिल रहा है जब वह विभागीय परीक्षा पास कर अपना सर्टिफिकेट प्रस्तुत करते हैं।

# सीएम हेमंत सोरेन आलू की आवक जल्द बहाल करायें : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आलू की ट्रांसपोर्टिंग रोके जाने को लेकर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी से बात कर जल्द समस्या का निदान करने का आग्रह किया है। बाबूलाल मरांडी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य से आलू की सप्लाई पर रोक लगाने का आदेश दिया है। सरकार द्वारा आलू का ट्रक झारखंड आने से रोकने के निर्णय ने रोजमर्रा की जिंदगी में महंगाई की चिंता बढ़ा दी है। बंगाल से आलू लेकर झारखंड आ रहे सैकड़ों ट्रकों को वापस लौटाया जा रहा है। सब्जी मंडियों में भी महज कुछ दिनों का ही स्टॉक बचा हुआ है। आवक कम होने के कारण आलू की कीमतें आसमान छूती जा रही है और आमजनों के रसोई से आलू गायब होती जा रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से निवेदन है कि इस समस्या का निदान करें और झारखंड में आलू की पर्याप्त अपूर्ति सुनिश्चित करें, ताकि राज्यवासियों को बढ़ती महंगाई से राहत मिल सके।

## झारखंड पुलिस राज्य के आपराधिक गिरोह और उग्रवादियों के स्प्लिंटर ग्रुप्स पर कसेगा शिकंजा

# रंगदारी के लिए दहशत फैला रहे हैं स्प्लिंटर ग्रुप

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के कुछ जिलों में पिछले दो महीने से कुछ आपराधिक गिरोह और उग्रवादियों के स्प्लिंटर ग्रुप दहशत फैला रहे हैं। रंगदारी और वसूली करने के लिए आगजनी और फायरिंग की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। डीजीपी झारखंड अनुराग गुप्ता की तरफ से ऐसे गुटों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

**लातेहार, खूंटी, रांची और चाईबासा में वारदात :** राजधानी रांची के ग्रामीण इलाके के अलावा खूंटी, चतरा, गुमला और लातेहार और लोहरदगा जैसे जिलों में उग्रवादी संगठन टीपीसी, पीएलएफआई, जेजेएमपी के साथ साथ अमन साव गिरोह दहशत फैलाने में लगा हुआ है। इन पर नकेल कसने के लिए कड़े निर्देश डीजीपी के द्वारा जिलों को दिया गया है। नक्सलियों के खात्मे में लगी झारखंड पुलिस के लिए ये स्प्लिंटर ग्रुप परेशानी का सबब बने हुए हैं। सिर्फ स्प्लिंटर ग्रुप ही नहीं बल्कि अमन साव, अमन श्रीवास्तव और सुजीत श्रीवास्तव गिरोह भी उग्रवादियों की तर्ज पर फायरिंग और आगजनी कर रहा है। 25 नवंबर को पीएलएफआई के हथियार बंद दस्ते ने चाईबासा के गुदड़ी में बालू तस्करी को लेकर दो युवकों की हत्या कर दी थी। 26 नवंबर को पीएलएफआई के द्वारा खूंटी में कई वाहनों में आगजनी की गई।

### लातेहार में ज्यादा दहशत



सबसे ज्यादा दहशत झारखंड के लातेहार जिला में कायम किया जा रहा है। यहां एक महीने के भीतर आगजनी और गोलाबारी की चार वारदातें सामने आ चुकी हैं। लातेहार में 20 नवंबर को जेजेएमपी के उग्रवादियों ने चार हाइवा वाहनों को आग के हवाले कर दिया था। लातेहार में ही 24 नवंबर को अमन साव के गुर्गों के द्वारा एके 47 से एक कोयला ट्रक पर फायरिंग की गई। 15 नवंबर को लातेहार के चंदवा में पेट्रोल पंप पर फायरिंग की, वहीं नवंबर महीने में ही बालूमाथ स्थित कोयला साइडिंग पर भी फायरिंग की गई। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई है कि फायरिंग और आगजनी करने वाले उग्रवादी संगठनों के स्प्लिंटर ग्रुप हैं जो सिर्फ पैसे वसूलने के लिए घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

### पीएलएफआई, टीपीसी और जेजेएमपी पुलिस की रडार पर

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि झारखंड में नक्सलवाद 95 फीसदी खत्म हो चुका है। फिलहाल हमारे लिए स्प्लिंटर ग्रुप का सफाया करना बेहद जरूरी है। झारखंड के कुछ जिलों में पिछले दो महीने के दौरान उग्रवादियों के स्प्लिंटर ग्रुप के द्वारा कई हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया गया है। स्प्लिंटर ग्रुप आगजनी के साथ-साथ व्हाट्सएप कॉल कर कारोबारियों से रंगदारी की डिमांड कर रहे हैं।

### समर्थकों के साथ एक्टिव उग्रवादियों की लिस्ट तैयार

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि कुछ आपराधिक गिरोह के साथ साथ टीपीसी, पीएलएफआई, जेजेएमपी और भाकपा माओवादिओं का छोटा ग्रुप एक्टिव है। ऐसे उग्रवादियों के द्वारा कुछ घटनाओं को जरूर अंजाम दिया गया है लेकिन पिछले एक साल के दौरान उनके संगठन के अधिकांश बड़े उग्रवादी या तो मारे गए या फिर पकड़े गए। लेकिन इन संगठनों के कुछ स्प्लिंटर ग्रुप बचे हुए हैं जिन पर कार्रवाई की जा रही है। स्प्लिंटर ग्रुप में शामिल उग्रवादी छोटे हथियार के साथ सिविल ड्रेस में वारदात को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे उग्रवादियों की लिस्ट तैयार की गई है साथ ही उनके समर्थकों को भी चिन्हित किया गया है जो उनके लिए मोबाइल सहित दूसरे समान उपलब्ध करवाते हैं। सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को यह निर्देश दिया गया है कि वह एक टीम बनाकर ऐसे स्प्लिंटर्स ग्रुप के खिलाफ कार्रवाई करें। खासकर पलामू आईजी को कड़ा निर्देश जारी किया गया है कि न सिर्फ कार्रवाई करें बल्कि फरार उग्रवादियों और अपराधियों के खिलाफ जमकर कुर्की भी करें।

स्पीड न्यूज

## टाटा इंटर कंपनी वॉलीबॉल का खिताब टाटा स्टील ने जीता

**जमशेदपुर।** पहले इंटर कंपनी वॉलीबॉल का आयोजन 28 नवम्बर से 30 नवम्बर तक जे आर डी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया गया। आज आखिरी दिन, सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेले गये। यह प्रतियोगिता लीग आधार पर खेला गया। आज सुबह पहले सेमीफाइनल मैच में टाटा स्टील जमशेदपुर की टीम ने टाटा मोटर्स पुणे की टीम को 3/0 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। स्कोर 25/13, 25/15, 25/17 रहा, वहीं दूसरे सेमीफाइनल मैच में टाइटन इंजीनियरिंग ऑटोमेशन लिमिटेड की टीम का मुकाबला टाटा स्टील गम्हरिया से हुआ जिसमें टाटा इंजीनियरिंग एंड ऑटोमेशन लिमिटेड की टीम ने 3/2 के स्कोर से जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। स्कोर 25/19, 20/25, 25/15, 12/25, 15/04 रहा। टाटा स्टील गम्हरिया की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। फाइनल मैच टाटा स्टील और टाटा इंजीनियरिंग एंड ऑटोमेशन लिमिटेड के बीच खेल गया, जिसमें टाटा स्टील की टीम ने टाटा इंजीनियरिंग एंड ऑटोमेशन लिमिटेड को 3/0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच में स्कोर 25/13, 25/15, 25/11 रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री रमेश शंकर, चीफ, मर्चेंट मिल एंड न्यू बार मिल और विशिष्ट अतिथि श्री संजीव चौधरी, प्रेसिडेंट, टाटा वर्कर्स यूनियन के द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया किया गया। मैच का संचालन श्री संजय कुमार, संजय ठाकुर, हरे राम, जे अरुण मूर्ति, अमरीक सिंह, अरशद अली, राजेश्वर गुप्ता, अनंतो संतरा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री मुकुल विनायक चौधरी, चीफ स्पोर्ट्स , फिरोज खान, संजय मिश्रा, श्री सुरेंद्र कुमार टाटा स्पोर्ट्स क्लब, विभाष शुक्ला, राजीव कुमार मिश्रा मौजूद थे।

## इंकैब केरला स्कूल का वार्षिक खेलकूद संपन्न

**जमशेदपुर।** इन्कैब केरला पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन शनिवार को विघालय प्रांगण में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में केरला पब्लिक स्कूल की निर्देशिका श्रीमती मनोरमा नायर, सामाजिक कार्यकर्ता मिस्टर इन्द्रजीत सिंह, के.पी.एस की सहायक निर्देशिका श्रीमती शांता वैद्यनाथन, शैक्षणिक निर्देशिका लक्ष्मी आर तथा विद्यालय की प्रिंसिपल डी सोनाली उपस्थित थी। खेल शिक्षक के द्वारा भव्य परेड का आयोजन किया गया तथा मुख्य अतिथि ने मशाल जलाकर और प्रेरणादायक भाषण देकर वार्षिक खेल दिवस के शुभारंभ होने की अनुमति प्रदान की। वार्षिक खेल दिवस में विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया । इसके अतिरिक्त शिक्षिकाओं के लिए भी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। लड़कियों मे सर्वश्रेष्ठ एथलीट का प्रदर्शन अष्टम वर्ग की सुखमति विरूआ ने किया। लडकों में सर्वश्रेष्ठ एथलीट का प्रदर्शन नवम वर्ग के संजय कुमार ने किया। प्रतियोगिता में वैलोर हाउस ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ओवर ऑल चैम्पियन बनने का गौरव हासिल किया तथा विसडम उपविजेता बना। मार्चपास्ट में विसडम हाउस ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।विघालय की प्रिन्सिपल के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया तथा सभी छात्रों और शिक्षिकाओं को खेल दिवस के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। विघालय के शिक्षक और शिक्षिकाओं के सहयोग से वार्षिक खेल दिवस सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। राष्ट्रीय गान के साथ वार्षिक खेल दिवस का समापन किया गया।

## श्रीनाथ कॉलेज में एड्स दिवस मनाया गया

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन और श्रीनाथ विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आगामी विश्व एड्स दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रीनाथ विश्वविद्यालय एवं श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य एचआईवी/ एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना और समाज में इसके प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करना है।

# लोकतंत्र के लिए घातक है किसी संगठन का आवाज नहीं उठाना : सरयू राय

- जमशेदपुर सिटीजन फोरम के अभिनंदन समारोह में बोले जमशेदपुर पश्चिम के नये विधायक
- मुद्दों को ठीक से उठाने की प्रवृति धीरे-धीरे कम हो रही है

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सामाजिक मुद्दों को बहुत कायदे से उठाने की जरूरत है। अफसोस है कि अब सामाजिक मुद्दों को उठाने वालों की संख्या बेहद कम हो गई है। जमशेदपुर जैसे शहर में अगर कोई जाम के खिलाफ आवाज उठाता है तो उसे पुलिस नोटिस दे देती है, एफआईआर कर देती है। उस आदमी के लिए सामाजिक संगठनों को आवाज उठानी चाहिए। दुर्भाग्य है कि ऐसे सामाजिक संगठनों की अब कमी हो गई दिखती है। अब कोई किसी के लिए आवाज नहीं उठाता। यह लोकतंत्र के बेहद घातक है। जमशेदपुर में ऐसा ही दिख रहा है। मुद्दों को ठीक से उठाने की प्रवृति धीरे-धीरे कम हो रही है। यह जनता और जनप्रतिनिधि, दोनों के लिए ठीक नहीं है।

उक्त बातें जमशेदपुर पश्चिमी के नवनिर्वाचित विधायक सरयू राय ने कही। वह जमशेदपुर सिटीजन फोरम के तत्वावधान में श्रीकृष्ण सिन्हा संस्थान में आयोजित अपने नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में स्वागत के बाद बात रख रहे थे।

सरयू राय ने कहा कि शहर के मानगो पुल पर लगने वाले जाम को लेकर प्रशासन बहुत गंभीर नहीं है। प्रशासन को और गंभीर होना पड़ेगा। उदासीन है प्रशासन। एक मीटिंग तो अभी प्रशासनिक अधिकारियों ने की है, लेकिन उसका कोई बहुत प्रभाव नहीं दिख रहा है। दरअसल, समस्या की जड़ में मानगो पुल नहीं, टिमकेन चौराहा है। इस चौराहे से ट्रैफिक कम करने के लिए जरूरी प्रयास करने की अतिशीघ्र जरूरत है।



नवनिर्वाचित विधायक सरयू राय का अभिनंदन करते फोरम के हरिबल्लभ सिंह आरसी, एके श्रीवास्तव व अन्य।

उन्होंने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ने कहा था कि कोई पार्टी किसी गलत, कोई बुरा प्रत्याशी केवल इसलिए आपका मत पाने का दावा नहीं कर सकता कि वह किसी अच्छे दल की ओर से खड़ा है। दल के हाईकमान ने ऐसे व्यक्ति को टिकट देते समय पक्षपात किया होगा। अतः ऐसी गलती को सुधारना मतदाता का कर्तव्य है।

श्री राय ने कहा कि पानी को लेकर मारामारी होते रहती है। वह कब से कह रहे हैं कि चांडिल डैम से पानी उठाएं और डिमना में डालें। फिर डिमना से पूरे शहर को सप्लाई करें. मुसाबनी तक पानी चला जाएगा। पूरे शहर में पानी की दिक्कत नहीं होगी। प्यूरीफिकेशन भी पूरा होगा। खर्चा भी नहीं बढ़ेगा। पानी साफ हो जायेगा। सतनाला डैम, डोभो डैम से सीधे पानी जाए तो कांड्रा और मुसाबनी तक पानी चला जायेगा। अगले 100 साल तक किसी को पानी की दिक्कत नहीं होगी। बेहतर योजना बनाने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि दामोदर नद का 95 प्रतिशत शुदिधकरण हो चुका है। स्वर्णरेखा का प्रदूषण दूर करने के लिए पांच स्थानों का चयन किया गया है।

सरयू राय ने कहा कि कानून बनाने का काम विधानसभा और लोकसभा करती है। अगर कानून बन गया और जनहित में नहीं है तो उसके खिलाफ भी जनता को खड़ा होना चाहिए। राम मनोहर लोहिया ने ठीक ही कहा था कि जिंदा कौमें पांच साल तक इंतजार नहीं करतीं। पांच साल क्यों इंतजार करें? आंदोलन छेड़ें। इसके लिए आपमें शक्ति होनी चाहिए।

श्री राय ने कहा कि आज का दौर और जेपी-लोहिया के दौर में बहुत फर्क आया है। पहले की राजनीति में आपराधिक तत्व नहीं होते थे। जो होते भी थे, वह भलमनसाहत के साथ सियासी दलों से जुड़ते थे। अब तो सीधे अपराधी चुनाव लड़ रहे हैं। अपराधी अब किसी को समर्थन देने की बजाए खुद से चुनाव लड़ना ज्यादा पसंद करने लगे हैं, लड़ रहे हैं। यह लोकतंत्र के लिए कत्तई ठीक नहीं है। यह वातावरण राजनीतिक ह्रास को द्योतक है। 70 के बाद राजनीति का अपराधीकरण होने लगा जो आज तक बदस्तूर जारी है। अब स्थिति यह है कि दबंग लोग रास्ते का अतिक्रमण कर रहे हैं।कोई गरीब अगर झोपड़ी बनाना चाहता है, प्रयास करता है तो उसकी झोपड़ी तोड़ने के लिए थाना का थाना फोर्स पहुंच जा रही है। दूसरी तरफ आप देखेंगे तो पायेंगे कि जो दबंग चरित्र के लोग हैं, वो अवैध तरीके से पांच मंजिला, छह मंजिला इमारत भी बना रहा है तो कोई टोकने वाला नहीं। यह गजब की दोहरी स्थिति है।

# सड़क दुर्घटना में हाता के दंपती समेत 3 की मौत, एक व्यक्ति के दोनों पैर टूटे

**खबर मन्त्र टीम**

**जमशेदपुर/पोटका।** 24 घंटे के भीतर हुई दो सड़क दुर्घटनाओं में एक दंपती समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। खासमहल चारखंभा चौक के पास शाम में एक पिकअप वैन ने स्कूटी सवार को चपेट में ले लिया, जिसमें गोपाल महाली की मौत हो गयी। जबकि हाता के हेंसल में एस्सार पेट्रोल पंप के पास एक बाइक सवार दंपती को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें घायल हाता के व्यवसायी अरुण महतो और उनकी धर्मपत्नी उर्मिला की मौत हो गयी।

जमशेदपुर के परसुडीह थाना इलाके में शनिवार शाम करीब 5.30 बजे खासमहल चारखंभा चौक पर एक स्कूटी और पिकअप वैन की सीधी टक्कर हो गई। इस



हाता के व्यवसायी अरुण महतो और उनकी पत्नी उर्मिला की फाइल फोटो।

दुर्घटना में स्कूटी पर सवार 35 वर्षीय गोपाल महाली बुरी तरह घायल हो गया। आनन-फानन में परसुडीह पुलिस की मदद से गोपाल को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इससे पहले की इलाज शुरू होता, डॉक्टरों ने गोपाल को मृत्य घोषित कर दिया।

इसके अलावा इस दुर्घटना में सड़क से गुजर रहे एक दूसरे व्यक्ति के दोनों पैर टूटने की सूचना है। उक्त व्यक्ति को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार पिकअप,वैन चालक कीताडीह निवासी बबलू उरांव शराब के नशे में धूत होकर सुंदरनगर की ओर से तेज गति में आ रहा था।

इधर पाइपलाइन मिस्त्री गोपाल शहर से काम खत्म कर अपने घर पोटका महालीसाईं के लिए जा रहा था। जैसे ही वह चारखंभा चौक के पास पहुंचा पिकपवैन चालक अनियंत्रित होकर गोपाल की मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मारा। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस पिकअप वैन को जब्त कर थाना ले गयी।

दूसरी ओर, पोटका एवं राजनगर थाना के सीमा पर हेंसल में एस्सार पेट्रोल पंप के समीप सड़क दुर्घटना में हाता के व्यसायी अरुण महतो एवं उसकी धर्मपत्नी उर्मिला महतो की दर्दनाक मौत हो गई है। घटना शुक्रवार देर रात लगभग नौ बजे की बताई जा रही है। अरुण महतो अपनी पत्नी उर्मिला के साथ राजनगर के इंटागढ़ गाँव से वैवाहिक समारोह में शामिल हो अपने मोटरसाइकिल से हाता की ओर लौट रहे थे इसी दौरान हाता चाईबासा मुख्य मार्ग पर हेंसल के समीप किसी अज्ञात वाहन ने इनको अपने चपेट में ले लिया जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए .घायलों का इलाज हेतु टीएमएच जमशेदपुर ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

अरुण महतो मूलतः राजनगर थाना क्षेत्र के एडल पंचायत के नाटाइरुली निवासी है। हाता में इनकी वेल्डिंग की दुकान है और वे वर्तमान में हाता में ही घर बनाकर रह रहे थे,अरुण महतो सामाजिक कार्यो में भी अपना योगदान देते थे। इसी को लेकर पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।

## एक नजर में

### जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने किये तिरुपति बालाजी के दर्शन, बाल भी दान किये

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में तिरुमाला पर्वत पर स्थित भगवान श्री तिरुपति बालाजी मंदिर में श्री वेंकटेश्वर प्रभु के दर्शन किये और झारखंड वासियों की खुशहाली और बेहतर स्वास्थ्य की भगवान वेंकटेश्वर से कामना की। यह मंदिर भगवान विष्णु के अवतार श्री वेंकटेश्वर स्वामी को समर्पित है। विधायक ने कहा कि तिरुपति बालाजी का आशीर्वाद लोगों के कल्याण के लिए काम करने के लिए बहुत ऊर्जा देता है।



उन्होंने झारखंड वासियों की खुशहाली और बेहतर स्वास्थ्य की भगवान वेंकटेश्वर से कामना की। उनके साथ सरबजोत भाटिया ने भी दर्शन किये।

### विधायक सरयू राय का कई जगहों पर सम्मान

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के नवनिर्वाचित विधायक श्री सरयू राय को शनिवार को कई स्थानों पर सम्मानित किया गया। श्री राय ने सम्मानित करने वालों के प्रति आभार प्रकट किया है। श्री राय के बिष्टुपुर स्थित आवास/ कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के साकची मंडल के मनोज सिंह, शत्रुघ्न गिरी, सुनील सिंह आदि ने भेंट कर जीत की शुभकामनाएं दी। भाजपा के ही अशोक सिंह, जयकुमार सिंह आदि ने श्री राय से भेंट कर उन्हें जीत की हार्दिक बधाईयां दीं। दोपहर में डिमना के हरि ओम नगर में आयोजित सम्मान समारोह में श्री राय का शानदार स्वागत किया गया। श्री राय का साउथ प्वाइंट स्कूल, मानगो में भी अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया था। दोपहर में ही श्री राय ने बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में अंतरराष्ट्रीय हिंदी साहित्य भारती झारखंड इकाई की प्रस्तुति आये अवध श्रीराम... के विमोचन समारोह में हिस्सा लिया। इस स्मारिका के संपादक डॉ अरुण सज्जन हैं जबकि सह संपादक के रुप में डॉ संगीता नाथ और कवि राकेश कुमार ने योगदान दिया है। श्री राय की जीत की खुशी में उनके समर्थक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने शनिवार की शाम बस स्टैंड, मानगो में लड्डू वितरण किया।उन्होंने बस स्टैंड के सभी काउंटर्स पर लड्डू वितरण किया।

### जीएसटी वार्षिक रिटर्न और संशोधनों पर स्टडी सर्कल मीट आयोजित

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर चार्टर्ड एकाउंटेंट्स सोसाइटी द्वारा शनिवार की शाम को सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड एस्ट्रीजेंट के सभागार में



जीएसटी वार्षिक रिटर्न और जीएसटी में हालिया संशोधन पर एक स्टडी सर्कल मीट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और उनके आर्टिकल्स ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बोकारो से आए सीएस. कौशल अग्रवाल थे, जिन्होंने जीएसटीआर-9 और जीएसटीआर-9सी की बारीकियों को विस्तार से समझाया। उन्होंने जीएसटी में हुए हालिया संशोधनों पर भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यक्रम की शुरूआत सोसाइटी के सचिव सीए आनंद अग्रवाल ने की और अध्यक्ष सीए कौशलेंद्र दास ने सभी का स्वागत किया। अंत में सीए विनीत मेहता ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस कार्यक्रम का लाभ 25 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और 100 से अधिक बच्चों ने उठाया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष सीए सुगम सरायवाला, सीए रवि गुप्ता, सीए राकेश रोशन झा, सीए अंकित अग्रवाल, सीए बिनोद सरायवाला सहित अन्य कई गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। यह कार्यक्रम जीएसटी के मामलों में विशेषज्ञता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

### राजेंद्र विद्यालय में 44वां हिन्दी कविता पाठ और वाक् प्रतियोगिता संपन्न



**जमशेदपुर।** 30 नवंबर को राजेंद्र विद्यालय के प्रांगण में 44 वां वार्षिक हिन्दी कविता पाठ एवं वाक् प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में एलकेजी से लेकर 12 वीं तक के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे वरिष्ठ पत्रकार दुर्योधन सिंह, सक्रेट हार्ट कान्वेंट की सेवानिवृत शिक्षिका माला सिन्हा एवं जेएच तारापोर स्कूल की शिक्षिका अपर्णा कुमारी। प्रतियोगिता के परिणाम : एलकेजी में आव्या डागा प्रथम,तिशा द्वितीय और देवर्श तृतीय रहे। कक्षा 1 से दो के लिए आयोजित प्रतियोगिता में रुद्र राज सिंह-प्रथम, प्रश्रय राज सिंह-द्वितीय और सुजॉय पांडा-तृतीय रहे। कक्षा 3 से 4 के लिए आयोजित प्रतियोगिता में आराध्या-प्रथम, अदृशा-द्वितीय और अंजलि कर-तृतीय रहे। कक्षा पांच एवं छह के लिए आयोजित प्रतियोगिता में अक्षय कीर्ति कमल-प्रथम, ऋषिका सिंह-द्वितीय और मन्हा साजिद-तृतीय रहे। कक्षा 7 एवं 8 के लिए आयोजित प्रतियोगिता में सुमन पांडा-प्रथम,रिया कुमारी-द्वितीय और आद्या-तृतीय रहे। कक्षा 9 एवं 10 के लिए आयोजित प्रतियोगिता में अरित्रिय राय-प्रथम,संपर्णा दास-द्वितीय और अनुष्का सिंह-तृतीय रहे। कक्षा 11 एवं 12 के लिए आयोजित प्रतियोगिता में निखिल पांडेय-प्रथम,देवराज मिश्रा-द्वितीय और रश्मि तृतीय स्थान पर रहीं।

# आंगनबाड़ी के बच्चों में गरम पोशाक का हो रहा है वितरण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- राज्य सरकार द्वारा शत प्रतिशत नामांकित बच्चों के बीच गरम पोशाक वितरण का है निदेश प्राप्त

**जमशेदपुर।** राज्य सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकित बच्चों के बीच गरम पोशाक बांटा जा रहा है। ठंड को देख आंगनबाड़ी में नामांकित 03-06 वर्ष के शत प्रतिशत बच्चों के बीच 2 सेट गरम पोशाक दिया जा रहा। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त ने समाज कल्याण पदाधिकारी को निर्देशित किया है कि बाल विकास परियोजना कार्यालय के माध्यम से सतत अनुश्रवण करते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को गरम पोशाक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।



साथ ही सभी बच्चे पूरे ठंड के मौसम में गरम पोशाक पहन कर ही केंद्रों में आयेंगे। गौरतलब है कि जिला में कुल 44192 बच्चों के बीच गरम पोशाक बांटा जाना है जिसमें 03-04 वर्ष तक के 16899 बच्चे, 04-05 वर्ष के 16569 बच्चे व 05-06 वर्ष के 10724 बच्चे शामिल हैं।

# चौकीदार भर्ती परीक्षा आज दिन के 11 बजे से, प्रशासन की तैयारी पूरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों पर दो घंटा पहले पहुंचने का निर्देश
- प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग संपन्न

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल के निदेर्शानुसार 1 दिसम्बर 2024 को आयोजित चौकीदार भर्ती लिखित परीक्षा के दौरान शांति एवं विधि व्यवस्था संधारण के साथ-साथ निष्पक्ष, कदाचार मुक्त, स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन हेतु प्रतिनियुक्त स्टैटिक, गश्ती, उड़नदस्ता, पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग समाहरणालय सभागार में हुई।

ब्रीफिंग की अध्यक्षता करते हुए एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री अनिकेत सचान ने कहा दिनांक 1 दिसम्बर 2024 को आयोजित चौकीदार भर्ती की लिखित परीक्षा पूर्वाहन 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक जिला के कुल 13 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित किये जाऐंगे। परीक्षा के दौरान शांति एवं विधि व्यवस्था संधारण के साथ-साथ निष्पक्ष, कदाचार मुक्त, स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन करना प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी परीक्षा केन्द्रों में सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी, इसके अलावे वीडियोग्राफर की प्रतिनियुक्ति भी की जाएगी। परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक गेजेट्स पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी, परीक्षार्थियों के प्रवेश के पूर्व प्रत्येक परीक्षार्थियों का फ्रीस्किंग की जायेगी। उन्होने प्रतिनियुक्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित समय से 2 घंटे पूर्व अपने निर्धारित स्थान पर पहुंच जाए। बज्रगृह से परीक्षा केन्द्र तक परीक्षा संबंधी कागजातों की निर्वाध एवं समय पर पहुंचे यह सुनिश्चत कराये। इसके अलावे परीक्षा के सफल संचालन हेतु परीक्षा नियंत्रण कक्ष संचालित रहेगा, जिसका दूरभाष नम्बर 0657- 2440111/ 70042 19058 जारी किया गया है।

# शाहिल और सोनी का हुआ प्लेसमेंट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बी ए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, घुटिआ, जमशेदपुर के इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग की प्रतिभाशाली छात्र शाहिल शमीम का चयन प्रमुख जीवन रक्षक गैस मैन्युफैक्चरिंग कंपनी मेसर्स लिंडे इंडिया लिमिटेड में ग्रेजुएट अपरेंटिस के पोजीशन पर आकर्षक पैकेज में हुआ है। कंपनी द्वारा इसका साक्षात्कार 19 नवम्बर को हुआ था और ये 2 दिसंबर से कंपनी के जमशेदपुर प्लांट में ज्वाइन करेगा।

दूसरी, सिविल इंजीनियरिंग विभाग की छात्रा सोनी कुमारी का चयन ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी के पद पर मेसर्स मनुपमा टेक्नोलॉजीस में हुआ, जिसका साक्षात्कार 23 नवंबर को कंपनी के एच आर ऑफिस में हुआ था और ये 2 दिसंबर को ज्वाइन करेगी। ये दोनों के चयन पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ शिव कुमार सिंह, प्राचार्य डॉ संजय कुमार रॉय, प्लेसमेंट अधिकारी श्री राहुल सिंह एवं सभी प्रोफेसर्स ने बधाई तथा उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

बीएसीइटी




# सोनारी में 21 को होगा 22वां भव्य श्याम वार्षिक महोत्सव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सोनारी स्थित जूनियर कारमेल स्कूल के पीछे मैदान में 21 दिसंबर शनिवार को भव्य 22वां श्री श्याम वार्षिक महोत्सव मनाने हेतु तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इसका आयोजन श्री श्याम सेवा संघ सोनारी करेगा। संस्था के अध्यक्ष अशोक दीवान ने बताया की श्याम बाबा का भव्य दरबार तैयार करने हेतु पश्चिम बंगाल से 7 लोगो की टीम आयेगी। हजारों श्याम भक्तों के बैठने हेतु भव्य पंडाल का निर्माण सहित आकर्षक विद्युत सज्जा



होगी। साज मे कोलकाता के अंकित पोद्दार ग्रुप की पुरी टीम भक्तो को झूमने पर मजबूर कर देगी। इस वर्ष भजनो की अमृत वर्षा हेतु बिकानेर राजस्थान से प्रवेश शर्मा, कोलकाता से जयंत व्यास, टाटानगर से महाबीर अग्रवाल को आमंत्रित किया गया है।

# एड्स पीड़ितों के लिए अब दवाएं उपलब्ध, पर सतर्कता ही एकमात्र उपाय

**डॉ किरण कुमरे,**

- विश्व एड्स दिवस के अवसर पर विशेष आलेख

**जमशेदपुर।** विश्व एड्स दिवस हर वर्ष 1 दिसंबर को मनाया जाता है। इस वर्ष, 2024 की थीम है- सही अधिकार का चयन करें: मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार! यह थीम नागरिकों और वैश्विक नेतृत्वकर्ताओं को उन असमानताओं को खत्म करने के लिए प्रेरित करता है, जो इस गंभीर बीमारी को खत्म करने में बाधा बन रही हैं। एचआईवी का पूरा नाम ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस है। यह हमारे शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को नुकसान पहुंचाता है, खासकर उन श्वेत रक्त कोशिकाओं को जो संक्रमण से लड़ने में मदद करती हैं। इससे हमारा शरीर अन्य संक्रमणों और बीमारियों के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाता है। एड्स का पूरा नाम एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिशिएंसी सिंड्रोम है। यह संक्रमण के अंतिम चरण को दर्शाता है। यह तब होता है जब वायरस के कारण शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली गंभीर रूप से कमजोर हो जाती है। **(लेखक टाटा मेन हॉस्पिटल के त्वचा रोग विभाग की स्पेशलिस्ट हैं।)**



**डॉ किरण कुमरे।**

**निम्नलिखित तरीकों से किसी भी व्यक्ति में फैल सकता है एड्स**

- एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के साथ बिना सुरक्षा के (अर्थात कंडोम या एचआईवी से बचाव के लिए दवाओं का उपयोग किए बिना) यौन संबंध बनाने से। यह एड्स फैलने का सबसे सामान्य तरीका है।
- दवाओं के सेवन के लिए सुइयों के साझा उपयोग से।
- एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के खून के संपर्क में आने से।
- गर्भावस्था, प्रसव या स्तनपान के दौरान मां से बच्चे में संक्रमण के जरिए।

**एड्स के लक्षण :-** एचआईवी संक्रमण के शुरूआती लक्षण फ्लू जैसे हो सकते हैं, जैसे बुखार, ठंड लगना, चक्कर आना, रैश, रात को अत्यधिक पसीना आना, मांसपेशियों में दर्द, गले में जलन, थकावट, सूजे हुए लिम्फ नोड्स और मुंह में छाले। ये लक्षण आमतौर पर दो से चार हफ्तों तक आते जाते हैं। इस चरण को तीव्र एचआईवी संक्रमण कहा जाता है।

**संक्रमण की अवधि :-** यदि संक्रमण का समय पर इलाज नहीं किया जाता, तो यह क्रोनिक एचआईवी संक्रमण में बदल जाता है। इस अवस्था में अक्सर कोई लक्षण नहीं दिखाई देते। लेकिन अगर इलाज नहीं किया गया, तो वायरस धीरे-धीरे हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर देता है। इसके परिणामस्वरूप संक्रमण एड्स में विकसित हो जाता है, जो एचआईवी संक्रमण का अंतिम और सबसे गंभीर चरण है। जब हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली अत्यधिक क्षतिग्रस्त हो जाती है।

**एचआइवी का निदान और उपचार :-** एचआईवी का निदान एक सरल रक्त परीक्षण से किया जा सकता है, और इसका उपचार एंटीरेट्रोवायरल थेरैपी (एआरटी) द्वारा किया जाता है। एआरटी एचआईवी संक्रमण को एक नियंत्रित और प्रबंधनीय स्थिति में बदल सकता है, जिससे व्यक्ति सामान्य जीवन जी सकता है। इसके अलावा, यह वायरस के दूसरों तक फैलने के जोखिम को भी कम करता है। एआरटी के साथ-साथ, एक पोषक तत्वों से भरपूर आहार, परिवार और दोस्तों का समर्थन, और मानसिक समर्थन भी स्वस्थ जीवन जीने के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं।

## स्पीड न्यूज

### पांकी : नूरू वार्ड सदस्य के घर में लगी आग मुखिया ने दिया हरसंभव मदद का भरोसा



पांकी पलामू। प्रखंड के नूरु वार्ड सदस्य यशवंत यादव के घर में आग लग गयी। इसमें घर और वहां रखे आधे से अधिक धान और अन्य सामान जलकर राख हो गये। यशवंत के पिता बैजनाथ यादव एक किसान हैं। जानकारी के अनुसार उन्होंने धान और पुआल घर के बाहर रखा था। अचानक पुआल में आग लग गयी। देखते ही देखते आग की लपटें इतनी तेज हो गयी कि धान और यशवंत का घर आग की चपेट में आने लगा। जानकारी मिलने पर ग्रामीणों की मदद से आग को बुझाया गया, लेकिन तब तक घर के सारे सामान जल गये। इस अगलगी में प्रभावित किसान को भारी नुकसान हुआ है। जानकारी पाकर मुखिया प्रमिला देवी घटनास्थल पहुंचीं और हरसंभव मदद व मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

### जयराम महतो की जीत पर जेएलकेएम के कार्यकर्ताओं ने निकाला भव्य जुलूस



मेदिनीनगर। टाइगर जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम के पलामू जिलाध्यक्ष दिलीप मेहता के नेतृत्व में डुमरी विस से जयराम की जीत की खुशी में विजय जुलूस निकाला। जुलूस राजेंद्र चौक से होते अंबेडकर पार्क जाकर समाप्त हुआ। जुलूस में कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े और इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाये। दिलीप ने कहा कि झारखंड में आने वाला समय जयराम की पार्टी का होगा; क्योंकि लोग सभी पार्टियों से ऊब चुके हैं। झारखंडी माटी की पार्टी ही इस प्रदेश का विकास करेगी। मौके पर कई कार्यकर्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये। डीजे से जयराम की गीत पर कार्यकर्ताओं ने जश्न भी मनाया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष अजीत कुमार, समिति सदस्य प्रभात कुमार, महामंत्री केदारनाथ अरुण वर्मा, अमरेश मेहता, सोनू गुप्ता, ओमप्रकाश जायसवाल, अंकित शुक्ला के अलावा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

### ट्रैफिक प्रभारी ने चलाया सघन जांच अभियान, कई वाहनों को किया जब्त



मेदिनीनगर। ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने सादिक चौक पुल के पास और छह मुहान पर सघन जांच अभियान चलाया। चार पहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन टेंपो का जांच किया गया। जो टेंपो अपने निर्धारित रूट पर नहीं चल रहे हैं और अपने टेंपो ई रिक्शा पर अपने रूट का पता नहीं लिखे हैं। बार-बार टेंपो चालक को समझाया जा रहा है और अपने अपने टेंपो ई रिक्शा पर अपना निर्धारित रूट नहीं लिख रहे हैं और अपने टेंपो को जहां-तहां रूट पर जबरदस्ती चला रहे हैं। वैसे टेंपो को जप्त किया जा रहा है। जिसमें दो पहिया वाहन के कुछ चालक बगैर हेलमेट बिना लाइसेंस और कुछ ट्रिपल लोड थे। 17 दोपहिया गाड़ी को व्यवहार न्यायालय पलामू चालान फाइन हेतु भेजा गया है। 21 टेंपो एवं ई रिक्शा सवारी गाड़ी को जिला परिवहन कार्यालय चालान फाइन हेतु भेजा गया है। उन सभी गाड़ियों को जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया है। शनिवार को जिला परिवहन कार्यालय पलामू में चालान फाइन हेतु भेजा गया है। व्यवहार न्यायालय पलामू से 20 दोपहिया वाहन गाड़ियों का चालान फाइड राशि 87000 हजार रुपये आया है। ट्रैफिक प्रभारी ने कहा कि यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले, निर्धारित स्थान पर टेंपो नहीं लगाने वाले, ट्रिपल लोड, बिना हेलमेट और ड्राइवरी लाइसेंस के बाइक चलाने वाले चालकों के खिलाफ जांच अभियान जारी रहेगा। पकड़े जाने पर चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी की जायेगी।

### पलामू टीम ने खूंटी को हरा लगातार तीसरे दिन भी जीत का परचम लहराया

मेदिनीनगर। धनबाद में आयोजित जिलास्तरीय क्रिकेट अंडर 14 में पलामू की टीम ने शनिवार को तीसरे दिन खूंटी जिला टीम को हराकर लगातार जीत का परचम लहराया है। पलामू और खूंटी जिला टीम के बीच मैच खेला गया। जिसमें पलामू टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। पलामू ने खूंटी को 142 रनों के स्कोर पर ढेर कर दिया जिसमें बॉलर प्रकाश राज सिंह ने 4,ऋषभ 2,सुमित 2 विकेट लिया। गेंदबाज आयुष प्रताप सिंह ने बेहतरीन गेंदबाजी की । जवाबी पारी खेलने उतरी पलामू की टीम ने 28.3 ओवर में 143 रन बना कर खूंटी जिला टीम के खिलाफ जीत हासिल की। पलामू की तरफ से नमन नारायण ने 20 रन,सूरज ने 26 रन और सौरभ ने 20 रनों की अहम पारी खेली और टीम को जीत दिलायी। मौके पर पलामू क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सुधीर कुमार सिंह, संयुक्त सचिव शशांक राज, आर्यस क्रिकेट अकादमी के संचालक हिमांशु तिवारी, टीम मैनेजर दीप प्रकाश उपाध्याय, पलामू कोच कुमार सर्वेश तथा लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) पलामू अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने पलामू जिला टीम के खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी।

### छह सूत्री मांगों को लेकर एनपीयू शिक्षकेतर कर्मचारियों ने दिया धरना




मेदिनीनगर। झारखंड विश्वविद्यालय व महाविद्यालय शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ के बैनर तले छह सूत्री मांगों को लेकर कर्मचारियों ने नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना दिया। धरना की अध्यक्षता करते हुए ओमप्रकाश तिवारी ने कहा कि झारखंड राज्य में विनोबा भावे विवि में कार्यरत कर्मियों को जब एसीपी, एमएसीपी का भुगतान किया जा रहा है तो एनपीयू के कर्मचारियों को इसका लाभ क्यों नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार से अनुमोदन के प्रत्याशा में शिक्षकेतर कर्मचारियों को सितंबर 2024 से सातवां वेतन का लाभ क्यों नहीं दिया जा रहा है। इसका जवाब विश्वविद्यालय प्रशासन को देना चाहिए। उन्होंने कहा कि विवि प्रशासन अपनी हरकतों से बाज आये वरना आंदोलन को तेज किया जायेगा। धरना को संबोधित करते हुए महामंत्री रविशंकर ने कहा कि शिक्षकों से ज्यादा काम कर्मचारी द्वारा किया जाता है इसके बावजूद भी कर्मचारी साजिश के शिकार होते हैं। उन्होंने कहा कि लेखापाल, प्रधान सहायक को वेतन क्यों नहीं लागू किया जा रहा है। इसके साथ भी एनपीयू के विभिन्न कॉलेजों में कांट्रेक्ट स्टाफ काम कर रहे हैं उनके स्थान पर स्थाई कर्मी नियुक्त किया जाये।

# पलामू-गढ़वा के छूटे हुए गांवों में शीघ्र बहाल होगी बिजली : सांसद

■ टोलों और गांवों में बिजली के लिए सर्वेक्षण का कार्य हुआ प्रारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



विष्णुदयाल राम, पलामू सांसद।

मेदिनीनगर। सांसद विष्णु दयाल राम के अथक प्रयासों के फलस्वरूप पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दोनों जिले क्रमशः पलामू एवं गढ़वा के छूटे हुए गांवों एवं टोलों में शीघ्र बिजली आपूर्ति की व्यवस्था करने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। ऐसे टोलों एवं गांवों के सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ हो गया है। इसकी जानकारी देते हुए सांसद ने कहा कि पूर्व में उन्होंने इसके लिए लोकसभा में शून्य काल के अंतर्गत मामले को उठाया था एवं तत्कालीन केन्द्रीय विद्युत मंत्री आरके सिंह सिंह को पत्र लिखकर एवं व्यक्तिगत रूप से मिलकर अनुरोध किया था। विदित है कि गढ़वा शहर, मेदिनीनगर शहर के अलावा भी छोटे-छोटे शहरों में भी बिजली आपूर्ति की व्यवस्था भारत सरकार के द्वारा संचालित रेवामपड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के अंदर की जा रही है। साथ ही दोनों जिलों के प्रखंडों एवं गांवों में मुख्यमंत्री उजाला झारखंड योजना के तहत बिजली आपूर्ति की व्यवस्था की जा रही है। सांसद श्री राम ने कहा कि उम्मीद है कि उक्त बिजली योजनाओं के कार्य के पूर्ण होते ही बहुत जल्द ही छूटे हुए गांवों एवं टोलों में भी निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित हो जायेगी। इसकी जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने दी।

# शहर को फुटपाथ मार्केट और प्रदर्शनी हॉल की आवश्यकता : अरुणा शंकर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

मेदिनीनगर। बेलवाटिका चौक पर पर कश्मीरी वूलन मार्केट का शुभारंभ मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने किया। मौके पर प्रथम महापौर ने कहा कि एक समय था कि जब हम कश्मीर जाते थे तो वहां से कश्मीरी कपड़ा खरीद कर यहां अपने पारिवारिक एवं मित्रों को उपहार देने के लिए लाते थे या खुद पहनते थे। आज हमारा शहर इतना बड़ा हो चुका है कि कश्मीरी एवं भूटानी लोग आकर कश्मीर और भूटान का कपड़ा हमारे यहां बेचकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं, जिसकी मुझे खुशी है।





फीता काटकर उद्घाटन करतीं प्रथम महापौर अरुणा शंकर व अन्य।

**खास बातें :** प्रथम महापौर ने कहा कि इस बार मुझे महापौर बनने का निगम की जनता ने आशीर्वाद दिया तो जहां फुटपाथ व्यवसायियों के लिए शहर के बीच स्टेट बस डिपो के बगल में खाली पड़ी जमीन पर एक शानदार फुटपाथ व्यवसायियों के लिए मार्केट दिया जायेगा। वहीं दूसरे राज्य से आकर हम सबों के बीच अच्छी वस्तुएं बेचने या प्रदर्शनी लगाने वाले व्यवसायियों के लिए प्रदर्शनी हॉल भाड़े पर दी जायेगी जिसमें उन छोटे व्यवसायियों को रहने की भी व्यवस्था होगी। प्रथम महापौर ने कहा कि मेरे कार्यकाल में पारित किया गया। फुटपाथ एवं नालियों पर बैठकर व्यवसाय करने वाले सब्जी विक्रेताओं हेतु बड़ा तालाब के समीप सब्जी मार्केट का जिसका टेंडर हो चुका है। आशा है कि जल्द निगम वासियों को निगम तोहफे मैं देगा। मौके पर विशिष्ट अतिथि वार्ड पार्षद प्रदीप अकेला, पूर्व सैनिक बृजेश शुक्ला, संजू शुक्ला, विराज अहमद, सबज़र अहमद मलिक, जावेद अहमद, धीरज चंद्रवंशी, सुनील गुप्ता एवं कई व्यवसायी उपस्थित थे।

# सुजीत सिन्हा गैंग ने की क्रशर प्लांट पर फायरिंग, पांच अरेस्ट

■ चार हथियार बरामद, पूछताछ के लिए एटीएस ले गयी अरोपियों को

**खबर मन्त्र संवाददाता**

चैनपुर पलामू। थाना क्षेत्र के दोकरा में क्रशर प्लांट पर सुजीत सिन्हा गैंग के अपराधियों ने हवाई फायरिंग कर दहशत मचा दी। नकाबपोश अपराधी गोली चलाने के बाद फरार हो गये। सूचना मिलने पर चैनपुर थाना पुलिस कार्रवाई में जुटी एवं पांच अपराधियों को गिरफ्तार करते हुए चार हथियार बरामद किया। घटनास्थल से खोखा भी बरामद किया गया है। घटना शुक्रवार रात



इसी क्रशर प्लांट में की गयी थी फायरिंग।

10.30 बजे की है। बताया जाता है कि सात की संख्या में चेहरे को ढंक कर पहुंचे अपराधियों ने क्रशर प्लांट में पहुंचते ही दरवाजे पर आग ताप रहे गार्ड को कब्जे में लेकर किनारे ले गए और फिर ताबड़तोड़ सात राउंड गोली चलायी। घटना की सूचना मिलने पर चांदो पुलिस पिकेट से पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और छानबीन में जुट गए हैं। मौके से तीन खोखा पुलिस को मिला है। पुलिस गोलीबारी में शामिल अपराधियों की तलाश में जुटी एवं कुछ देर के भीतर पांच को पकड़ा। क्रशर प्लांट के मैनेजर पंकज महतो ने शनिवार को बताया कि घटना उस समय हुई जब प्लांट में डेढ़ दर्जन कर्मी काम कर रहे थे।

**खास बातें :** गोली चलाने से पहले या बाद में किसी तरह की रंगबाजी नहीं मांगी गयी है। अचानक आकर गोली चलायी गयी। घटना से कर्मियों में दहशत है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगायी है। पंकज ने बताया कि रांची के अशोक धानुका का क्रशर प्लांट है। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने घटना की पुष्टि करते हुए पत्रकारों को बताया कि पांच अपराधी पकड़े गये हैं। अपराधियों के पास से चार हथियार भी बरामद किये गये हैं। मामले में छानबीन की जा रही है। गिरफ्तार अपराधियों से एटीएस की टीम भी पूछताछ करेगी। वहीं, रांची के फायरिंग मामले में एटीएस की टीम भी जांच कर रही है। गिरफ्तार अपराधियों का संबंध सुजीत सिन्हा गिरोह से हैं। अपराधियों से पूछताछ की जा रही है। कई इलाकों में सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

# सतबरवा के करमा से भारी मात्रा में कफ सिरप के साथ तस्कर गिरफ्तार

### तस्करों ने बदला तरीका, नशा के रूप में करता था कफ सिरप की तस्करी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

सतबरवा/नीलांबर पीतांबरपुर। लेस्लीगंज पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के करमा गांव से प्रतिबंधित कफ सिरप की बड़ी खेप बरामद की है। साथ ही सप्लायर मो नवाज अंसारी को भी गिरफ्तार किया है। बरामद नशीली दवा लाखों की बतायी गयी है। लेस्लीगंज एसडीपीओ मनोज झा ने शनिवार को लेस्लीगंज थाना में कहा कि 30 नवंबर की सुबह 5 बजे लेस्लीगंज पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि करमा गांव स्थित मस्जिद के पास मो नवाज अंसारी अपने घर से नशे के लिए प्रतिबंधित सिरप की बिक्री कर रहा है।



जानकारी देते प्रशासनिक अधिकारी व अन्य।

**खास बातें :** सूचना मिलते ही एक छापामारी दल गठित किया गया। दल ने करमा में मस्जिद के पास स्थित मो नवाज के घर छापा मारा। यहां से 100 एमएल की 900 सिरप की बोतलें बरामद हुईं। इनमें कोडीन फॉस्फेट और ओनेरेक्स सिरप की बोतल शामिल है। एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी सप्लायर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पलामू पुलिस नशे के कारोबार को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि ऐसी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इधर, जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि आरोपी सप्लायर थोक विक्रेता के तौर पर काम करता था जिले में रिटेलर कारोबारी को प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप उपलब्ध कराता था। प्रत्येक बोतल पर 100 से 200 की कमाई होती थी। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, लेस्लीगंज मनोज कुमार झा, लेस्लीगंज के थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता, स.अ.नि. अजय कुमार और अरुण कुमार बाउरी, जवान शक्ति कुमार सिंह, हरेन्द्र राम, देवबली सिंह, मदन कुमार सिंह, रंजीत कुमार साव शामिल थे।

## प्रतिस्पर्धा में तकनीक शिक्षा से बच्चों में होगी दक्षता की वृद्धि : मुकेश सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ निःशुल्क कंप्यूटर सह बेसिस क्लासेस किशुनपुर ब्रांच का उद्घाटन



पाटन पलामू। प्रखंड के किशुनपुर में निःशुल्क कंप्यूटर बेसिस क्लासेस का मानवाधिकार सहायता संघ जिला अध्यक्ष अविनाश कुमार (मुकेश) सिंह एवं समाजसेवी लालदेव मेहता ने संयुक्त रूप से फीता काट कर उदघाटन किया। मौके पर मुकेश सिंह ने कहा कि इसे असहाय बच्चे जो सुविधा के कारण अपने सपने को पूरा नहीं कर पाते थे। यह सेंटर खुलने से गरीब बच्चे को अपने सपने को साकार करने का मौका मिला है। कहा कि वर्तमान समय व प्रतियोगिता के युग में तकनीक शिक्षा समय की मांग है। तकनीक शिक्षा से बच्चों की दक्षता बढ़ेगी। गुणवतापूर्ण शिक्षा आज सभी छात्रों के लिए अनिवार्य बन गयी है। आधुनिक समय में कंप्यूटर तथा बेसिस क्लासेस के माध्यम से कई प्रकार के रोजगार और तैयारी करने में मदद मिलेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ तकनीकी शिक्षा में भी बच्चों को दक्ष होना पड़ेगा।

## सीता +2 विद्यालय के चहारदीवारी पुनर्निर्माण में अनियमितता व घटिया सामग्री लगाने का आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

हरिहरगंज पलामू। प्रखंड के सीता प्लस टू उच्च विद्यालय में चहारदीवारी पुनर्निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें संवेदक द्वारा घटिया निर्माण कराये जाने का मामला प्रकाश में आया है। कार्यस्थल पर योजना का बोर्ड नहीं लगा है। जिससे निर्माण कार्य एजेंसी, प्राक्कलित राशि, संबंधित विभाग आदि की जानकारी लोगों को नहीं है। वहीं स्थानीय लोगों ने घटिया सामग्री का प्रयोग करने एवं अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है। जिसमें पुरानी चहारदीवारी के इंट का प्रयोग करने का आरोप है। साथ ही मिट्टी युक्त बालू तथा घटिया क्वालिटी की गिट्टी का प्रयोग



किया जा रहा है। हरिहरगंज मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि यह विद्यालय हरिहरगंज प्रखंड का एकमात्र प्लस टू विद्यालय है। यहां हजारों छात्र छात्राएं शिक्षा ग्रहण करते हैं। वर्षों प्रतिक्षा के बाद चहारदीवारी का निर्माण कराया जा रहा है। परंतु चहारदिवारी निर्माण में निम्न गुणवत्ता का सामग्री का उपयोग किया जाना घोर अनियमितता है। इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुसार होना चाहिए।

### जिप सदस्य संग्राम सिंह मिट्टी मंजिल में शामिल



पाटन पलामू। प्रखंड के केल्हार मुखिया जैनुल सिद्दीकी के भाई के इंतेकाल की सूचना मिलने के बाद पाटन जिप सदस्य जयशंकर कुमार सिंह (संग्राम सिंह) उनके मिट्टी मंजिल में शामिल हुए। श्री सिंह ने मुखिया के भाई के निधन पर गहरी शोक सवेदना जताया है। कहा कि इनके भाई का निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

### सगुना में दलितों की पिटाई अनुचित : संदीप सरकार



पाटन पलामू। युवा नेता सह छतरपुर पाटन विस के पूर्व प्रत्याशी संदीप सरकार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि पाटन थाना अंतर्गत सगुना में गरीब दलित महिला तथा पुरुषों को पाटन थाना प्रभारी के द्वारा बेरहमी से की गयी पिटाई अनुचित व गलत है। इसकी जितनी भी निंदा की जाये कम होगा। उन्होंने एसपी से मांग करते हुए कहा कि एक सप्ताह के भीतर थाना प्रभारी पर कार्रवाई नहीं की गयी, तो वे जनता के साथ मिलकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इसकी सारी जवाबदेही प्रशासन की होगी।

## मासिक लोक अदालत में 30 मामले का किया गया निपटारा

■ एक लाख 54 हजार 278 रुपये का मामला सेटल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

मेदिनीनगर। व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें सुलह समझौते के आधार पर 30 मामले का निस्तारण किया गया । वहीं एक लाख 54 हजार 278 रुपए का मामला सेटल हुआ। लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले 10 पीठो का गठन किया गया था। प्रथम पीठ में कुटुंब न्यायालय से संबंधित मामले का निस्तारण कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास व अधिवक्ता बीना मिश्रा कर रहे थे। द्वितीय पीठ में विद्युत विभाग से संबंधित मामले का निस्तारण जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम विनोद कुमार सिंह व अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय कर रहे थे। पीठ संख्या तीन सभी सेशन कोर्ट के सम्बंधित मामले का निस्तारण जिला व अतिरिक्त न्यायाधीश चतुर्थ अखिलेश कुमार व अधिवक्ता अमिताभ चन्द्र सिंह का रहे थे।

## हमारी परंपरा को सहेज रही बेटियों का लोक व साहित्यिक नृत्य : अविनाश देव

■ संत मरियम के छात्रों का नृत्य प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मेदिनीनगर। संत मरियम आवासीय विद्यालय परिसर में उच्चतम कक्षाओं के छात्रों के लिए नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां निर्णायक के रूप में मौजूद पलामू के नृत्य जगत को नई ऊंचाई देकर नये कीर्तिमान स्थापित कर चुके निदेशक सुजीत कुमार, विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव, संगीत प्रशिक्षक श्याम किशोर पांडे, समन्वयक रिजवाना परवीन, विकास विश्वकर्मा, नृत्य शिक्षिका पूजा चंद्रवंशी व अन्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने लोक नृत्य, साहित्यिक नृत्य, पारंपरिक मैथिली नृत्य जैसे कई नृत्य का प्रदर्शन किया। निर्णायक श्री सुजीत ने छात्र-छात्राओं का शानदार प्रदर्शन को सराहा तथा बच्चों के बेहतरीन प्रदर्शन के अनुसार प्रथम द्वितीय व तृतीय पुरस्कार के लिए चयनित किया, जहां प्रीति कुमारी प्रथम स्थान, सोनी कुमारी द्वितीय स्थान पर रही।

### मानवाधिकार आयोग टीम पहुंची बालिका गृह सुदना



■ बच्चियों ने बालिका गृह के प्रबंधक पर लगाया छेड़छाड़ व शारीरिक संबंध बनाने का आरोप

मेदिनीनगर। मानवाधिकार आयोग पलामू बोर्ड संगठन की टीम सुदना स्थित बालिका गृह पहुंची। टीम की अध्यक्ष संध्या देवी, सचिव सह वार्ड पार्षद चंचला देवी, सहायक सचिव किरण कुमारी, को-ऑर्डिनेटर शीला कुजूर ने बालिका गृह के बच्चियों का हाल जाना। बच्चियों ने बताया कि बालिका गृह के प्रबंधक राम प्रताप गुप्ता घर के काम हेतू बच्चियों को अपने घर ले जाते हैं। इसी क्रम में बच्चियों से छेड़छाड़ व शारीरिक संबंध बनाते हैं। आयोग की टीम ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई करने की बात कही। साथ ही टीम ने कहा कि बालिका गृह में बच्चियों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए रखा जाता है, लेकिन जब रक्षक ही भक्षक बन जाये तो क्या कहा जाये। टीम ने पहल करने की बात बच्चियों से कही।

# हुसैनाबाद के राजद विधायक संजय सिंह यादव की जीत पर निकला भव्य जुलूस

■ हजारों हजार की संख्या में समर्थकों ने उड़ाये अबीर गुलाल

■ फूल माला ढोल बाजा की धुन पर समर्थकों ने नारा लगाया

■ जनता ने असीम आशीर्वाद दिया है हुसैनाबाद के सम्मान को झुकने नहीं देंगे : विधायक

**खबर मन्त्र संवाददाता**





हुसैनाबाद पलामू। झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में हुसैनाबाद हरिहरगंज विस क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक संजय सिंह यादव के ऐतिहासिक जीत पर शनिवार को जन आशीर्वाद आभार यात्रा निकाली गयी। इससे पूर्व उन्होंने अपने पैतृक घर शहर के पुरंदर बिगहा में पूजा अर्चना की। लोगों ने फूल माला पहनाकर अपने विधायक को बधाई दी। वहीं हजारों की संख्या में समर्थक अपने क्षेत्र से ढोल नगाड़ों व बाजा गाजा के साथ जुलूस में थिरकते दिखे। लोग लालू यादव जिंदाबाद, तेजस्वी राबड़ी जिंदाबाद व हेमंत सोरेन जिंदाबाद, हुसैनाबाद की एकता जीत गयी... आदि नारे भी लगा रहे थे। आशीर्वाद आभार यात्रा में विधायक ने हाथ जोड़ कर सबका अभिवादन किया। ब्लॉक परिसर में पूर्व विधायक हरिहर सिंह, जननायक जय प्रकाश नारायण को माल्यार्पण किया। इसके बाद शहर के मुख्य मार्गों में भ्रमण कर संविधान निर्माता बाबा भीम राव अंबेडकर को माल्यार्पण कर शहर में मुख्य पूजा स्थल हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर लोगों के जनकल्याण का आशीर्वाद मांगा। वहीं मुख्य बाजार में जगह-जगह लोगों ने फूल माला पहनाकर आशीर्वाद दिया। यात्रा गांधी चौक होते पुरानी बाजार इमामबाड़ा, लंबी गली इस्लामगंज होते हुए पटेल चौक पर लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर लोगों को अभिवादन किया। इसके बाद यह यात्रा हैदरनगर के लिए प्रस्थान कर गयी।

# जिले में 15 से होगी धान अधिप्राप्ति, डीसी ने बैठक कर संलग्न पदाधिकारी को दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

मेदिनीनगर। जिले में 15 दिसंबर से धान अधिप्राप्ति किया जाना है। शत-प्रतिशत धान अधिप्राप्ति करने को लेकर जिले के उपायुक्त शशि रंजन गंभीर हैं। इसी के तहत उन्होंने अपने कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक की जिसमें जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी को धान अधिप्राप्ति को लेकर निर्देशित किया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को किसानों का निबंधन ईउपार्जन पोर्टल पर सुनिश्चित करने पर बल दिया। खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में राज्य मुख्यालय द्वारा जिला के लिए 02 लाख क्विंटल धान क्रय का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। धान खरीद के लिए अधिकतम सीमा प्रति किसान 200 क्विंटल तक निर्धारित है। अबतक ईउपार्जन पोर्टल पर 12 हजार से अधिक किसानों ने अपना निबंधन कराया है। जिले के कुल 38 पैक्स केंद्रों पर धान अधिप्राप्ति की जायेगी।

### दो लाख क्विंटल धान क्रय का लक्ष्य, 38 पैक्सों के माध्यम से होगी धान अधिप्राप्ति

**प्रज्ञा केंद्र या स्वयं से भी किसान करा सकेंगे निबंधन :** उपायुक्त ने संलग्न पदाधिकारी को कृषक मित्र सहित कृषि विभाग के अन्य क्षेत्रीय कर्मियों के माध्यम से किसानों के बीच धान अधिप्राप्ति से संबंधित पूरी जानकारियों का प्रचार करने, संबंधित पोर्टल पर अधिक से अधिक किसानों का निबंधन कराने का भी निर्देश दिया। उन्होंने किसानों को पैक्स में ही धान बिक्री करने के लिए प्रेरित करने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया।

**इन 38 धान अधिप्राप्ति केंद्र पर होगी धान की खरीद :** विश्रामपुर पैक्स लि., विश्रामपुर, चैनपुर व्यापार मंडल, चैनपुर, सलतुआ पैक्स लि. चैनपुर, चैनपुर पैक्स लि. चैनपुर, मुनकेरी पैक्स लि. छतरपुर, उदयगढ़ पैक्स लि., छतरपुर, तेलाड़ी पैक्स लि. छतरपुर, लोहरपुरवा बरैवा पैक्स लि. हैदरनगर, सेमरवार पैक्स लि. हरिहरगंज, अररूआ पैक्स लि., हरिहरगंज, खापकटैया पैक्स लि. हरिहरगंज, वीकेएस. एग्री फार्म एफपीओ, हुसैनाबाद, हुसैनाबाद व्यापार मंडल, हुसैनाबाद, कोटखास पैक्स लि. लेस्लीगंज, लेस्लीगंज पैक्स लि. लेस्लीगंज, मनातू पैक्स लि. मनातू, मोहम्मदगंज पैक्स लि. मोहम्मदगंज, कंडा पैक्स लि. नावा बाजार, चेराई 2 पैक्स लि., नौडीहा बाजार, सरईडीह पैक्स लि. नौडीहा बाजार, कुटमु पैक्स लि. पांडू, तिसीबार कला पैक्स लि. आदि।

# बोकारो : नगर स्तरीय अन्तर्विभागीय अभिसरण समन्वय समिति की हुई बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में अपर नगर आयुक्त चास संजीव कुमार की अध्यक्षता एवं डॉ अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन के समन्वय में नगर स्तरीय अन्तर्विभागीय अभिसरण समन्वय समिति की संपन्न बैठक में शहरी क्षेत्र के मलिन बस्तियों में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आयुष्मान आरोग्य मंदिर पॉली क्लिनिक एवं अटल क्लिनिक द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं पर चर्चा की गई। साथ ही पिछले बैठक की कार्यवाही पर भी चर्चा हुई। आवश्यकतानुसार सभी केंद्रों में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के रिक्त पदों को जनवरी 2025 तक भरने एवं दिसंबर 2024 तक आवश्यकतानुसार शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्रिंकिंग वॉटर एवं रनिंग वाटर को उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित सिविल सर्जन ने परिवार नियोजन के कार्यक्रम एवं आने वाले पोलियो अभियान में बेहतर उपलब्धि के लिए सभी विभागों से सपोर्ट की मांग किया। उपस्थित पीएसआइ इंडिया के जिला प्रतिनिधि मांजरूर रहमान खान ने बैठक के उद्देश्य एवं विशेष कार्य बिंदु पर पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी को अवगत करवाया। बैठक में डॉ सेलिना टुडू डीआरसीएचओ चास नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त जयपाल सिंह एवं प्रियंका कुमारी डॉ अरविंद कुमार सिटी डाटा प्रबंधक एनयूएचएम बीजीएच से डॉ वर्षा घाणेकर एसीएमओ नगर अभियान प्रबंधक आदि उपस्थित रहें।

# एसकेएमयू के शिक्षकेत्तर कर्मियों का पांचवे दिन भी धरना व तालाबंदी जारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विवि के प्रक्षेत्रीय शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ का सातवें वेतनमान में भुगतान को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं तालाबंदी कार्यक्रम का पांचवां भी जारी रहा। शिक्षकेत्तर कर्मी सातवें वेतनमान एवं लंबित एसीपी-एमएसीपी लाभ की मांगो को लेकर डटे रहे। शनिवार को धरना स्थल पर कुलसचिव एवं वित्त पदाधिकारी पहुंचे। उन्होंने कर्मचारियों को कहा कि शिक्षकेतर कर्मियों की मांग जायज है। विवि प्रशासन इस मुद्दे पर गंभीर है। आगे उन्होनें यह जानकारी दी कि कुलपति राजभवन एवं उच्च शिक्षा विभाग के सचिव को पत्र भेज कर आंतरिक श्रोत से कर्मचारियों को सातवें वेतनमान भुगतान संबंधित आदेश निर्गत करने की मांग की है। कर्मचारियों ने अध्यक्ष परिमल कुंदन, सहायक मनीष सोरेन एवं आदेशपाल भोला राउत के नाम की अनुशंसा की। वेतन निर्धारण के लिए विवि की गठित टीम सोमवार को रांची के लिए रवाना होगी। प्रक्षेत्रीय अध्यक्ष परिमल कुंदन ने कहा कि मांगे पूरी होने तक हड़ताल जारी रहेगा। जब तक सातवें वेतनमान में वेतन भुगतान नहीं हो जाता विवि मुख्यालय एवं कॉलेजों के कार्यालयों में तालाबंदी रहेगी।

# राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था होंगी दुरुस्त, लोगों को मिलेगा लाभ : एमटी राजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**राजमहल।** राजमहल विधानसभा के माननीय विधायक एमटी राजा क्षेत्र पहुंचते ही शनिवार को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर मरीज को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त किए। अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डॉ उदय टुडू ने अस्पताल में विधायक एम टी राजा का स्वागत किए, वही विधायक ने अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक से स्वास्थ्य सुविधाएं दुरुस्त करने के लिए मैनपॉवर एवं संसाधन से संबंधित जानकारी प्राप्त किए। अनुमंडलीय अस्पताल में मुख्य रूप से प्रसव एवं सर्जरी प्रसव सहित नवजात बच्चों के स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर चचाएं हुई। विधायक ने कहा कि जिला स्तर से जो भी सुविधाएं उपलब्ध हो सकेगी उसे तत्काल कराया जाएगा साथ ही राज्य स्तर से प्राप्त होने वाली सुविधाओं को माननीय मुख्यमंत्री के संज्ञान में देकर जल्द ही अनुमंडलीय अस्पताल के स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त किया जाएगा। इसके अलावे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उधवा, तीनपहाड़, फुदकीपूर एवं प्रायमरी हेल्थ सेंटर राधानगर व स्वास्थ्य उप केंद्र मंगलहाट को भी स्वास्थ्य व्यवस्थाओं से दुरुस्त किया जाएगा ताकि क्षेत्र के मरीज अपने-अपने क्षेत्र में ही स्वास्थ्य लाभ से लाभान्वित हो सके। बंद पड़े अल्ट्रासाउंड मशीन को अविलंब चालू करने एवं वैकल्पिक व्यवस्था में मशीन रखने का भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है, उन्होंने सी बी सी नेट मशीन को सम्बन्ध में कहा कि सी बी सी नेट मशीन चालू होने से शुगर, थाईरोड जससे बीमारी का जांच तुरंत हो जायेगा प्रभारी उपाधीक्षक को निर्देश दिया गया कि जल्द ही अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित करें। मरीज वार्ड, ओपीडी, इमरजेंसी आदि का भी जायजा लिए।

## स्पीड न्यूज

### बेरमो : छत्रुराम महतो को दी गयी श्रद्धांजलि



बेरमो। अनुमंडल स्थित पेटरवार प्रखंड के टकहा गांव के स्थित स्व छत्रुराम महतो को शनिवार को श्रद्धांजलि दी गयी। वहीं श्रद्धांजलि में रामटहल चौधरी पूर्व सांसद रांची, पूर्व बेरमो विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, गोमिया के जेएमएम विधायक योगेंद्र प्रसाद, पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो, गिरिडीह के पूर्व सांसद रविन्द्र कुमार पांडेय, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, जेएलकेएम के पूजा कुमारी, बोकारो जीप उपाध्यक्ष बबिता कुमारी, वरिष्ठ अधिवक्ता स्वरूप सहाय, दिनेश महतो, आजसू जिला उपाध्यक्ष संटू सिंह, पंकज सिन्हा, कौशर अंसारी, संजय कुमार सिन्हा, अनिल कुमार स्वर्णकार, दिनेश कुमार गुप्ता, रितेश कुमार सिन्हा आदि के द्वारा अविभाजित बिहार के वित्तमंत्री सह गोमिया विधानसभा के पांच बार रह चुके विधायक छत्रु राम महतो के फोटो युक्त प्रतिमा पर फूल-माला चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### दुमका : वाहन की टक्कर से सीएसपी संचालक की मौत

दुमका। जिले के तालझारी थाना क्षेत्र के दुमका-देवघर मुख्य पथ पर तालझारी थाना क्षेत्र क चोरडीहा गांव के पास मैजिक वाहन की टक्कर से 58 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। यह घटना शनिवार को हुई। मृत व्यक्ति की पहचान तालझारी के जीतजोरी गांव निवासी नंद किशोर मांझी के रुप में हुई। जानकारी के अनुसार मृतक गांव में भारतीय स्टेट बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र चलाया करते थे। नंद किशोर दोपहर को ग्राहकों को पैसा देने के लिए बाइक से तालझारी बैंक निकासी के लिए जा रहे था। चोरडीहा गांव के पास लकड़ी लदी मैजिक वाहन ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी। हादसे में वह बुरी तरह से घायल हो गए। लोगों ने भाग रही मैजिक को चालक समेत पकड़ लिया। घर के लोग मौके पर पहुंचे और नंद किशोर को इलाज के लिए जरमुंडी रेफरल अस्पताल ले गए। डाक्टरों ने चिकित्सा के बाद हालत नाजुक देखकर बेहतर इलाज के लिए फुलो-झानो मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल पहुंचते ही उनकी मौत हो गई। बताया कि कोरोना काल में उनके बेटे की मौत हो गई थी। वह बहू के अलावा दो पोता की देखभाल करने के लिए सेवा केंद्र चला रहे थे। पुलिस का कहना है कि दोनों वाहन को जब्त कर चालक पर कार्रवाई की जा रही है।

### कसमार के सहायक अध्यापक सुधीर महतो की हार्ट अटैक से मौत

बोकारो/कसमार। कसमार प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बाजार टांड़ मधुकरपुर के सहायक अध्यापक 50 वर्षीय सुधीर कुमार महतो का निधन हार्ट अटैक से हो गया। वे रांची स्थित मेदांता अस्पताल में पिछले 27 नवंबर को भर्ती हुए थे। वे अपने पीछे पत्नी पियानो देवी सहित एक 22 वर्षीय पुत्र विक्रम कुमार तथा दो पुत्री सीता कुमारी और निशू कुमारी छोड़ गये। निधन की सूचना पाकर गोमिया विधायक योगेंद्र महतो प्रमुख नियोती कुमारी झामुमो नेता मनोहर मुर्मू बीस सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम आदि मधुकरपुर पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। विधायक श्री महतो ने कहा कि सुधीर महतो एक समर्पित कार्यकर्ता थे। पार्टी के हरेक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाया करते थे। अनुकंपा के आधार पर परिजनों को नियुक्ति देने की मांग की गई है। मौके पर स्थानीय मुखिया राजेन्द्र महतो, झामुमो नेता सिकंदर कपरदार, रमेश वर्मा, धनंजय स्वर्णकार, देवेन्द्र महतो, प्रकाश महतो, विनोद महतो, धीरेन्द्र महतो, कुलदीप करमाली, संजय मेहता, मिथलेश जायसवाल, संजय प्रजापति समेत कई झामुमो कार्यकर्ता पहुंचे थे।

# चक्रधरपुर : पुलिस के साथ मुठभेड़ में पीएलएफआई का एरिया कमांडर लंबू ढेर

## खूंटी जिले के मुरहू और तोरपा इलाके में भयमुक्त माहौल बनेगा : एसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मुठभेड़ स्थल से बरामद हथियार व अन्य सामान। लंबू की फाइल फोटो।

**सर्च के दौरान सामान बरामद किया गया**

1. पिस्टल-02
2. 7.65 एमएम पिस्टल का 04 पीस जिन्दा कारतूस
3. खोखा-02 पीस
4. लेवी रसीद, मोबाईल फोन-7 पीस, सिम कार्ड-10 पीस, पिट्ठू बैग-01, एक लाख बतीस हजार दो सौ चालीस रुपये

**चक्रधरपुर/चाईबासा।** पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस के साथ मुठभेड़ में पीएलएफआई का एरिया कमांडर लंबू मारा गया है। यह मुठभेड़ टेबो थाना क्षेत्र में हुई। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने दी है। उन्होंने बताया कि आगे की कार्रवाई की जा रही है। चाईबासा पुलिस ने बताया कि सूत्रों से सूचना मिली थी कि पीएलएफआई कमांडर लंबू अपने दस्ते के सदस्यों के साथ टेबो और बंदगांव थाना के सीमावर्ती जंगली क्षेत्र में घूम रहा है। वह किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलने पर विशेष अभियान दल का गठन किया गया और 29 नवंबर से सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। इसी दौरान शनिवार सुबह 9 बजे के आसपास तोमरोम के जंगली क्षेत्र में रोरो नदी के किनारे उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ हो गई। बाद में सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख पीएलएफआई के उग्रवादी भाग खड़े हुए। मुठभेड़ के बाद आस-पास के इलाके में सर्च अभियान चलाया गया। इसी दौरान पीएलएफआई के एक उग्रवादी का शव मिला। जिसकी पहचान एरिया कमांडर रांडुग बोदरा उर्फ लंबू के रूप में की गई। मुठभेड़ स्थल से हथियार, कारतूस और अन्य सामान भी बरामद किए गए। पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप की गिरफ्तारी के बाद संगठन को लंबू ने संभाल रखा था। खूंटी और चाईबासा जिले के सीमावर्ती इलाकों में लंबू ने अपनी एक हुकूमत कायम कर रखी थी। खूंटी और चाईबासा जिले के विभिन्न थानों में लंबू के खिलाफ कई नक्सली कांड दर्ज हैं। पुलिस लगातार उसकी गिरफ्तारी को लेकर विभिन्न गांव के जंगलों में छापेमारी करती रही, लेकिन हमेशा पुलिस को चकमा देकर वो भागने में कामयाब हो जाता था। एसपी अमन कुमार ने बताया कि लंबू के मारे जाने से खूंटी जिले के मुरहू और तोरपा इलाके में भयमुक्त माहौल बनेगा।

# अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट में गिरिडीह ने देवघर को हराया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को देवघर बनाम गिरिडीह के बीच मैच का आयोजन हुआ। मैच एटीम ग्राउंट में आयोजित हो रही है। देवघर की टीम निर्धारित 40 ओवर के खेल में केवल 12.02 ओवर में ही 37 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। दुमका वेन्यू में यह अब तक का सबसे न्यूनतम स्कोर रहा। देवघर टीम का कोई भी बल्लेबाज दहाइ का आंकड़ा भी पार नहीं कर सकी। देवघर की ओर से सर्वाधिक 9 रन आकाश कुमार ने बनाई। छोटे से लक्ष्य का पीछा करने उतरी गिरिडीह की टीम जीत के लिए आवश्यक 38 रन 9.2 ओवर में ही पूरे कर लिये। टूर्नामेंट के दुमका वेन्यू के ऑब्जर्वर पूर्व रणजी खिलाड़ी आमिर हाशमी ने मैन ऑफ द मैच से सम्मानित किया। मैच प्रारंभ होने से पूर्व जिला खेलकूद संघ सचिव उमाशंकर चौबे और पूर्व जिला खिलाड़ी विद्यापति झा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मैच के निर्णायक धनबाद से ओमप्रकाश राय एवं रांची से मो अजमल हुसैन थे। मैच में स्कोर की भूमिका रांची के मो जुलकर नैन अहमद ने निभाई। पुरस्कार वितरण में जिला संघ उपाध्यक्ष संजय तिवारी, सचिव भास्कर, अजीत सिंह, संयुक्त सचिव उमेश रावत, चंद्र किशोर सिंह, अमित रंगराजन एवं नसीम उपस्थित थे।

# चीरा चास मे तम्बाकू उत्पाद की बिक्री की जांच पड़ताल जारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** शनिवार को चीरा चास थाना प्रभारी के निर्देश पर सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम-2003 की धारा 4 व 6ए, 6बी के तहत नियमित जांच अभियान के तहत जिला छापामारी दल के सदस्य मो0 असलम के द्वारा चीरा चास थाना क्षेत्र में कुल 49 दुकानों की जांच की गई जिसमें 10 दुकानों/ व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लघंग करते हुये पाया गया जिनसे अर्थदण्ड के रूप में कुल 1900 रुपए की वसूली की गई। मो0 असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम बोकारो द्वारा बताया गया कि छापामारी के दौरान सभी दुकानों पर पाया गया कि लोग पोस्टर चिपका कर सिगरेट व अन्य तम्बाकू उत्पाद का विज्ञापन कर रहे हैं। छापामारी के दौरान सभी दुकानदारो का निदेशित किया गया कि जल्द से जल्द विज्ञापन वाले पोस्टर हटा दें अन्यथा कोटपा-2003 की धारा 5 के अन्तर्गत कानूनी कार्रवाई की जायेगी। इस अवसर पर चीरा चास थाना से छापामारी दल व स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि मो असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम उपस्थित थे।

# डीपीएस बोकारो के द्विवार्षिक सदनोत्सव में दिखा कला व संस्कृति का अनूठा संगम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** विद्या और ज्ञान का एकमात्र लक्ष्य एक अच्छा विनम्र तथा देश का जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है। केवल जीवन में सफल होना ही काफी नहीं। उक्त बातें झारखंड के पुलिस महानिदेशक मुख्यालय राज कुमार मल्लिक ने कहीं। श्री मल्लिक डीपीएस बोकारो में चेनाब सतलज और झेलम हाउस की ओर से आयोजित द्विवार्षिक सदनोत्सव संगम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। ज्ञान का प्रकाश फैलाने की दिशा में श्री मल्लिक ने भारतीय वेद पुराण उपनिषद आदि की चर्चा करते हुए देश की परंपरा व संस्कृति को अत्यंत समृद्ध बताया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों के जरिए भारत की कलात्मक व सांस्कृतिक विविधता का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि मल्लिक ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों को सराहते हुए और उनके समग्र विकास की दिशा में डीपीएस बोकारो की ओर से किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। मौके पर उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के आईजी डॉ माइकल राज एस एवं कोयला क्षेत्र के डीआईजी सुरेन्द्र कुमार झा बोकारो के एसपी मनोज स्वर्गियारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने विद्यालय की उपलब्धियों पर संक्षिप्त प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास के प्रति कटिबद्धता व्यक्त की। धन्यवाद ज्ञापन झेलम हाउस के वार्डन अमित कुमार सिंह एवं आभा झा ने किया। कार्यक्रम का सुरुचिपूर्ण संचालन पहल लता अपराजिता सिंह यामिनी ज्योति सरित चक्रवर्ती और जया सुबोध कृष्णा ने किया।

### दुमका : लोक अदालत में 1917 वादों का निपटारा

**दुमका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से व्यवहार न्यायालय, दुमका के न्याय सदन में मासिक लोकर अदालत का आयोजन माह के अंतिम शनिवार को आयोजित हुई। लोक अदालत प्रधान जज-सह- प्राधिकार, अध्यक्ष संजय कुमार चन्द्धरियावी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। लोक अदालत में वादों का निष्पादन को लेकर दो बेंचों का गठन किया गया। लोक अदालत में न्यायालय में लंबित वादों के अलावा जिला में स्थित विभिन्न विभागों के फौजदारी संबंधी मामलों में आपसी सुलह-समझौता के आधार पर निपटारा किया गया। जिसके लिए दो बेंचो का गठन कर कुल 1917 वादों का निष्पादन करते हुए 25,07,020 रुपए का समझौता हुआ।

### बेरमो : सीसीएल बीएंडके में 14 कामगार हुए सेवानिवृत

बेरमो। सीसीएल बीएंडके क्षेत्र में ऑफिसर क्लब करगली में नवंबर माह में चौदह कर्मियों के सेवानिवृत होने पर समारोह आयोजित कर सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। सीसीएल बीएंडके जीएम के रामाकृष्ण और यूनियन प्रतिनिधियो ने सभी सेवानिवृत कर्मियों को शॉल ओढ़ाकर, श्रीफल, स्मृति चिन्ह और उपहार देकर सम्मानित किया गया। उन्हें सेवाकाल प्रमाण-पत्र सौंपा गया। साथ ही सभी को मेडिकल कार्ड दिया गया। इस अवसर पर जीएम श्री रामाकृष्ण ने सभी को आगे की जीवन की शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि सभी कर्मी इमानदारी पूर्वक कंपनी के हित में कार्य किया है और बेदाग सेवानिवृत हुए हैं जो कि इनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने शेष जीवन की उज्जवल भविष्य की कामना किया।


## झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा।

### शुद्धि-पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 26.11.2024 को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित PR 340296 (Lohardaga)24-25-D (अति-अल्पकालीन पुर्न-निविदा आमंत्रण सूचना - 03/2024-25 (3rd Call and 2nd Call) गैर-योजना मद) में निम्न विवरणी के अनुसार आंशिक संशोधन किया जाता है :-

| | | |
|---|---|---|
| 3. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | 03.12.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 05.12.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 05.12.2024 को अपराह्न 3:30 बजे। |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | (क) मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, अभियंत्रण छात्रावास सं.-2, प्रथम तल्ला, धुर्वा, रांची-834004. (ख) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, रांची-834001. (ग) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा- 835302. |

शेष क्रम संख्या पर अंकित विवरणी यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा।

PR.NO.340874 Lohardaga(24-25):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### एन0आर0ई0पी0-II, रॉंची

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- 06/2024-25 (2nd Call)**
**P.R. No. 337489 (NREP) 24-25 (D)**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0-II, रॉंची।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :- दिनांक 06.12.2024 को अपराह्न 01:00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि, समय एवं स्थान :- दिनांक 07.12.2024 के अपराह्न 03:00 बजे तक, जिला नियंत्रण कक्ष, रॉंची।
4. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :- दिनांक 07.12.2024, 03:30 बजे पूर्वाह्न में, जिला नियंत्रण कक्ष, रॉंची।
5. परिमाण विपत्र की ब्रिकी का स्थान :- (1) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय एन0आर0ई0पी0-II, रॉंची। (2) जिला योजना पदाधिकारी, विकास भवन, रॉंची।
6. निविदा का मद :- डी0 एम0 एफ0 टी0 मद।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :-

| क0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (रू में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम ईचापीड़ी में प्राथमिक विद्यालय ईचापीड़ी का मरम्मति कार्य। | 16,73,500.00 | 33,500=00 | 5,000=00 | 3 Months |

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0ई0पी0- II, रॉंची

PR 340876 NREP (24-25)_D

## e- Procurement Cell
### Office of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Chatra.

**अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट नोटिस**

**ई-टेन्डर रेफरेन्स नं०- BCD/EE/CHATRA/ 17 /2024-25 दिनांक:- 30.11.2024**

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | *Construction of Boundary wall, Vrihat Bhed Prajanan Prakshetra Chatra. For the Year 202 4-25* | Rs. 87,59,480.11 | 6(Six) Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 04.12.2024 | |
| ii | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 11-12-2024 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 12-12-2024 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | e-Procurement Cell Office of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Chatra | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9939428677 | |
| vi | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9650057169 | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

*note: UCAN Registration is mandatory for the bidders.*

Nodal Officer
e- Procurement Cell
Office of The Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Chatra

PR 340856 Building(24-25).D

## कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त, लातेहार।
### (लेखा व्यय अनुश्रवण कोषांग)
### प्रेस विज्ञप्ति

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पर अनुदेशों के सार-संग्रह अध्याय 'ग' के अन्तर्गत पृष्ठ संख्या- 96 एवं 97 में निहित अनुदेशों के आलोक में 073 मनिका एवं 074 लातेहार विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रत्याशियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विधानसभा आम चुनाव 2024 से संबंधित निर्वाचन व्यय लेखा पंजी के संधारण हेतु प्रशिक्षण, लेखा समाधान एवं निर्वाचन व्यय पंजी की अंतिम जाँच से संबंधित कार्यक्रम की तिथि निम्नवत निर्धारित की जाती है :-

| क्र. | निर्वाचन व्यय लेखा पंजी संधारण प्रषिक्षण एवं लेखा समाधान | प्रशिक्षण एवं बैठक की तिथि | प्रशिक्षण/ बैठक स्थल एवं समय | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निर्वाचन व्यय लेखा पंजी संधारण हेतु प्रषिक्षण | दिनांक- 16/12/2024 (सोमवार) | DISTRICT FACILITATION - CUM-TRAINING CENTRE] LATEHAR (COLLECTORATE BUILDING) (11:30 बजे से) | |
| 2 | लेखा समाधान बैठक (Account Reconcilation Meeting) | दिनांक- 18/12/2024 (बुधवार) | | |

| क्र. | निर्वाचन व्यय लेखा जाँच | विधानसभा क्षेत्र | निर्वाचन व्यय लेखा जाँच की तिथि | जाँच स्थल एवं समय | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चतुर्थ एवं अंतिम लेखा जाँच | 073 मनिका एवं 074 लातेहार। | दिनांक- 21/12/2024 (षनिवार) | DISTRICT FACILITATION - CUM-TRAINING CENTRE] LATEHAR (COLLECTORATE BUILDING) (पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक) | |

073 मनिका एवं 074 लातेहार विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रत्याशी स्वयं अथवा अपने निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से निर्धारित तिथि पर आयोजित प्रशिक्षण एवं लेखा समाधान बैठक में ससमय उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे साथ ही साथ, निर्वाचन व्यय लेखा जाँच की चतुर्थ एवं अंतिम तिथि को उपस्थित होकर संपूरित निर्वाचन व्यय लेखा पंजी की जाँच करवाना सुनिश्चित करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
-सह- उपायुक्त, लातेहार।

PR 340843 Election(24-25)D

# क्या टेलरिंग शॉप और सैलून में पुरुषों पर रोक से महिलाएं सुरक्षित हो जाएगी ?

-प्रियंका सौरभ

**सामाजिक** मान्यताएं अक्सर महिलाओं को कमजोर और पुरुषों को आक्रामक के रूप में चित्रित करती हैं, जो असमान लिंग गतिशीलता को बढ़ावा देती हैं जो उत्पीड़न को बनाए रखती हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ द्वारा किए गए अध्ययनों से पता चलता है कि कार्यस्थल पर उत्पीड़न महिलाओं को असंगत रूप से प्रभावित करता है क्योंकि पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण जड़ जमाए हुए हैं। नियोक्ताओं और कर्मचारियों सहित कई लोगों को कार्यस्थल पर उत्पीड़न कानूनों के बारे में जानकारी नहीं है, जिसके कारण अनियंत्रित कदाचार होता है। केवल 35% भारतीय महिला कर्मचारी ही यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम, 2013 के बारे में जानती हैं। कानूनों का अकुशल क्रियान्वयन और जवाबदेही की कमी उत्पीड़कों को बढ़ावा देती है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए आवंटित निर्भया फंड (2013) खराब प्रशासन के कारण कम उपयोग में आता है। कुछ व्यवसायों में महिलाओं का कम प्रतिनिधित्व पुरुष-प्रधान वातावरण बनाता है, जिसमें सत्ता का दुरुपयोग होने की संभावना होती है। आर्थिक सर्वेक्षण 2023-2024 के अनुसार, महिला श्रम शक्ति भागीदारी दर में वृद्धि हुई है, लेकिन यह लगभग 37% पर बनी हुई है। न्याय, पीड़ित को दोषी ठहराने या प्रतिशोध का डर पीड़ितों को उत्पीड़न की रिपोर्ट करने से हतोत्साहित करता है, जिससे चुप्पी की संस्कृति बनी रहती है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, यौन उत्पीड़न सहित महिलाओं के खिलाफ अपराध, नतीजों के डर, अपर्याप्त जागरूकता और सामाजिक पूर्वाग्रहों के कारण बहुत कम रिपोर्ट किए जाते हैं।

लिंग भेद का अर्थ है कि महिलाओं को निरंतर सुरक्षा की आवश्यकता होती है, जिससे उनकी एजेंसी और व्यावसायिकता कमजोर होती है। पुरुष दर्जियों को महिलाओं के माप लेने से रोकना सुरक्षा के लिए महिलाओं की निर्भरता की धारणा को मजबूत करता है। ऐसी नीतियाँ पुरुषों को संभावित खतरे के रूप में सामान्यीकृत करती हैं, अविश्वास पैदा करती हैं और कार्यस्थल की गतिशीलता को नुकसान पहुँचाती हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि समावेशी कार्य वातावरण लिंगों के बीच अधिक सम्मान और सहयोग को बढ़ावा देते हैं। अलगाव असमान अवसरों को बनाए रखता है, एक लिंग के वर्चस्व वाले व्यवसायों में भागीदारी को प्रतिबंधित करता है। भारत के सशस्त्र बलों ने ऐतिहासिक रूप से महिलाओं को लड़ाकू भूमिकाओं से प्रतिबंधित किया है, जो पेशेवर अवसरों पर अलगाव के प्रभाव को दर्शाता है। एनडीए प्रेरण जैसे सुधार प्रगति को दर्शाते हैं, लेकिन पूर्वाग्रह बने रहते हैं। सामाजिक दृष्टिकोण को सम्बोधित करने के बजाय, अलगाव लक्षणों को लक्षित करता है जबकि शक्ति असंतुलन और खराब शिक्षा जैसे मूल कारणों को अछूता छोड़ देता है। राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो रिपोर्ट (2023) ने इस बात पर प्रकाश डाला कि आईपीसी के तहत महिलाओं के खिलाफ अपराधों का एक महत्त्वपूर्ण अनुपात 'पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता' से जुड़ा था। अलगाव पुरुष पेशेवरों के लिए ग्राहक आधार को कम करता है, जो निम्न-आय वर्ग के लोगों को असमान रूप से प्रभावित करता है। छोटे शहरों या गांवों में जहाँ यूनिसेक्स सैलून उपलब्ध नहीं हो सकते हैं, ऐसी प्रथाओं से पुरुष नाइयों के लिए नौकरी के अवसर कम हो सकते हैं।

उत्पीड़न की जड़ से निपटने के लिए सम्मान, सहमति और कार्यस्थल नैतिकता पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यापक जागरूकता अभियान चलाएँ। पॉश अधिनियम, 2013 प्रशिक्षण सत्रों को अनिवार्य बनाता है, जिसे टेलरिंग और सैलून जैसे अनौपचारिक क्षेत्रों में विस्तारित किया जाना चाहिए। आपसी समझ विकसित करने और रूढ़िवादिता को कम करने के लिए व्यवसायों में मिश्रित-लिंग स्टाफिंग को बढ़ावा दें। संयुक्त राष्ट्र महिला के ही फॉर शी अभियान जैसी पहल पुरुषों और महिलाओं को विविध सेटिंग्स में समान रूप से सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित करती है। उत्पीड़न विरोधी कानूनों के सख्त कार्यान्वयन को सुनिश्चित करें और शिकायत समाधान के लिए मजबूत तंत्र बनाएँ। अनौपचारिक क्षेत्रों में आंतरिक शिकायत समितियों का विस्तार करने से कमजोर श्रमिकों की रक्षा हो सकती है। निगरानी के बजाय, निजी फिटिंग रूम और ग्राहक-अनुकूल लेआउट जैसे सुरक्षित बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता दें। प्रतिबंधात्मक विनियमों से प्रभावित पेशेवरों को वित्तीय और प्रशिक्षण सहायता प्रदान करें, जिससे उनकी आजीविका सुरक्षित रहे। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम, 2013) के तहत सरकार द्वारा वित्तपोषित कौशल संवर्धन कार्यक्रम नाई और दर्जी को अपने ग्राहकों में विविधता लाने में मदद कर सकते हैं।

लिंग के आधार पर व्यवसायों का पृथक्करण एक सतही प्रतिक्रिया है जो रूढ़िवादिता को मजबूत करती है जबकि उत्पीड़न के प्रणालीगत मुद्दों को सम्बोधित करने में विफल रहती है। समावेशी कार्यस्थलों को बढ़ावा देकर, कानूनी सुरक्षा को मजबूत करके और व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देकर, भारत समानता और सम्मान में निहित समाज का निर्माण कर सकता है। ही फॉर शी अभियान जैसी वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं से प्रेरणा लेते हुए, भारत को ऐसे भविष्य के लिए प्रयास करना चाहिए जहाँ सुरक्षा और सम्मान अंतर्निहित हो, न कि लागू किया जाए।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# निर्णय का प्रतिफल

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस



**जीवन** में निर्णय महत्वपूर्ण है। आप कैसा निर्णय लेते हैं किसके साथ चलने का निर्णय लेते हैं। महाभारत हो या रामायण राम हो या कृष्ण और राम दोनों के जीवन में निर्णय की क्षमता का महत्व और निर्णय का असर साफ दिखता है और हम उससे अपनी समझ पैदा कर सकते हैं। महाभारत के पूरे प्रकरण में भीष्म के त्याग और वीरता की कोई तुलना नहीं थी लेकिन उनका एक गलत निर्णय से पूरी जिंदगी उनका जितना अपमान हुआ उसे समझा जा सकता है। जीवन में दुर्योधन के द्वारा अपमान और युद्ध में मन से अर्जुन के साथ रहने का आरोप भी उन्हें सहना पड़ा। शर शैय्या पर अंतहीन वेदना जो शारीरिक और मानसिक दोनों तौर पर वह सहना पड़ा। आतुर भाव से भगवान कृष्ण से पूछना पड़ा आखिर इस पीड़ा का कारण क्या है?

जीवन नीति से बंधा है। प्रश्न यह है कि जीवन में आप किसका साथ देते हैं। भीष्म दुर्योधन के साथ खड़ें रहे जबकि वो गलत था। अगर हम गलत के साथ खड़ें होते हैं चाहे वह जो भी हो तब हम इससे बुरी तरह प्रभावित होते हैं जैसा भीष्म ने झेला। महाभारत की लड़ाई में कृष्ण से सहयोग मांगने दुर्योधन और अर्जुन पहुंचे। पहले दुर्योधन पहुंचा था लेकिन अहंकारवश सोये हुए कृष्ण के सर की ओर खड़ा हो गया। देर से पहुंचे अर्जुन पैर की ओर खड़ें थे। जब कृष्ण उठे तब उनकी नजर अर्जुन पर पड़ी और उन्होंने कहा कि अर्जुन हमारे पास बड़ी सेना है और मैं उससे अलग अकेला हूं। तुम दोनों में कोई एक ही चुन सकते हो। इस स्थिति में अर्जुन को निर्णय लेना था। अर्जुन को जरा सा भी संशय नहीं हुआ और उसने कहा भगवान आप हमारी ओर से युद्ध करें। दुर्योधन को आश्चर्य हुआ कि द्वारिका का इतनी बड़ी सेना को छोड़कर अर्जुन ने कृष्ण को मांग लिया। चलो अच्छा हुआ अब सेना मुझे मिल गया। लेकिन युद्ध के मैदान में चूंकि अर्जुन ने सही निर्णय लिया था उसका परिणाम वह विजेता बना। मोह ग्रस्त अर्जुन को अज्ञान से निकालकर जिस प्रकार भगवान कृष्ण ने युद्ध के लिये तैयार वह अर्जुन के एक मात्र सही निर्णय के कारण ही संभव हो सक। जबकि भीष्म अपने जीवन काल में कई बार निर्णय के स्तर पर चूकते रहे और कष्ट पाने के साथ ही यश भी खोया। महाभारत का पूरा युद्ध कृष्ण के निर्णय से ही होता रहा जो शस्त्र न उठाने के प्रण के साथ अर्जुन के साथ आये थे। वे सारथी बने थे लेकिन जब युद्ध के क्रम में दुर्योधन ने भीष्म को धिक्कारा कि आप अर्जुन से प्रेम करते हैं आप लड़ाई पूरी योजना से नहीं लड़ रहें है जबकि आप सेनापति है। मेरा मित्र कर्ण शिविर में बैठा है अगर आप नहीं लड़ सकते तो पद छोड़ दें। उसके बाद भीष्म ने जिस प्रकार युद्ध किया उससे पांडव सेना का बड़ा विनाश हुआ। अब कृष्ण के कहने के बाद भी अर्जुन भीष्म से युद्ध करने के स्थिति में नहीं थे उन्हें भीष्म का प्रेम बांध जा रहा था। तब कृष्ण ने निर्णय लिया कि वे सुदर्शन धारण कर युद्ध करेंगे। इसके बाद अर्जुन को अहसास हुआ कि भगवान हमारे लिये अपना प्रण तोड़ रहें हैं और अपने सहज भाव से लड़ाई की। कृष्ण अगर यह निर्णय नहीं लेते तब युद्ध की दिशा ही बदल जाती। हमारा जीवन एक गलग निर्णय से प्रभावित हो जाता है।

(ब्रम्हा विद्यालय आश्रम छोटका ,राजपुर, बक्सर, बिहार)

# कनाडा में सभी को अवसर



कनाडा के सशस्त्र बलों (सीएएफ) ने घोषणा की कि स्थायी निवासियों को अब सेवाओं में भर्ती की अनुमति दी जाएगी, क्योंकि सेना जवानों की कमी का सामना कर रही है। मीडिया की एक खबर में यह जानकारी दी गई। कनाडा में स्थायी निवासियों में बड़ी संख्या में भारतीय शामिल है और सीएएफ के फैसले से उनके लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न होने की संभावना है। ह्यसीटीवी न्यूज' की खबर के अनुसार, ह्यरॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस' (आरसीएमपी) के ह्यह्यपुरानी भर्ती प्रक्रिया'' में बदलाव लाने की घोषणा करने के पांच साल बाद ये घोषणा की गई। इस कदम से कनाडा में 10 साल से रह रहे स्थायी निवासियों को आवेदन करने की अनुमति होगी। नोवा स्कोशिया के ह्यरॉयल यूनाइटेड सर्विसेज इंस्टीट्यूट' के अनुसार, इससे पहले स्थायी निवासी केवल ह्यस्किलड मिलिट्री फॉरेन एप्लिकेंट' (एसएमएस) कार्यक्रम के तहत आवेदन दे सकते थे। अब सेना में भर्ती के इच्छुक उम्मीदवारों को कनाडा का नागरिक होना चाहिए जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक (या 16, बशर्ते कि उनके पास माता-पिता की सहमति हो) हो और एक अधिकारी पद पर भर्ती के वास्ते आवेदन देने के लिए उनके पास ग्रेड 10 या ग्रेड 12 की शिक्षा की डिग्री होनी चाहिए। यह नियम स्थायी निवासियों पर भी लागू होंगे। सीएएफ ने सितंबर में हजारों पद रिक्त होने को लेकर चिंता जाहिर की थी। इनमें से आधे पदों पर भी भर्ती करने के लिए उसे इस साल हर महीने 5,900 सदस्यों को नियुक्त करना होगा

# हरि की नगरी हरिद्वार

अन्नू अंबालिका



**गंगा** की नगरी हरिद्वार की महिमा बहुत निराली है। यहां पूजा और कर्मकांड से जुड़ा तमाम समान तो मिलता ही है, भगवान भी मिल जाते हैं। अब यह आपकी मर्जी कि भगवान को ध्यान लगाकर पाएं या अध्यात्म में डूब जाएं। यहां भगवान मंदिर में भी मिलते हैं, गंगास्नान से भी और सूर्य को अर्घ्य देते समय भी। हरिद्वार में मूर्तियों का बाजार यहां के सबसे पुराने मोती बाजार और हर की पैड़ी से सटे बड़ा बाजार में फैला है। पत्थरों की विशाल मूर्तियों के इस बाजार में पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखण्ड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मूर्ति खरीदार रोजाना मिल जाएंगे। ये वे लोग हैं जो शहर-गांव के मंदिरों में प्रतिष्ठित करने के लिए मूर्तियां लेने यहां आते हैं। नए मंदिरों के साथ-साथ पुराने मंदिरों में खंडित प्रतिमाओं की जगह नई मूर्तियां भी हरिद्वार से ले जाकर लगाई जाती हैं। दुकानों पर शिव दरबार, राम दरबार आदि बड़ी मूर्तियां भी उपलब्ध हैं। छोटे-बड़े नंदी भी मिल जाते हैं, देवी दुर्गा और उनकी सवारी सिंह भी। मंदिरों के मुख्यद्वार के दोनों ओर सजाने के लिए गजराज भी यहां उपलब्ध हैं। विश्वकर्मा, ब्रह्मा, विष्णु, महेश, महालक्ष्मी, पार्वती, कुबेर, कार्तिकेय, गणेश आदि तमाम देवी-देवता सुंदर प्रतिमाओं के रूप में सहज मिल जाते हैं। हरिद्वार में मूर्तियों का बाजार काफी समृद्ध है।

धर्मनगरी में भगवान की सभी मूर्तियां पीतल में भी मिलती हैं। तांबे और पीतल के तमाम पूजा बर्तनों से बाजार अटा पड़ा है। इनका उपयोग घरों के पूजास्थल पर होता है। भगवान के सभी स्वरूपों के वस्त्र भी यहां सहज मिल जाते हैं। कृष्ण की पीतल से बनी मूर्ति भी मिलेगी और लड्डू गोपाल भी। शालिग्राम तथा नर्मदेश्वर आदि भी भिन्न-भिन्न आकार में उपलब्ध हैं। बाजार में मूर्तियों और किसी भी प्रकार की पूजा-यज्ञ से जुड़ी तमाम सामग्री हर की पैड़ी क्षेत्र में मिल जाएगी। इस दृष्टि से हरिद्वार का मूर्ति बाजार उत्तर भारत का समृद्ध बाजार माना जाता है। एक और विशेषता इस नगरी की यह है कि यहां दर्जनों भवनों के प्रवेश द्वार अथवा बाहरी शिखर पर देव प्रतिमाएं विद्यमान हैं।

# एकाग्रता की प्रार्थना में ही संपूर्णता

डॉ. मधुसूदन शर्मा

**सत्य** और अहिंसा की भांति प्रार्थना भी महात्मा गांधी के जीवन का अभिन्न अंग थी।

सिख धर्म में अरदास सिख पूजा का अनिवार्य हिस्सा है। यह परमशक्ति से एक विनम्र प्रार्थना होती है।

पश्चिम में योग ज्ञान की अलख जगाने वाले योगी परमहंस योगानंद कहते हैं- हमारी आवश्यकताओं की पूर्ति के दो तरीके हैं। एक है ऐहिक। उदाहरण के लिए, जब हमारा स्वास्थ्य खराब हो तो हम उपचार के लिए डॉक्टर के पास जाते हैं।

लेकिन एक समय पर मानवीय सहायता निष्प्रभावी हो जाती। तब हम ईश्वर की शक्ति की ओर मुड़ते हैं। ऐहिक शक्ति सीमित होती है। हम समर्पण की भावना से श्रद्धा, भक्ति पूर्वक पूर्ण हृदय से प्रार्थना करें।

एक बार देवर्षि नारदजी ने भगवान से पूछा, देवेश्वर! आप कहां निवास करते हैं? इस पर भगवान ने कहा, नाहं वसामि वैकुण्ठे योगिनां हृदये न वै। मभ्दक्ता यत्र गायंति तत्र तिष्ठामि नारद। अर्थात हे नारद! मैं न तो वैकुंठ में ही रहता हूं और न योगियों के हृदय में ही रहता हूं। मैं तो वहीं रहता हूं, जहां प्रेमाकुल होकर मेरे भक्त मेरे नाम का कीर्तन किया करते हैं। मैं सर्वदा लोगों के अन्तःकरण में विद्यमान रहता हूं।ह्व

परमहंस योगानन्द कहते हैं, प्रार्थना का पहला नियम है कि ईश्वर से केवल उचित इच्छाओं की ही पूर्ति की प्रार्थना करें । दूसरा नियम यह है कि उनकी पूर्ति की मांग ईश्वर का पुत्र होने के नाते से करें : मैं आपका पुत्र हूं।

आपको अपने हृदय में एक महान आनंद उमड़ता अनुभव होगा। आप परमेश्वर से प्रार्थना कीजिए कि प्रभु मेरी यह आवश्यकता है, मैं इसके लिए मेहनत करने के लिए तैयार हूं।

# हाल आइटी क्षेत्र का: सुनहरे सपने बस में नहीं अपने

डॉ.संजय वर्मा

**जिस** जमाने में फिल्म- रोटी, कपड़ा और मकान का यह मशहूर गीत लिखा गया था- तेरी दो टकिया की नौकरी, मेरा लाखों का सावन जाए- उस जमाने में सॉफ्ट स्किल वाली और कथित सफेद कॉलर वाली टेक या हाईटेक नौकरियों का ऐसा जोर नहीं था, जैसा आज है। आज तो जिस युवा को देखिए, वह कंप्यूटर, आईटी, मैनेजमेंट समेत उन पेशों में जाने की तैयारी में लगा दिखाई देता है जो निर्माण क्षेत्र की बजाय सेवा क्षेत्र के दायरे में आते हैं। विश्वविद्यालयों और पेशेवर प्रशिक्षण देने वाली संस्थाओं में भी ऐसे पाठ्यक्रमों में युवाओं की भारी भीड़ है, जहां आईटी या कंप्यूटर इंजीनियर या बीपीओ जैसे सर्विस सेक्टर में काम करने के योग्य लोग तैयार किए जाते हैं। आईआईटी, आईआईएम समेत तमाम बड़े विश्वविद्यालय (खास तौर से निजी) अक्सर ये दावे करते पाए जाते हैं कि उनके यहां से दीक्षा पाकर निकले युवाओं में से कुछ को फेसबुक, अमेजन या ट्विटर आदि में अथवा किसी स्टार्टअप में सालाना करोड़ों का वेतन मिला है। हालिया प्रकरण ट्विटर से जुड़ा है। यहां मालिक के तौर पर जब कारोबारी ईलॉन मस्क ने जिम्मा संभाला तो वैरिफाइड अकाउंट यानी ब्लू टिक के लिए ग्राहक शुल्क का ऐलान करने के साथ भारतीय सीईओ पराग अग्रवाल और कई शीर्ष अधिकारियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया। खास मेहरबानी भारतीय कर्मचारियों पर की और भारत में अपनी कंपनी से 90 फीसदी कर्मचारियों को टाटा-बाय-बाय बोल दिया। इनमें से ज्यादातर कर्मचारी आईटी व कंप्यूटर इंजीनियरिंग जैसे पेशों से जुड़े हैं। अगर बात सिर्फ ट्विटर तक सीमित रहती तो शायद गनीमत होती। लेकिन इसकी आंच हाल-फिलहाल में फेसबुक के स्वामित्व वाली मेटा कंपनी और उससे भी पहले हमारे देश की उन ज्यादातर स्टार्टअप कंपनियों तक पहुंच चुकी है, जहां मूलतः कंप्यूटर या आईटी



(सूचना-प्रौद्योगिकी) से जुड़ा कामकाज होता है।

ऐसा सभी जगह नहीं हुआ। खासकर स्टार्टअप कंपनियों के सामने अपना कोराबार बचाने का संकट ही खड़ा हो गया। इनमें से कई स्टार्टअप पढ़ाई-लिखाई, कोचिंग और आईटी से संबंधित थे, तो कइयों का ताल्लुक घर बैठे खाना मंगाने की सहूलियत देने वाली ऑनलाइन फूड डिलीवरी से था। इनमें ऐसी स्टार्टअप कंपनियों की संख्या ज्यादा कही जाएगी, जिन्हें कोरोना वायरस के प्रकोप वाले दौर में ज्यादा काम मिल रहा था, क्योंकि लोग इनके माध्यम से घर बैठे कई काम संपन्न कर रहे थे, लेकिन जैसे ही कोविड-19 के असर में कमी हुई, इन कंपनियों का कामकाज मंद होने लगा।

**कमाई पर चौतरफा मार**

असल में ज्यादातर टेक कंपनियों के सामने सबसे ज्यादा मुश्किल नई चुनौतियों और दबावों से निपटने के लिए नई पूंजी जुटाना है, जिसके लिए वे कोई ठोस आश्वासन अपने निवेशकों को नहीं दे पा रही हैं। यह मार चौतरफा है। इसी के मद्देनजर ईलॉन मस्क इस आशंका से इनकार नहीं कर रहे हैं कि उनके स्वामित्व में आई सबसे नई कंपनी- ट्विटर अगर दिवालिया हो जाती है, तो इसमें कोई आश्चर्य होगा। सिर्फ आईटी या सोशल मीडिया कंपनियां ही नहीं, बल्कि ऑनलाइन कोचिंग ही नहीं, ओला जैसी ऐप-आधारित टैक्सी सेवाएं और क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने वाले स्टार्टअप जैसे कि जेमिनी, वाल्ड, बिटपांडा आदि भी पूंजी के सूखे से जूझ रहे हैं। ये स्थितियां तब हैं, जबकि भारत सरकार ने इस साल के आरंभ में जोर-शोर से दावा किया था कि देश में 60 हजार से ज्यादा स्टार्टअप शुरू हो चुके हैं। साथ ही यह भी कहा गया था कि भारत में हर दो-तीन हफ्ते में नए यूनिकॉर्न सामने आ रहे हैं। यूनिकॉर्न का आशय उन स्टार्टअप कंपनियों से है जिनका बाजार भाव एक अरब डॉलर (करीब 80 अरब रुपये) से ज्यादा हो। यह दावा खुद प्रधानमंत्री ने किया था। लेकिन इस दावे के फौरन बाद अप्रैल माह ऐसा रहा, जब एक साल में पहला अवसर आया जिस महीने में एक भी यूनिकॉर्न कंपनी सामने नहीं आई। यही नहीं, इस साल मार्च-अप्रैल में भारतीय स्टार्टअप कंपनियां वैश्विक बाजार से 5.8 अरब डॉलर यानी लगभग साढ़े चार-पांच खरब रुपये का निवेश जुटा सकीं, जो पिछले साल की इसी अवधि से करीब 15 फीसदी कम रहा।

**घटती कमाई, सूखता निवेश**

शुरूआती होड़ में दुनिया के बड़े निवेशकों ने विज्ञापन के बल पर मशहूर होने वाली स्टार्टअप कंपनियों में अरबों रुपये झोंक दिए। जैसे पिछले साल (2021 में) भारतीय स्टार्टअप कंपनी मीशो में सॉफ्टबैंक और फिडेलिटी जैसे बड़े निवेशकों ने करोड़ों का निवेश कर दिया था। इससे कंपनी की बाजार कीमत दोगुनी से ज्यादा बढ़कर पांच अरब डॉलर यानी साढ़े तीन खरब रुपये पर पहुंच गई थी। दावा है कि इसी झोंक में भारतीय स्टार्टअप कंपनियों ने पिछले साल 35 अरब डॉलर जैसी बड़ी रकम निवेश के रूप में हासिल कर ली थी। लेकिन सफलता की यह लहर जिस तेजी से आई थी, उसी तेजी से लौट गई।

# अपना

त्रिपुरारी पाण्डेय

आंखें जब भी रोई है ,
दिल जब भी टूटा है ,
उम्मीदों का स्वप्न टूटकर ,
जर्रा -जर्रा बिखरा है ,
वजह कोई अपना ही था !
की खिले -खिले से चेहरों पर ,जब भी गम छायी है ,
हंसती -खेलती जिंदगी में ,
जब भी खामोशी आयी है ,
वजह कोई अपना ही था !
की विजयपथ के राहों पर ,
जब भी कांटें हमने पायी है ,
बनती -बनती उम्मीदों पर ,
जब भी विघ्नता आयी है ,
वजह कोई अपना ही था !
की समंदर की लहरों को झेलकर भी ,
जब भी कश्तियाँ किनारों पर डूबी है ,गुजर रही बसंत जिंदगी में ,जब भी पतझड़ आयी है ,
वजह कोई अपना ही था !
की जश्न हो रही महफिल की ,जब भी रंग बदला है ,
मेरे जीवन की हार पर ,
जब भी जश्न कोई मनाया है ,
वजह कोई अपना ही था !
की जब भी बेघर -बेदर होने पर , कोई मंद -मंद मुस्काया है ,
जब भी हालातों के हाल देखकर ,कोई छुप -छुप के मौज उड़ाया है ,
वजह कोई अपना ही था !

# दुनिया भर में निमार्ण ठहर जाएगा?



प्रशांत झा

आज की वैश्विक दुनिया में इसे कोई गंभीर समस्या नहीं माना जाता कि कुछ उत्पाद दुनिया के दूसरे कोने में बनते हैं और हमारा देश अपनी जरूरतों के लिए उन पर निर्भर हो। सिर्फ इलेक्ट्रॉनिक सामान ही नहीं, कई किस्मों के अनाज, दालें, फल आदि भी विदेशों से हमारे यहां आते हैं। बेशक, इसकी एक कीमत हमें चुकानी पड़ती है। किंतु यह कीमत यदि देश में कोई उत्पाद बनाने के मुकाबले कम हो और उस सामान के आयात में कोई विलंब या बाधा नहीं हो, तो निश्चय ही कोई समस्या नहीं है। कुछ चीजें, फसलें भौगोलिक कारणों से देश में भारी मात्रा में या जरूरत के मुताबिक बन या पैदा नहीं हो सकतीं, जैसे कि पेट्रोल-डीजल झ्र तो ऐसी स्थिति में उन्हें आयात करना ही एकमात्र विकल्प है। लेकिन निर्माण संबंधी कुछ चीजों में भारत का पिछड़ना हैरान करता है। जैसे हमारे देश में सेमीकंडक्टर बनाने की इससे पहले कोई गंभीर कोशिश क्यों नहीं हुई, आज यह सबसे संजीदा सवाल बन गया है। हालांकि ऐसा नहीं है कि हमारे देश की कुछ कंपनियां इससे संबंधित निर्माण कार्य बिल्कुल ही न करती हों। इंटेल, माइक्रॉन और टीएसएमसी जैसी कुछ दिग्गज कंपनियों के इंजीनियर हमारे देश में दुनिया की बड़ी सेमीकंडक्टर निमार्ता कंपनियों के लिए चिप डिजाइन करते हैं। भारत में सेमीकंडक्टर प्रोडक्ट की पैकेजिंग और टेस्टिंग भी होती है। लेकिन आखिर में माइक्रोचिप्स अमेरिका, ताइवान, चीन और कुछ यूरोपीय देशों में ही बनाए जाते हैं। यह सुनने में अजीब लगता है कि जिस कंप्यूटर-आईटी में भारत खुद को अपनी युवा शक्ति-प्रतिभा के बल पर शीर्ष पर मानता रहा है, वह देश उसी क्षेत्र से जुड़े एक उत्पाद के निर्माण में निहायत फिसड्डी रहा है। इसकी एक वजह हो सकती है कि हमारे देश का अब तक मुख्य फोकस सर्विस सेक्टर (आईटी की सेवाएं आदि) पर रहा। तकनीकी क्षेत्र में भी हमारी कोशिश सॉफ्टवेयर में आगे बढ़ने की रही, न कि मैन्यूफैक्चरिंग (निर्माण) के क्षेत्र में झंडा गाड़ने की। हो सकता है कि इस स्थिति में कोई ज्यादा बदलाव आगामी कई दशकों तक आगे भी नहीं होता, लेकिन कोरोना वायरस के कारण पैदा हुए हालात ने कई तरह के इलेक्ट्रॉनिक सामानों की आपूर्ति में व्यवधान डाल दिया। ऐसे दौर में, जबकि दुनिया में सारा कामकाज घर बैठे कंप्यूटर, लैपटॉप, स्मार्टफोन पर संपन्न होने लगा और इन उत्पादों की मांग बढ़ गई, तो इनमें लगने वाले सेमीकंडक्टर्स की आपूर्ति रुक गई। कोविड काल में बंद पड़ी फैक्ट्रियों को वायरस का प्रसार थमने पर जैसे-तैसे शुरू किया गया तो पता चला कि मांग इतनी अधिक है कि इन चीजों की सप्लाई को सामान्य बनाने में अभी भी एक-डेढ़ साल लग सकते हैं। साथ ही, कच्चे माल और श्रम की लागत बढ़ने से इन उत्पादों की कीमतों में भी भारी इजाफा हो गया। रूस-यूक्रेन युद्ध और चीन की ताइवान को हड़पने की कोशिशों ने इसमें और मुश्किलें पैदा कीं, क्योंकि इस कारण सेमीकंडक्टर बनाने वाले शीर्ष देश ताइवान से इसकी आपूर्ति बाधित हो गई।

हालांकि चीन अपनी नाराजगी दिखाने के बावजूद ताइवान पर सीधे हमले की जुर्रत नहीं कर पा रहा है तो इसके पीछे ताइवान की सेमीकंडक्टर शील्ड की ही भूमिका है। बहरहाल, हमारे देश में अब इस मामले में सुधार आने की उम्मीद जगी है। कुछ ही समय पहले एक बड़े व्यापारिक समूह वेदांता ने आईफोन के उपकरण बनाने वाली कंपनी फॉक्सकॉन के साथ गुजरात में संयुक्त उपक्रम के रूप में सेमीकंडक्टर बनाने की विशाल फैक्ट्री लगाने के सहमति पत्र पर मुहर लगाई है।

अहमदाबाद के पास बनने वाली इस फैक्ट्री की कुल लागत में सरकार 25 फीसदी की छूट देगी और सस्ती बिजली समेत कई और सुविधाएं दी जाएंगी। इस फैक्ट्री की मुख्य तौर पर माइक्रोचिप के क्षेत्र में दूसरे देशों पर निर्भरता घटाने और इसके निर्यात की संभावना बनाने के अलावा जिस अन्य संदर्भ में एक बड़ी उपलब्धि देखी जा रही है, वह रोजगार भी है। इस तरह के प्रयासों से निश्चय ही टेक नौकरियों की संख्या बढ़ेगी और रोजगार के मामले में ठहराव की स्थिति कायम होगी।

(लेखक मोटिवेटर और ब्रदर्स एकेडमी से जुड़ें हैं।)

**महिलाओं के अधिकार...**



साभार कॉटूनमूवमेंट

स्पीड न्यूज

## नशा के खिलाफ बजरंग दल ने चलाया जागरूकता अभियान




रामगढ़। बजरंग दल रामगढ़ जिला द्वारा शुक्रवार को पूरे देश भर में चल रहे बजरंग दल सेवा सप्ताह के तहत नशा मुक्ति अभियान को लेकर रन फॉर हेल्थ कार्यक्रम आक्रश इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल मनतागढ़ा बाजार टांड रामगढ़ में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री छोटू वर्मा, बजरंग दल के जिला संयोजक भागीरथ पोद्दार उपस्थित थे। प्रिंसिपल दीपा वर्मा ने कहा कि आज देश के युवा विभिन्न प्रकार के व्यसनों में पड़कर अपना शरीर, अपना घर, अपना परिवार, अपना देश, धर्म-संस्कृति को बर्बाद करने में तुले है। यह चिंता का विषय है इसे हमें ही ठीक करना पड़ेगा,देश के युवा नशा छोड़ो,देश की दशा-दिशा मोड़ों और स्वामी विवेकानंद की तरह बनो।

## अग्रसेन स्कूल का मना स्थापना दिवस



भुरकुंडा (रामगढ़)।श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा का 25 वां स्थापना दिवस शनिवार को मनाया गया। समारोह का उद्घाटन स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया और प्राचार्य विवेक प्रधान ने किया। राजगढ़िया ने कहा कि विद्यालय बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए संकल्पित है। विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को संपूर्ण शिक्षा देते हुए उनकी सफलता की नींव तैयार करना है। इसी सोच के साथ विद्यालय आगे बढ़ रहा है। आने वाले चुनौतियों को भी स्वीकार कर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हम तत्पर हैं। आधुनिक शिक्षा व संस्कार बांटना ही हमारा उद्देश्य रहा है। स्थापना दिवस के अवसर पर बच्चों और शिक्षकों के बीच मिठाइयां बांटी गई।

## निधि इवेंटस का कार्यक्रम 31 को

रामगढ़। निधि इवेंटस रामगढ़ द्वारा नये वर्ष के उपलक्ष्य में 31 दिसंबर को गंगा रेजीडेंसी (अशोक टाकीज) रांची रोड में धूम मचाले कार्यक्रम होगा, जिसमें देश के जाने-माने कलाकारों द्वारा कार्यक्रम पेश किया जाएगा। आयोजन में झारखंड के जाने-माने कलाकारों को भी शामिल किया गया है । आयोजन में कोलकाता से प्रख्यात डीजे श्रेया, सिगरं मिस दिप्ती,सिंगर पारतौ प्रतिम, एंकर मौमीता, नटराज डासं ग्रुप आदि शामिल होंगे। आयोजन समिति ने बताया कि इस तरह का प्रोग्राम रामगढ़ में पहली बार हो रहा है। 1 लकी मेल, 10 लकी कूपन फ्री गिफ्ट दिया जायगा। इस मौके पर अजय सिंह, सत्येंद्र , आर डी शर्मा, संतोष , संजय गोस्वामी, रोहित कुमार , राजू राठौर, गौतम , सोनू , ऋषि पंडा, कुनाल , चिंटू मिश्रा,चिंटू मालाकार, डॉ संजय सिंह आदि उपस्थित थे।

## पटेलनगर में खुला सेल्फ स्पेस लाइब्रेरी

भुरकुंडा (रामगढ़)। पटेलनगर भुरकुंडा स्थित एसबीआई बैंक के समीप थर्ड प्लोर पर शनिवार को सेल्फ स्पेस लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया। इसका उद्घाटन भाजपा प्रमंडलीय प्रभारी योगेश दांगी, भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा और समाजसेवी चमन लाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके पूर्व पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पुरोहित दिलीप मिश्रा ने पूजा-अर्चना कराई। पूजा में लाइब्रेरी के संचालक के पिता शिव प्रसाद वर्मा, प्रोपराइटर राहुल वर्मा, सतीश वर्मा व आशीष वर्मा सहित दर्जनों लोग शामिल हुए।

## लायंस क्लब भुरकुंडा ने किया भंडारा



भुरकुंडा (रामगढ़)। लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस शनिवार को भी भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा का आयोजन किया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पंडित रामकुमार पाठक द्वारा शीतला माता की पूजा-अर्चना कराई गई। इसके बाद मां को भोग लगाया गया। तत्पश्चात भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा का शुभारंभ लायंस क्लब के लोगों ने संयुक्त रूप से श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण कर किया। इस अवसर पर फूड फॉर हंगर के तहत करीब 430 लोगों को भरपेट भोजन कराया गया।

## सेवानिवृत कर्मी की दी गयी विदाई



भुरकुंडा (रामगढ़)। सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल भुरकुंडा में अस्पतालकर्मी के सेवानिवृति पर शनिवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर अतिथि डॉ. नदीम अनवर और डॉ. रिया कुमारी ने सेवानिवृति कर्मी पियून ओमप्रकाश मुंडा को पुष्प गुच्छ देकर भावभीनी विदाई दी। डॉ. नदीम अनवर ने कहा कि सेवानिवृति नौकरी का हिस्सा होता है। हर कर्मी को एक न एक दिन इस रास्ते से गुजरना ही पड़ता है। उन्होंने ओमप्रकाश मुंडा के स्वस्थ शरीर और सुखद जीवन की कामना करते हुए विदाई दी। मौके पर ललन प्रसाद, फारूक राजा, राहुल झा, जोगेंद्र बड़ाईक, अमलेश भौमिक, कन्हैया सिंह यादव, रंजन राम, दिवाकर, जितेंद्र, सिस्टर कुजूर, रजनी गुलाब एक्का, सुनीता देवी, जयमुंती देवी, रुखसाना, सत्यनारायण गुप्ता, राजेंद्र मुंडा, बाबू दास सहित समस्त अस्पताल परिवार मौजूद थे।

## सर्वोदय स्कूल में नृत्य प्रतियोगिता

कुजू। शिवपुरी कॉलोनी स्थित सर्वोदय निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जूनियर छात्र छात्राओं के लिए समूह नृत्य प्रतियोगिता हुआ,कक्षा द्वितीय से सप्तम तक के दर्जनों छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्राचार्य सूर्यनाथ यादव ने बताया कि योग एवं व्यायाम की तरह ही नृत्य भी हमारे देश की पुरातन धरोहर है। नृत्य के द्वारा न सिर्फ हम स्वयं को स्वस्थ रख पाते हैं, बल्कि नृत्य हमे मानसिक शांति का भी अनुभव करता है। प्राचार्य ने विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सिंधु गुप्ता, रजनी कुमारी और गजाला परवीन ने निर्णायक की भूमिका निभाई। जबकि ज्योति कुमारी, पूजा कुमारी और दीपा कुमारी ने साज सज्जा में सहयोग किया।

# डाड़ी के चेपाकला में प्रकाश ठाकुर की गोली मारकर हत्या

## जंगलों में पुलिस कर रही है छापेमारी

**हजारीबाग की जिला परिषद अध्यक्ष सुशीला देवी के पति के हमले का मुख्य सूत्रधार था**



खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग/बड़कागांव।** अज्ञात अपराधियों ने शुक्रवार देर रात बड़कागांव के चेपा निवासी प्रकाश ठाकुर(38) की गोली मारकर हत्या कर दी। अपराधी पांच-सात की संख्या में आए और दरवाजा खुलवाकर बिना कुछ कहे गोली चला दी। घटना की सूचना मिलते ही डाड़ी थाना प्रभारी घटना स्थल पर पहुंचे और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल हजारीबाग भेज दिया। थाना प्रभारी पिंटू कुमार ने बताया कि प्रकाश ठाकुर की हत्या किसने की, इसकी जानकारी पुलिस जुटा रही है। साथ ही आसपास के जंगलों में सघन छापेमारी अभियान पुलिस कर रही है। फिलहाल परिजनों के जरिये समाचार लिखे जाने तक किसी को नामजद आरोपित नहीं बनाया गया है। बताया जा रहा है की प्रकाश ठाकुर लखन साव पर गोली चलवाने के आरोप में लगभग दो वर्ष पूर्व जेल से जमानत पर रिहा हुए थे।

अपराध से रहा है पुराना नाता

वर्ष 2017 में हजारीबाग की जिला परिषद अध्यक्ष सुशीला देवी के पति लखन साव पर दिनदहाड़े हजारीबाग शहर में हुए हमला हुआ था। घटना का मुख्य सूत्रधार बड़कागांव के प्रकाश ठाकुर को माना गया था। हमले में शामिल शूटरों और अन्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद प्रकाश ठाकुर को गोलीकांड का मास्टरमाइंड बताया था। उस मामले में बिहार के अलग-अलग स्थानों से तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए थे। इनमें मुंगेर जिले के सरौवनवां गढ़ी से पप्पू चौधरी, लखीसराय के अगला पीरीबाजार थाना क्षेत्र के महेशपुर से पंकज कुमार तथा बख्तियार लेख के सलेमपुर थाना क्षेत्र के विधिपुर से नीतेश गौतम की गिरफ्तारी की गई थी। बड़कागांव का प्रकाश ठाकुर लखन साव का पूर्व में बॉडीगार्ड रह चुका था। लखन से अलग होने के बाद प्रकाश एनटीपीसी में काम कर रहा था। उसे भय था कि उसके बढ़ते प्रभाव के कारण उसका काम लखन न केवल ठप करा सकता है, बल्कि उसकी हत्या भी कर सकता है।इसके बाद उसने इसकी चर्चा दोस्तों से करने पर उसका संपर्क शूटर पप्पू चौधरी से कराई थी। सिंदूर के मनोकामना होटल में बैठक के बाद सौदा 25 लाख रुपए में तय हुआ और पचास फीसदी भुगतान के बाद घटना को अंजाम दिया गया था। हालांकि उस घटना में लखन साव को गोली भी लगी थी और वे बाल बाल बच गए थे परन्तु वे आज तक पूर्ण रूप से स्वस्थ नहीं हो हैं। उनको हर माह इलाज के लिए दिल्ली आना जाना पड़ता है। गोलीकांड और हत्या के आरोप में प्रकाश ठाकुर को गिरफ्तार भी किया गया था और वे दो वर्ष पूर्व जमानत पर बाहर आये थे।

# पठवा हनुमान मंदिर का मना स्थापना दिवस

**ऐसे आयोजन से लोगों में धर्म के प्रति बढ़ती है आस्था : रौशनलाल चौधरी**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रजरप्पा।** पठवा हनुमान मंदिर का 39वां स्थापना दिवस शुक्रवार को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में अनुष्ठान भंडारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह पूजा एवं रुद्राभिषेक कार्यक्रम प्रारंभ हुई। पूजा के बाद प्रसाद वितरण किया गया। 24 घंटे अखंड हरि कीर्तन भी संपन्न हुआ। स्थापना दिवस को लेकर पूरे पठवा हनुमान मंदिर परिसर को पूरी तरह आकर्षक विद्युत सज्जा एवं रंगो से रंगा गया था. वही रात्रि में भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मौजूद रजरप्पा जीएम कल्याणजी प्रसाद ने मंच पर स्थित देवी-देवताओं के तस्वीर के समक्ष दीप जलाकर व चुनरी चढ़ा कर के क्षेत्र के लिए सुख समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम से पूर्व गणेश वंदना एवं हनुमान जी का आरती से शुरू की गई. मौके पर जीएम ने कहा कि विशाल भंडारा एवं भव्य देवी जागरण का आयोजन बहुत बड़ी बात है। यहां के लोग भक्ति भावना से पूरी तरह ओत प्रोत हैं। रजरप्पा भक्ति की अविरल धारा बहती है। हर पर्व, त्यौहार के मौके पर सभी लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। यहां के लोगों में बेहतर कार्य करने की होड़ मची रहती है। ऐसी भक्ति भावना शायद ही कहीं देखने को मिले। वही मुख्य अथिति के रूप में मौजूद बड़कागाँव विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि धार्मिक आयोजन से लोगों में धर्म के प्रति आस्था बढ़ती है। लोग आपसी वैमनस्यता को भूला कर धार्मिक अनुष्ठानों में लीन हो जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि भक्ति में अपारशक्ति है। इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन से मानसिक विकार दूर होता है। भक्ति जागरण में भजन गायक दलजीत सिंह दीवाना, अमित तिवारी, गायिकी स्वीटी राज, स्वेता, सदानंद आदि ने भजन सुनाकर लोगों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। खासकर राम आएंगे, ए गणेश की मम्मी आदि गीतों से रजरप्पा कोयलांचल वासी खूब झूमें. संजय रांची द्वारा भव्य झांकियों को देखकर भक्त मंत्रमुग्ध हो गए। बताते चले कि पठवा हनुमान मंदिर का स्थापना 1985 ई. में किया गया था। कार्यक्रम का संचालन बबलू सिंह ने की. इससे पूर्व यहां पहुँचे अतिथियों व अन्य लोगों का कमेटी द्वारा चुनरी पहनाकर स्वागत किया गया एवं मंदिर का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। आयोजन को सफल बनाने में पठवा हनुमान समिति के संरक्षक उमेश महतो, अध्यक्ष सह सेवई उत्तरी पंचायत मुखिया कुलदीप सिंह, दक्षिणी मुखिया किरण कुमारी, ललिता देवी सहित थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय, रजरप्पा पीओ आरके सिंह, प्राचार्य उमेश प्रसाद, चंदेश्वर सिंह, राजेंद्र नाथ चौधरी, अरुण चौधरी, महेंद्र मिस्त्री, चंद्रशेखर पटवा, किशुनलाल साव, सुखदेव करमाली, अरुणज्य कुमार रवि, जीवन महतो, सुजीत सिंह, आदित्य सिंह, संजीव घोष, अजय सिंह, रंजीत सिंह राठौर, सुरेंद्र प्रसाद, नवीन कुमार, विजय कुमार, अमित कुमार, संदीप कुमार, सुनील कुमार, प्रकाश यादव, अलबेला बाबा, नीलेश मिश्रा, शुभम गुप्ता, तारा प्रसाद, सोनू कुमार, संटू सहित सैकड़ो महिला पुरुष एवं धर्मप्रेमी मौजूद थे।

## शादी में बनारस गया परिवार, चोरों ने घर को किया साफ



**कुजू।** पोस्ट ऑफिस कुजू के पास एक आवास में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। मामले को लेकर भुक्तभोगी प्रमोद कुमार सिंह ने कुजू ओपी में आवेदन दिया। जिसमें उन्होंने कहा है कि 27 नवंबर को अपने सपरिवार के साथ शादी समारोह में भाग लेने के लिए बनारस गये हुए थे। इस दौरान घर में ताला लगाये भी थे। इस बीच चोरों ने आवास का ताला तोड़कर कमरे के अलमीरा से जेवरात, सोने के नेकलेस, अंगुठी, चांदी का पायल, सोने का लॉकेट, चांदी का सिक्का, चांदी का बिस्कुट, सोनी कंपनी के टीवी के साथ ईन्वटर और बैटरी अपने साथ ले गये। जब हम लोग 29 नवंबर की रात्रि करीब 12 बजे घर पहुंचे तो देखा कि आवास का ताला टूटा हुआ है, और सामान गायब है।

## परवरिश स्कूल में कबड्डी प्रतियोगिता



**कुजू।** कुंदरियाबांध स्थित परवरिश विद्यालय के प्रांगण में छात्रों के बीच प्रतियोगिता कराया गया। जूनियर टीम के कक्षा पहली से कक्षा तीसरी के छात्र और सीनियर टीम कक्षा चौथी से कक्षा आठवीं के छात्र शामिल हुए। जिसमें दोनों टीम के अंतर्गत चार ग्रुप में बांटा गया, जूनियर ,ए बी सी डी एवं सीनियर ए बी सी डी। खेल का आगाज विद्यालय के निर्देशक शैलेंद्र कुमार सिंह एवं प्रबंधक निदेशक विकास कुमार सिंह के शुभकामनाओं के द्वारा और राष्ट्रीय गान के साथ किया गया। खेल की कोच संगीता कुमारी की अगुवाई से कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न कराया गया। इस खेल का कमेंट्री विद्यालय की शिक्षिका सुश्री नंदिनी झा ने बहुत ही शानदार तरीके से किया।

## अपराधियों ने तोपा कांटा घर के अधिकारी को दी धमकी

**कुजू।** कुजू में अपराधियों ने एक बार फिर से रंगदारी को लेकर धमक दी है। अपराधी अब तोपा कोलियरी में माइनिंग शुरू होने से पहले ही रंगदारी मांगने के लिए अपराधियों ने अपने झंडे गाड़ने का प्रयास किया है। इसी के तहत शनिवार को तोपा परियोजना में इसका खासा असर देखने को मिला। दो दिन पूर्व तोपा चेक पोस्ट पर गोलीबारी कांड करने के बाद राहुल दूबे गैंग द्वारा कांटा घर के एक अधिकारी को फोन पर धमकी दी गई है। जिसमें राहुल दुबे नामक गैंग के अपराधकर्मियों ने कांटा घर के अधिकारी को मैनेज नहीं होने तक काम बंद रखने की चेतावनी दी है। जिसके बाद कांटा घर में सन्नाटा पसर गया। सभी अधिकारी अनिश्चितकालीन के लिए ठप्प कर कांटा घर को बंद कर दिया। जिसके कारण तोपा परियोजना से कोयला संप्रेषण कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गया। साथ ही लोकल सेल में चलने वाली ट्रकों की एंट्री बंद होने से कोयला ढुलाई ठप पड़ गया। अधिकारियों ने कुजू पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने छानबीन की। अपराधियों की धमक के बाद से चेक पोस्ट में भी ताला लगा पड़ा है।

## नौनियाबेड़ा गांव का सीसीएल के अधिकारियों ने लिया जायजा



**कुजू।** सीसीएल तापिन परियोजना के नॉर्थ आउटसोर्सिंग खादान से महज 200 मीटर पर स्थित प्रभावित गाँव नौनियाबेड़ा के ग्रामीणों से मिलने के लिए परियोजना प्रबंधन आरएन सिंह तापिन पहुंचे। इस दौरान अबुआ संथाल समाज के केंद्रीय कोषाध्यक्ष सह झामुमो नेता दीपक टुडू के नेतृत्व में उन्होंने गांव के ज्वलंत समस्यों से अवगत हुए। साथ ही पूरे गांव का भ्रमण कर समस्याओं के समाधान को लेकर हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि गांव के विकास हो इसके लिए उच्चाधिकारियों तक आप सभी लोगों के समस्याओं को पहुंचाया जायेगा। मौके पर नौनिया ग्राम प्रधान रोहित मरांडी, पाहन चेतलाल सोरेन, प्राणिक अघनु बेसरा, सानू मदन सोरेन, अनिल सोरेन, साहेबराम मरांडी, अजय मरांडी, विजय किस्कू, सुखदेव बेसरा, सुलेन्द्र किस्कू, रूपन सोरेन, भारत टुडू, चंद्र देव मरांडी आदि शामिल थे।

# रामगढ़ में आठ दिसंबर से चलेगा पल्स पोलियो अभियान

## घर-घर जाकर बच्चों को पिलायी जायेगी पोलियो की खुराक : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** बच्चों के नियमित टीकाकरण, पल्स पोलियो अभियान को लेकर शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग के जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान उपायुक्त सहित उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई कि पल्स पोलियो अभियान के तहत 8 दिसंबर से 10 दिसंबर तक 0 से 5 वर्ष तक के 171692 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित है ।

जिसमें 8 दिसंबर को 1067 बूथों पर व 9 एवं 10 दिसंबर को घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का कार्य किया जाएगा उक्त कार्य हेतु 49 ट्रांजिट टीम एवं 34 मोबाइल टीम बनाए गए हैं साथ ही 153 पर्यवेक्षकों को कार्य में लगाया जाएगा। मौके पर उपायुक्त में सफलतापूर्वक पल्स पोलियो अभियान संपन्न करने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया । उपायुक्त ने नियमित टीकाकरण के तहत स्वास्थ्य विभाग के पूर्व में हुई जिला स्तरीय टास्कफोर्स की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली जिसके उपरांत डब्लूएचओ एसएमओ से डॉ सलीन द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से उपायुक्त एवं बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को रामगढ़ जिले में बच्चों के नियमित टीकाकरण के तहत खसरा एवं रूबेला सहित बच्चों में नियमित टीकाकरण के अभाव में होने वाली विभिन्न बीमारियों को लेकर जिले में अब तक हुए कार्यों की जानकारी एवं उनमें किए जाने वाले सुधार के संबंध में किए जाने वाले कार्यों के बारे में बताया गया।उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, चिकित्सकों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को खसरा एवं रूबेला संबंधित मामलों की पहचान हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने एवं सर्विलेंस सिस्टम में सुधार के तहत सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों आदि में आने वाले बच्चों जिनमे घमौरी के साथ-साथ बुखार के लक्षण हो उन्हें चिन्हित कर डीआरसीएचओ एवं डब्लूएचओ के चिकित्सकों के संज्ञान में लाने का निर्देश दिया।

एक नजर में

## टाइल्स लदा ट्रेलर पलटा, एक की मौत



**बड़कागांव।** हजारीबाग की ओर से टाइल्स लदा 18 चक्का ट्रेलर (बीआर 24 जीडी 1117) अनियंत्रित होकर बड़कागांव हजारीबाग मुख्य सड़क के 13 माईल के पास पलट गया। इस बीच बाइक (जेएच 02 एवी 1998) से जा रहे केरेडारी प्रखंड के कांडबेर निवासी केदार साव (50) टाइल्स ने नीचे दबकर मौत हो गई।इसकी सूचना कंडाबेर मुखिया दिनेश साव को देकर मुआवजे की मांग को लेकर 13 माइल के पास सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम की खबर मिलते ही पूर्व विधायक निर्मला देवी धरने स्थल पर पहुंच कर धरने में मृतक के परिजनों के साथ बैठकर मुआवजा की मांग करने लगी। बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी सहित घटना स्थल पर पहुंचे और मृतक के परिजनों से मिले।

## बच्चों से लदा वाहन गड्ढे में गिरा, एक घायल



कटकमसांडी। शनिवार को करीब आठ बजे सुबह हजारीबाग से कटकमसांडी की ओर जा रहा एक सवारी वाहन लखनु छल्टा मोड़ पर अनियंत्रित होकर गड्ढे मे जा गिरा। यह सवारी गाड़ी मटवारी स्थित किसी कोचिंग संस्थान से बच्चों को तमासीन (चतरा) शैक्षणिक भ्रमण के लिए जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चालक ने अपने सूझबूझ से वाहन को पलटने से बचाया। वरना बहुत बड़ी घटना घट सकती थी। इनमे एक बच्चे के सिर मे चोटें आई है, जिसे बेहतर इलाज के लिए शेख भिखारी मेडिकल कालेज अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर कटकमसांडी थानाप्रभारी राज वल्लभ कुमार मौके पर पहुंचकर सभी बच्चो को अन्य वाहनो से वापस हजारीबाग भेजवाया और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को थाने लाया। बता दें कि कटकमसांडी हजारीबाग पर स्थित लखनु छलटा तीखी मोड़ पर आए दिन वाहनें दुर्घटनाग्रस्त होती है, जिनमें अबतक आधा दर्जन लोगों की मौतें हो चुकी है। स्थानीय लोग कई बार जिला प्रशासन को मोड़ के दोनों ओर स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की है।

## चरही : सड़क दुर्घटना में चालक की मौत

चरही।थाना क्षेत्र के चरही ओभर ब्रिज के समीप शनिवार को सड़क दुर्घटना में हाइवा ट्रक के चालक को मौत हो गई।जानकारी के अनुसार हाइवा नबर जेएच 02 पीएस/1056 के चालक चतरा जिला के तन्डवा निवासी धनेसर प्रसाद ट्रक को कोयला लोडिंग के लिए हजारीबाग से पतरातू जा रहा था।इसी बीच पीछे से आ रही अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई।।जिस कारण ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।चरही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चालक को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया।जहां पर इलाज के क्रम में मौत हो गई।

## प्राचार्य ने विधायक मनोज यादव को दी बधाई

बरही। बरही डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जयप्रकाश आनंद ने बरही विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक मनोज कुमार यादव को प्रचंड बहुमत से जीत की बधाई दी। डॉ जयप्रकाश आनंद ने विधायक मनोज यादव से मुलाकात कर उन्हें पुष्पगुच्छ और फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने विधायक को बरही डिग्री कॉलेज में आयोजित होने वाले नव नामांकित छात्र-छात्राओं के इंडक्शन मीट में मुख्य अतिथि के रूप में आने का निमंत्रण दिया। प्राचार्य ने विधायक को बरही विधानसभा का प्रतिनिधित्व करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आशा जताई कि बरही के सरकारी डिग्री कॉलेज आने वाले समय में विधायक के सहयोग से नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा।

## संदीप दुबे के निधन पर दी गयी श्रद्धांजलि




हजारीबाग। जिला अभिलेखागार कार्यालय, हजारीबाग में कार्यरत लिपिक संदीप कुमार दुबे का ईलाज के दौरान शनिवार पूर्वाह्न में निधन हो गया है। वें लंबे समय से बीमार थे। उनके दुखद निधन एवं दिवंगत आत्मा की शांति के लिए उपायुक्त नैंसी सहाय एवं उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद समेत सभी समाहरणालय के सभी अधिकारी कार्मियों ने सभाकक्ष में दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर उपायुक्त ने श्री दुबे की असामयिक निधन पर अपनी गहरी संवेदना प्रकट की और ईश्वर से उनके परिवार को इस दु:ख की घड़ी में धैर्य धारण करने की प्रार्थना की।

## लिपिक के निधन पर अंचल कार्यालय में शोक सभा

**बरही।** बरही प्रखंड सह अंचल कार्यालय में हजारीबाग अभिलेखागार कार्यालय के लिपिक संदीप कुमार दुबे के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। सभा में सभी पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा और श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने दिवंगत संदीप कुमार दुबे के परिवार को इस कठिन समय में धैर्य और साहस प्रदान करने की प्रार्थना की।शोक सभा में बरही बीडीओ जयपाल महतो, सीओ अमित किस्कू, सीआई रीतलाल रजक, बड़ा बाबू गोपाल राम, मो इम्तियाज, कमलेश भारती, विजय कुमार, महेंद्र प्रसाद, जेएसएलपीएस बीपीएम केदार प्रजापति, जितेंद्र रविदास, प्रशांत कुमार, जीवलाल, मोहन मिर्धा, सागर कुमार समेत सभी पंचायत सचिव, अनुसेवक व प्रखंड और अंचल कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान बीडीओ ने सभी कर्मियों से ठंड में पौष्टिक आहार का सेवन करने का सलाह दिया। साथ ही अपने दैनिक जीवन में स्वास्थ्य पर ध्यान देने की बात कही।

## सीधे ऑफिस में संपर्क करे जनता : सीओ



बरही। बरही अंचल अधिकारी अमित किस्कू ने पत्रकारों को बताया कि किसी भी अंचल संबंधी कार्यों को लेकर आम जनता सीधे उनके कार्यालय से संपर्क कर सकते है। उन्होंने बताया कि सरकारी कार्यों को पारदर्शी और सरल बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है, ताकि जनता को बिचौलियों पर निर्भर न रहना पड़े। बरही अंचल अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी प्रकार के भूमि संबंधी विवाद, दाखिल-खारिज, मालगुजारी तथा अन्य प्रशासनिक मामलों के समाधान के लिए कार्यालय हमेशा तत्पर है। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाते हुए कहा कि सभी समस्याओं का निपटारा त्वरित और निष्पक्ष तरीके से किया जाएगा।

## किसान का पुआल व धान जलकर खाक

दारू। कबिलासी पंचायत के गाड़ीसाड़म के बटवारी टांड के एक खलिहान में आग लगने से खलिहान में रखा पुआल व धान जल कर राख हो गया। यह घटना सुबह के करीब 9 :15 बजे कि है। खलियान में रखे 250 बोझा का पुआल और धान का नुकसान हुआ। ग्रामीणों की तत्परता से आग पर जल्द ही काबू पा लिया गया और बागल के खलिहानों में फैलने से बचाव किया गया। खलिहान विशेश्वर महतो का था। खलिहान में आग कैसे लगा इसकी भनक किसी को नही लग पाया है। ग्रामीणों के द्वारा कई प्रकार का कयास लगाया जा रहा है। हालांकि पुआल जल जाने से कृषक के समक्ष अपने मवेशियों को साल भर चारा खिलाने की समस्या उत्पन्न हो गई है, विशेश्वर महतो काफी मायूस भी दिखे।

स्पीड न्यूज

## कार व हाईवे के टक्कर में तीन घायल

**गिद्धौर।** प्रखंड में स्थित होंडा शोरूम के पास एक अनियंत्रित कार ने कोल वाहन हाईवा में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार सड़क किनारे बनी नाली में जा घुसी और उसमें सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना शनिवार की सुबह करीब 4:00 बजे की है और कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। कार में सवार लोग लोवागड़ा के बताए जा रहे हैं, लेकिन इस हादसे की जानकारी अभी तक किसी को नहीं हुई है।

## अंचलाधिकारी ने कर्मियों के साथ किया बैठक दिए कई निर्देश




**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय परिसर में अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा ने कर्मियों के साथ बैठक की और उन्हें कई निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जमीन का दाखिल खारिज होना शुरू हो गया है और बच्चों का जातीय आवासीय प्रमाण पत्र बनाने का निर्देश मिला है। अंचलाधिकारी ने कर्मियों को निर्देश दिया कि वे लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करें। बैठक में सियाई प्रमोद कुमार सिंह, पप्पू कुमार, ऑपरेटर राहुल कुमार और अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## सरसों बीज किट और नैनो यूरिया जैविक खाद का वितरण



**गिद्धौर।** प्रखंड में संचालित सिंगल विंडो पर शनिवार को महिला और पुरुष किसानों के बीच सरसों बीज किट और नैनो यूरिया जैविक खाद का वितरण किया गया। यह कार्य एटीएम प्रभात कुमार सिंह द्वारा किया गया। किसानों को बताया गया कि खेत में सरसों लगाएं और नैनो यूरिया का छिड़काव करें, जिससे सरसों की बेहतर उपज होगी। बारियातू पंचायत से 36 और गिद्धौर पंचायत से 38 महिला-पुरुष किसानों के बीच बीज वितरण किया गया। उपस्थित किसानों में सुरेश प्रसाद राणा, आदित्य दांगी, रंजीत डांगी, योगेश्वर दांगी, उमेश दांगी, बबलू दांगी, बहादुर सिंह, सागर सिंह, कृषक सखी चंचला देवी, आशा देवी, सुनीता देवी, काजल देवी, रिंकी देवी, अंजू देवी, पार्वती देवी और दर्जनों अन्य महिला-पुरुष किसान उपस्थित थे।

## मगध-आम्रपाली कोल परियोजना से हो रहा अवैध कोयले का कारोबार



**चतरा।** जिले में सीसीएल की संचालित मगध-आम्रपाली कोल परियोजना से प्रतिदिन 20 से 30 ट्रक और हाइवा के माध्यम से भारी मात्रा में अवैध कोयले का कारोबार हो रहा है, जिसे सीधे डेहरी मंडी पहुंचाया जा रहा है। तीन दिन पहले सिमरिया थाना क्षेत्र में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा की गई गुप्त कार्रवाई में अवैध कोयला लदे एक ट्रक को जब्त किया गया, जिसमें 25.50 टन अवैध कोयला लदा हुआ था। सूत्रों का कहना है कि अंतरराज्यीय वाहनों से कोयले की ढुलाई करने वाले गिरोह इस अवैध कारोबार में सक्रिय हैं। माना जा रहा है कि कुछ सफेदपोशों की मिलीभगत से ही कोयले की चोरी की घटनाओं को सफलतापूर्वक अंजाम दिया जा रहा है।

### मासिक लोक अदालत का आयोजन, कुल 10 वादों का किया गया निष्पादन साथ ही 7,20,000 रूपये राजस्व की वसूली

# लोक अदालत किसी परिचय का मोहताज नहीं : प्रधान जिला जज



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के आलोक में कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी के मार्ग दर्शन में व जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी ने कहा कि आज के वर्तमान परिवेश में लोक अदालत किसी परिचय की मोहताज नहीं है, यही कारण है कि इसकी लोकप्रियता दिन प्रति दिन बढती जा रही है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में दिए गए फैसले में दोनों पक्षों की जीत होती है तथा यह फैसला दोनों पक्षों को संतुष्ट करता है। कोई पक्ष इसे थोपा हुआ महसूस नहीं करता है। लोक अदालत में दिए गए निर्णय के विरुद्ध कहीं भी कोई अपील नहीं होती। लोक अदालत का निर्णय अंतिम निर्णय होता है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत शीघ्र, सस्ता और सुलभ न्याय प्रदान करने का सशक्त माध्यम है। लोक अदालत का फैसला अंतिम होता है। उन्होने कहा कि लोक अदालत में बढ़ रही भीड़ इस बात का परिचायक है कि लोक अदालत आम लोगों के बीच कितना लोकप्रिय होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में जहां एक ओर लोगों के समय और पैसे की बचत होती है। वहीं दूसरी ओर न्यायालय से मुकदमों का बोझ कम होता है।

**लोक अदालत में कुल सात बेंचों का गठन :** इस लोक अदालत में कुल सात बेंचों का गठन किया गया। बेंच संख्या एक में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय अमितेश लाल व अधिवक्ता सुरेश कुमार, बेंच संख्या दो में जिला जज तृतीय राकेश चंद्रा व अधिवक्ता भुनेश्वर राणा, बेंच संख्या तीन में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित कुमार वैश व अधिवक्ता किर्ती कुमारी, बेंच संख्या चार में एसीज़ेएम मनोरंजन कुमार व अधिवक्ता शांति कुमारी, बेंच संख्या पांच में एसडीज़ेएम कंचन टोप्पो व अधिवक्ता रीना कुमारी, बेंच संख्या छह में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी ज्योत्सना पाण्डेय व अधिवक्ता संगीता रानी एवं बेंच संख्या सात में स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष डॉ. आरके. तिवारी, सदस्य ममता सिंह ने मामले की सुनवाई की। लोक अदालत में चार बेंचो के माध्यम से कुल 10 वादों का निष्पादन किया गया, जबकि विभिन्न विभागों से कुल 7,20,000 रुपये राजस्व की वसूली की गई। मौके पर जिला जज प्रथम गुलाम हैदर, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रभारी सचिव मनोरंजन कुमार, मुंसिफ मिथिलेश कुमार न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी शिवांगी प्रिया, नमिता मिंज, विद्युत विभाग, उत्पाद विभाग के अधिकारी, न्यायालय कर्मी रणजीत कुमार सिंह, मूंगा लाल दास, राजेंद्र कुमार, मनोज मिश्रा, रंजीत कुमार, राजीव रंजन, प्रियंका कुमारी, कुमार संजय, विकास कुमार, महेश्वर कुमार, राजीव कुमार, रवि कुमार, पीएलवी. रविन्द्र कुमार, पाण्डेय शेखर प्रसाद, मोनिका कुमारी, मनोज कुमार, कंचन कपूर समेत अन्य लोग मौजूद थे।

एक नजर में

## चतरा जिला क्रिकेट लीग मैच का हुआ उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** चतरा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तहत जवाहर फुटबॉल मैदान में शनिवार को जिला क्रिकेट लीग मैच का उद्घाटन हुआ। जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के जिला प्रतिनिधि गोपाल सहाय, जिला क्रिकेट एसोसिएशन संघ के जिलाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, सांसद कालीचरण के पुत्र नितिश कुमार,जिला क्रिकेट लीग अध्यक्ष प्रेम राणा, जिला उपाध्यक्ष शुभम सिंह, कोषाध्यक्ष सरोज सिंहा, मुखिया निर्मला देवी, मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम में उपस्थित चतरा विधायक व जिला परिषद उपाध्यक्ष सहित अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। क्रिकेट लीग मैच का पहला मैच गिद्धौर बनाम पिपरवार सीनियर के बीच खेला गया। पिपरवार की टीम ने पहले टॉस जीतकर निर्धारित 25 ओवर में 7 विकेट खोकर 229 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी गिद्धौर की टीम 14 ओवर में 87 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। गिद्धौर की तरफ से जिगर कुमार राणा ने 14 गेंद में 39 रन बनाए, जिसमें पांच छक्के और दो चौके शामिल हैं। पिपरवार सीनियर टीम के ऋषभ कुमार ने 4 ओवर में 14 रन देकर 5 विकेट लिए और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## किशोरी और महिलाओं के साथ स्वच्छता माहवारी का प्रशिक्षण

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत पिपचो पंचायत के घाघडीह गांव में अनाहत फोर चेंज फाउंडेशन और फ्यूजन फाइनेंस संस्था द्वारा संचालित गरिमा परियोजना के तहत किशोरी और महिलाओं के साथ स्वच्छता माहवारी से संबंधित प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें हेल्थ ट्रेनर अर्चना कुमारी ने कहा आज भी हमारे समाज में माहवारी को लेकर खुलके चर्चा नहीं होती है। यह प्राकृतिक प्रक्रिया है, माहवारी को अभिशाप न समझकर इसे सौंदर्य समझे और समाज में इसपर खुल के चर्चा हो। साथ ही माहवारी संबंधित वैज्ञानिक पक्ष पर चर्चा किए। प्रशिक्षण में उपस्थित मुखिया रामेश्वर यादव ने कहा कि माहवारी से जुड़े प्रोडक्ट का सही निपटार कैसे हो इस पर लोगों का समझ बने। मौके पर संतोष रविदास, रिंकी कुमारी, विनीता कुमारी, संजू देवी, करिश्मा कुमारी, रेखा कुमारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### नाबालिग से जबरन दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष सश्रम कारावास

# अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम गुलाम हैदर की आदालत ने सुनाई सजा

**जुर्माना की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्तसजा भुगतनी होगी**

खबर मन्त्र संवाददाता





**कोडरमा।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम सह स्पेशल पोक्सो अदालत के न्यायाधीश गुलाम हैदर की अदालत ने स्पेशल पोक्सो 22/2022 की सुनवाई करते हुए फरमान खान पिता स्व. अजीज खान, खेसकरी जयनगर 20 वर्ष को 15 वर्षीय नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने एवं जबरन दुष्कर्म करने के मामले में दोषी पाया और सजा सुनाई। न्यायालय ने अंडर 6 पोक्सो एकट के तहत दोषी पाते हुए 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 10 हजार रूपये जुर्माना भी लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं न्यायालय ने 363 भादवि के तहत दोषी पाते हुए 5 वर्ष कारावास की सजा सुनाई, साथ ही दो हजार रूपये जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर दो माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। 366 भादवि के तहत 7 वर्ष की सजा सुनाई और 3 हजार जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर तीन माह अतिरिक्तसजा भूतनी होगी, सभी सजाऐ साथ-साथ चलेगी।

## सप्ताहिक घाट बाजार से दो मोटरसाइकिल की चोरी

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचायत नावाडीह एक में लगने वाला सप्ताहिक घाट बाजार से फिर एक बार दो मोटरसाइकिल की चोरी हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। वहीं मोटर साइकिल चोरी हो जाने पर नवलशाही थाना क्षेत्र के डोंगोडीह निवासी मोहन साव एवं मरकच्चो थाना क्षेत्र के लोहोंडीयो निवासी विजय यादव ने आवेदन देखकर अपने मोटरसाइकिल की खोजबीन करने की गुहार लगाया है। इस दौरान उन लोगों ने कहा कि मोटर साईकिल खड़ा कर शुक्रवार बाजार में सब्जी खरीदने गए, जब वापस लौटे तो देखा कि मोटर साईकिल नही है। वहीं चोरी की घटना के बाद थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा, एएसआई मो. इसराफिल बाजार पहुंचकर खोजबीन जारी कर दिए। इस दौरान थाना प्रभारी ने बताया कि नावाडीह बाजार में सीसीटीवी कैमरा लगाया गया। उन्होंने कहा कि जल्द चोर पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

## कोयला वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के पिपरवार थाना क्षेत्र के पिपरवार कॉलेज कारो के पास एक तेज रफ़्तार कोल वाहन ने एक व्यक्ति को रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान कारो निवासी दीपक उरांव के रूप में हुई है।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और स्थानीय लोगों में कोयला वाहनों के प्रति भारी आक्रोश देखा जा रहा है। पिपरवार पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। आक्रोशित ग्रामीणों ने पब्लिक सड़क पर कोयला परिवहन बंद कर दिया है और खूनी खेल को बंद करने की मांग कर रहे हैं।

जेएमएम नेता अनिमा कुजूर ने इस घटना पर बेलगाम कोयला परिवहन और अधिकारियों की मिलीभगत का आरोप लगाया है और उन्होंने ट्रांसपोर्टरों के खिलाफ मामला दर्ज करने और उन्हें ब्लैक लिस्ट करने की मांग की है। बीती रात टंडवा के पांडे मोड़ स्थित ओसेल के कोयला वाहनों ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने पाड़े मोड़ स्थित बेलगाम कोयला परिचालन को बंद कर दिया है।

## मवेशी लदा एक 407 वाहन समेत तस्कर गिरफ्तार, भेजा गया जेल



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा कोवार मुख्य मार्ग पर कटहाडीह पुल के समीप गस्ती के दौरान जयनगर पुलिस ने मवेशी लदा एक 407 वाहन को जब्त किया है। जप्त किए गए वाहन से मवेशियों में 8 गाय तथा चार बछड़ा तथा तीन बाछी बरामद किया है। इस दौरान पुलिस ने सभी मवेशियों एवं वाहन को सुरक्षित थाना लाया गया।

वहीं चालक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। वहीं मवेशी तस्करों पर मामला दर्ज किया गया। वहीं गिरफ्तार मवेशी तस्कर चालक को जेल भेज दिया एवं सभी मवेशियों को गौशाला भेज दिया गया।

## दुकान में सेंधमारी कर लाखों का सामान चोरी

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थिति उत्तरी पंचायत बरियारडीह मुख्य सड़क पर ब्लॉक चौक के समीप राजा जेनरल स्टोर में चोरों ने दीवार में सेंधमारी कर लाखों का मोबाइल व सामान चोरी कर ली। इस बाबत शनिवार को दुकान संचालक मरकच्चो कर्बला नगर निवासी जहांगिर आलम ने मरकच्चो पुलिस को सूचना दी है। साथ ही आवेदन भी दिया है। वहीं उन्होंने आवेदन देकर खोजबीन करने की गुहार लगायी है।

## जमीनी विवाद में दो लोग घायल, मामला दर्ज



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लरियाडीह में आपसी जमीनी विवाद में दो लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार 48 वर्षीय विशेश्वर साव पिता किशुन साव लरियाडीह बृंदा निवासी के अपने गोतिया के साथ बहुत दिनों से जमीन विवाद चल रहा था। जिसको लेकर कोडरमा कोर्ट में मामला चल रहा है। वहीं इस मामले को लेकर थाना में लरियाडीह और पथलडीहा पंचायत के मुखिया और ग्रामीणों के उपस्थिति में बैठक किया गया। जिसमें दोनों पक्षों ने सहमति जताई थी कि जबतक मामला कोर्ट में चल रहा तबतक विवादित भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण नहीं किया जायेगा। वहीं विशेश्वर साव ने कहा कि इस भूमि पर निर्माण कार्य किये जाने की सूचना पाकर मैं जमीन पर पहुंचा तो वहां उपस्थित लरियाडीह बादल सिंह, ब्रजेश सिंह, मंटू सिंह और पथलडीहा निवासी अभिषेक सिंह ने मुझपर धारदार हथियार से हमला बोल दिया।

## नये ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



खबर मन्त्र संवादाता

**टंडवा (चतरा)।** गाड़ीलौंग पंचायत के कामता गांव में एक नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन बीस सूत्री अध्यक्ष सह जिप सदस्य सुभाष यादव और स्थानीय मुखिया सबीदा खातून ने किया। पिछले एक महीने से ट्रांसफार्मर जलने के कारण बिजली बाधित थी, जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने जिप सदस्य सुभाष यादव को दी थी। श्री यादव ने विभाग से 100 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया और शुक्रवार को बिजली बहाल कर दी गई। श्री यादव ने कहा कि पिछले छह महीनों से चुनाव आचार संहिता के कारण विकास कार्य ठप थे, लेकिन अब उन्हें गति दी जा रही है। क्षेत्र में पानी, बिजली, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं को बहाल करना प्राथमिकता है। एनटीपीसी और सीसीएल से भी क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं समेत युवाओं को रोजगार दिलाने का प्रयास जारी रहेगा। इस अवसर पर बीस सूत्री सदस्य जियाउल अंसारी, मोइन अंसारी, तस्दीक आलम, शाहरुख अंसारी, इनामुल अंसारी, कार्तिक उरांव, पंचायत समिति प्रतिनिधि मनीर आलम, वार्ड सदस्य मोबीन अंसारी समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# डीएवी पब्लिक स्कूल बना ओवरऑल चैंपियन

### आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड को मिला रनर का खिताब

खबर मन्त्र संवाददाता





**कोडरमा।** स्कूल सहोदया कॉम्प्लेक्स के तत्वावधान में सेक्रेड हार्ट स्कूल के द्वारा शनिवार को सेक्रेड हार्ट स्कूल खेल मैदान में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सीबीएसई बोर्ड से एफिलिएटेड आठ स्कूलों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में कैपिटल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. प्रमोद कुमार, विशिष्ट अतिथि के रूप में शिव तारा सरस्वती विद्या मंदिर के प्राचार्य अजय कुमार पाठक, कोडरमा थाना के इंस्पेक्टर सुजीत कुमार, सहोदया के कोषाध्यक्ष मकसूद आलम, आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड़ के मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक कुमार, कोडरमा जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव धर्मेंद्र सिंह, सेक्रेड हार्ट स्कूल के उप निदेशक विनोद कुमार, स्कूल के पूर्व प्राचार्य नवीन कुमार, बीआर इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर ओपी राय उपस्थित थे। वहीं विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार और प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने तुलसी प्लांट पोर्ट देकर अतिथियों का स्वागत किया। सेक्रेड स्कूल के प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने स्वागत भाषण में विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद अतिथियों ने संयुक्त रूप से गुब्बारा उड़कर और फीता काटकर प्रतियोगिता का विधिवत्त उद्घाटन किया। वहीं मुख्य अतिथि डॉ.प्रमोद कुमार ने कहा कि खेलकूद भी शिक्षा का अभिन्न अंग है। शिक्षा के क्षेत्र के अलावा खेल के क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं हैं। बच्चे इसमें भी अपना कैरियर बना रहे हैं। उन्होंने ऐसे आयोजनों के लिए सहोदया को धन्यवाद दिया। इसके पूर्व मिस्टी एंड ग्रुप के द्वारा स्वागत गान गया गया। जबकि सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए सौम्या भदानी एंड ग्रुप के द्वारा समूह गीत प्रस्तुत किया गया। इसके बाद योगा टीम के द्वारा योग और प्राणायाम प्रस्तुत किया गया, जिसे लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रम का संचालन एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, मनोज पांडेय के साथ-साथ एंजेल भारती, सृष्टि कुमारी, प्राची कुमारी, निशा शर्मा, और राजनंदिनी ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता का पहला फाइनल मैच डीएवी और सेक्रेड हार्ट स्कूल के बीच खेला गया। जिसमें डीएवी ने सेक्रेड हार्ट स्कूल को हराकर फाइनल में प्रवेश पाया। जबकि दूसरा सेमी फाइनल मैच आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड़ और आरपी मोदी स्कूल के बीच खेला गया। इसमें आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड़ मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया।

**फाइनल मैच :** प्रतियोगिता का फाइनल मैच डीएवी पब्लिक स्कूल और आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड़ के बीच खेला गया। इसमें डीएवी स्कूल ने अपना मैच जीतकर प्रतियोगिता पर कब्जा जमा लिया। वहीं डीएवी स्कूल के श्रेयांश और तेजा को मैन ऑफ द मैच का खिताब मिला। प्रतियोगिता के अंत में विजेता और उपविजेता टीम को अतिथियों के द्वारा ट्रॉफी, मेडल और सर्टिफिकेट देकर उनका हौसला बढ़ाया गया।

**मार्चपास्ट :** सभी स्कूलों के खिलाड़ियों ने अपने बैनर के साथ मार्चपास्ट किया, जिसे लोगों ने सराहा। इसके पूर्व सेक्रेड हार्ट स्कूल के प्राचार्य प्रमोद शर्मा द्वारा खिलाड़ियों को शपथ दिलाई गई।

## 473 एड्स पीड़ितों को दिया जा रहा है पेंशन का लाभ

**कोडरमा।** जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक नीतीश कुमार निशांत ने बताया कि जिले के एड्स पीड़ित मरीजों को जिला प्रशासन द्वारा उपायुक्त के निर्देश के आलोक में पेंशन योजना से लगातार जोड़ा जा रहा है। जिले के 473 एड्स पीड़ित रोगियों को पेंशन का लाभ दिया जा रहा, लाभुकों के बैंक खाते में प्रत्येक माह पेंशन की राशि 1000 रुपये डीबीटी के माध्यम से भेजा जा रहा है, पिछले एक वर्ष में 101 नए एड्स मरीजों को पेंशन योजना से आच्छादित किया गया है, लाभुकों की पहचान उजागर न हो, इस पर विशेष रूप से यान दिया जाता है। वहीं उन्होंने बताया कि प्रखण्डवार बात करें तो कोडरमा प्रखण्ड में 80 एड्स मरीजों को पेंशन का लाभ दिया जा रहा है तो चंदवारा में 65 डोमचांच में 38, नगर पंचायत डोमचांच में 08, जयनगर प्रखण्ड में 134, मरकच्चो में 79, सतगंवा में 27, नगर पंचायत कोडरमा में 20 और झुमरीतिलैया नगर पर्षद क्षेत्र में 22 एड्स मरीजों का योजना का लाभ दिया जा रहा है।

## कुंदा प्रखंड में बुखार से एक महिला की मौत, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुंदा।** कुंदा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत नवादा पंचायत के गांव नवादा में पिछले दिनों गंभीर बुखार से लगभग दो दर्जन लोग पीड़ित थे, जिनमें से एक महिला प्रिया कुमारी की मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार गांव में कैंप लगा रही है और राज्यस्तरीय टीम भी जांच के लिए पहुंची है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी सहिया दीदी को आदेश दिया है कि आसपास के सभी गांवों में जाकर हर घर से ब्लड सैंपल लें ताकि बुखार से पीड़ित लोगों की संख्या और बीमारी का पता लगाया जा सके। इसके साथ ही, गांव में दवा का छिड़काव भी किया जा रहा है। चिंता की बात यह है कि प्रखंड क्षेत्र में बरसात के मौसम में मच्छरों को लेकर दवा का छिड़काव नहीं किया गया, जिसके कारण मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों का प्रकोप बढ़ रहा है।

## स्पीड न्यूज

### चैनपुर के छतरपुर ढलान के समीप बाइक दुर्घटना में दो युवकों की मौत



चैनपुर। चैनपुर थाना क्षेत्र के छतरपुर ढलान के समीप शुक्रवार की देर रात मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान बरवेनगर निवासी लीलकन्द लोहरा उम्र 14 वर्ष एवं रोशन लोहरा उम्र 20 वर्ष के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर गुमला की ओर से अपने घर बरवेनगर की ओर जा रहे थे। तभी छतरपुर ढलान के समीप सामने से आ रहे गाड़ी की लाईट से आंख चौंधिया गया और मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पुल के डिवाइडर से टकरा गई। जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे ग्रामीणों की मदद से चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरों ने दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उनका प्राथमिक उपचार कर बेहतर ईलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां डाक्टरों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। वहीं बताया जा रहा है कि मृतक रोशन लोहरा अपने घर का इकलौता कमाने वाला था उसके घर की आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है।

### डीडीसी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री लघु कुटीर विकास उद्यमी बोर्ड की बैठक



गुमला। उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री लघु कुटीर विकास उद्यमी बोर्ड की समीक्षात्मक बैठक शनिवार को हुई। बैठक में मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर विकास उद्यम बोर्ड के जिला उद्यमी समन्वय को आवश्यक निर्देश दिए गए। उप विकास आयुक्त ने पीएम विश्वकर्मा के तहत 2207 कारीगरों को आवेदन अग्रसारित करने का निर्देश दिया। बसिया रामजड़ी के कारीगरों को सीएसआर के तहत सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। पीएमएफएमई के तहत गुमला जिले में इकाई स्थापित करने हेतु स्वीकृति नहीं दी गई है। एलडीएम जीएम डीआईसी को निर्देश दिया गया कि जिले के बैंकरों के साथ ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया जाए एवं सभी शाखा से एक-एक स्वीकृति पत्र कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। इसके आलावा डीडीसी द्वारा कई मुख्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

### विधायक जिग्गा का विजय जुलूस कल

सिसई। कल सिसई में गठबंधन के नवनिर्वाचित विधायक जिग्गा सुसारन होरो का विजय जुलूस समय 12 बजे से जीता पतरा से थाना मैदान तक निकाला जाएगा। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष आजाद अंसारी ने सभी युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आग्रहकिया है कि समय पर उपस्थित होकर विजय जुलूस को सफल बनाने में योगदान दे।

### एसडीपीओ दिखे शिक्षक की भूमिका में बच्चियों को दी कई कानूनी जानकारी



गुमला। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गुमला सुरेश प्रसाद यादव शनिवार को शिक्षक की भूमिका में नजर आयें। वे भरनो प्रखंड स्थित प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय के बच्चियों को शिक्षा के महत्व की जानकारी दे रहे थे। यादव ब्लैक बोर्ड पर लिखकर बच्चों से कई प्रश्न पूछे और उनके सवालों का बखूबी जवाब भी दिया। यादव ने बच्चों के जिज्ञासा भरे सवालों को भी सुना। साथ ही बाल विवाह, डायन प्रतिषेध अधिनियम आदि कानून की भी जानकारी उन्होंने बच्चियों को दिया। उन्होंने बच्चियों को नशा मुक्ति अभियान व सड़क दुर्घटना को लेकर जागरूक किया और कहा कि नशापान वर्तमान समय में अनेक बुराई की जड़ बन गई है। उन्होंने बच्चियों को नशापान से अपने अभिभावकों को सचेत करने की बात कही। साथ ही सड़क दुर्घटना को लेकर बच्चियों से अभिभावकों को हेलमेट पहन कर बाईक चलाने हेतु कहने की बात कही।

### राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय महुआडीह में बेला मेला का आयोजन



रायडीह। रायडीह ब्लॉक के बांसडीह संकुल स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय महुआडीह में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से शनिवार को बाल मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में बच्चों ने हिंदी, गणित, अंग्रेजी के साथ अन्य विषयों से संबंधित स्टॉल्स लगाये गये थे। जिसमें संकुल के अन्य कई विद्यालयों के बच्चों ने आनंददायक गतिविधियों के माध्यम से बहुत सीखा। इसी क्रम में बच्चों को नाटक का मंचन करने के साथ नृत्य, गीत आदि के माध्यम से अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिला। बाल मेले में सबसे आकर्षक आर्ट एवं क्राफ्ट के स्टॉल रहे। जिसमें विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों की सहायता से स्थानीय कला-कृतियों को बनाने के साथ उनका प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बीपीओ अभिजीत, सीआरपी राजमणि कुमारी, शिक्षक छोटे लाल गोप, संजय कुमार, सतीश केरकट्टा, राजेश कुमार पोद्दार, शोभा एक्का, पतरीसिया लकड़ा, अनीता केरकेट्टा, रामजीत उरांव, दीनानाथ केशरी, बलदेव टोप्पो, मयान्ती मिंज आदि के साथ अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सदस्यों शामिल थे।

### व्यापारियों से सरकारी जमीन पर समान नहीं रखने की चेंबर ने की अपील

गुमला। चैंबर ऑफ कॉमर्स गुमला ने व्यापारियों से अपील की है कि अपनी दुकानों के सामान को सरकारी नाली के अंदर रखें एवं सरकारी जमीन पर अपना सामान को ना निकालें। जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चले और जाम की स्थिति ना बने। अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पूर्व में की गई वार्ता को लागू करने के लिए, निर्देश दिया गया। एसडओ ने नगर परिषद के प्रशासक को अतिक्रमण हटाने के लिए कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

## किसान सौर ऊर्जा का ज्यादा से ज्यादा उपयोग कर अन्य संसाधनों पर निर्भरता कम करें : महेंद्र भगत

### प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान पर सेमिनार का आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता



गुमला। कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा 100 दिन कार्य योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान पर जिला स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विकास भारती बिशनपुर के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत ने की। कार्यक्रम में महेंद्र भगत ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि ऊर्जा उत्पादन से संबंधित किसान-उन्मुख योजना प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) योजना को प्रोत्साहन प्रदान करना। जिससे आने वाले दिनों में किसान सौर ऊर्जा का ज्यादा से ज्यादा उपयोग कर सकें एवं अन्य संसाधनों पर उनकी निर्भरता कम हो। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ संजय कुमार ने कहा कि पीएम कुसुम योजना किसानों को अपनी बंजर भूमि पर स्थापित सौर ऊर्जा परियोजनाओं के माध्यम से ग्रिड को बिजली बेचने का विकल्प प्रदान करते हुए अतिरिक्त आय अर्जित करने का अवसर प्रदान करती है। डॉ कुमार ने बताया कि यदि पीएम कुसुम योजना को प्रभावी रूप से लागू किया जाता है तो यह भारत में ऊर्जा सुरक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिये सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में एक मजबूत टिकाऊ आधार के रूप में आगे सकती है। रामकुमार चौधरी ने बताया कि सौर ऊर्जा के द्वारा पर्यावरण संरक्षण जल संरक्षण के साथ-साथ कम लागत की ऊर्जा प्राप्त होगी। कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों के 52 किसानों नें भाग लिया।

## लोहरदगा : बीआरपी सीआरपी मास्टर प्रशिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण का किया गया आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। झारखंड शिक्षा परियोजना लोहरदगा के तत्वाधान में विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण देने हेतु बीआरपी सीआरपी मास्टर प्रशिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन डाइट चीरी केंद्र में किया गया। शनिवार को दूसरे और अंतिम दिवस का प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर दीनबंधु डे, अम्बिका शरण पांडेय, जीतेन्द्र मित्तल एवं डाइट की ललिता कुमारी के द्वारा दिया गया। सिनी के राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर शिवचरण महतो, लोहरदगा प्रतिनिधि तरुण कुमार, सुष्मिता धान द्वारा भी प्रशिक्षण के दरम्यान जानकारी के साथ साथ आवश्यक सहयोग दी गई। सभी प्रखंडों के बीआरपी और सीआरपी को प्रशिक्षण पलाश मॉड्यूल के अनुसार दिया जा रहा है। जो यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर विद्यालय स्तर पर विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण देंगे। यह प्रशिक्षण पलाश प्रशिक्षण मॉड्यूल के आधार पर दिया जा रहा है। उपरोक्त प्रशिक्षण सीआरपी दीनबंधु डे, सीआरपी जीतेंद्र मित्तल और बीआरपी अम्बिका शरण पांडेय द्वारा विस्तृत रूप से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रभाग प्रभारी अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी विनय बंधु कच्छप द्वारा बतलाया गया कि विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के प्रशिक्षण एक समय बद्ध कार्यक्रम है, जिसे माह दिसंबर, 2024 से जनवरी, 2025 तक पूर्ण किया जाना है।

## महिलाओं के खिलाफ हिंसा में रोक लगाने के लिए जागरूकता जरूरी : उप विकास आयुक्त

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के उद्देश्य से महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक जिला अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रतिदिन आंगनवाड़ी केन्द्र, विद्यालय, प्रखंड/जिला स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कार्यशाला का आयोजन जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा स्थित सभागार में किया गया। कार्यशाला में शिक्षा विभाग, जेएसएलपीएस, डालसा, जिला बाल संरक्षण इकाई के पदाधिकारी/ कर्मी, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष/सदस्य, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए। कार्यशाला में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि पीड़िता अगर हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें तो इसकी मदद से कई सारी समस्याओं से बचा जा सकता है। ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस अभियान से जोड़ना चाहिए। किसी महिला को किसी प्रकार की हिंसा का सामना करना पड़ता है तो हेल्पलाइन की मदद से उसे सहायता मिल सकती है। सोशल मीडिया के माध्यम इसका प्रचारित किया जाना चाहिए।

सभी कार्यक्रमों की डॉक्युमेंटेशन की जानी चाहिए। लोगों के लिए सार्वजनिक जगहों पर हिंसा उन्मूलन के लिए कार्यक्रम करें और उन्हें जोडें। उनका फीडबैक लें।

### हिंडालको के शोषणनात्मक रवैया से नाराज ग्रामीणों की हुई बैठक, कई प्रस्ताव पारित

## प्रभावितों के आश्रितों को कंपनी दें नौकरी

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक को संबोधित करते शिव कुमार भगत व उपस्थित ग्रामीण।

घाघरा। हिंडालको कंपनी के शोषणनात्मक रवैया से नाराज ग्रामीणों ने आंदोलन का रुख अपनाने का निर्णय लिया है। शनिवार को आदर मलगो स्थित गेस्ट हाउस के समीप शिवकुमार भगत (टुनटुन) की अध्यक्षता में माइंस क्षेत्र के लोगों के साथ बैठक की गई। बैठक में कई मांग प्रस्तावित किया गया। जिसमें माइनिंग प्रभावित जमीन मालिक व उनके आश्रितों को हिंडालको कंपनी में योग्यता अनुसार नौकरी देना, स्थानीय बच्चे बच्चियों के उत्तम शिक्षा व्यवस्था हेतु कंपनी द्वारा स्कूल का निर्माण करना, माइनिंग क्षेत्र में स्वास्थ सुविधा हेतु सुव्यवस्थित हॉस्पिटल का निर्माण करना, युवाओं के कौशल विकास के माध्यम से रोजगार, नर्सिंग ट्रेनिंग की व्यवस्था, स्थानीय युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से रोजगार उपलब्ध हो उसके लिए घाघरा प्रखंड में निर्मित आईटीआई को हिंडालको कंपनी के द्वारा संचालित किया जाय। स्थानीय युवाओं को कंपनी में नौकरी या रोजगार उपलब्ध कराना, माइनिंग खुदाई लोडिंग कार्य को कॉन्ट्रैक्ट में देना, माइनिंग क्षेत्र से डंपिंग यार्ड तक का ट्रांसपोर्टिंग देना, ट्रांसपोर्टिंग कार्य में स्थानीय युवा गाड़ी मालिक का नंबर उपलब्ध कराना सहित कई जनकल्याणकारी मुद्दाओं पर बात की गई। शिवकुमार भगत ने कहा हमारे जन्म से पूर्व से इस इलाके से हिंडालको लाल सोना निकाल कर ले जाने का काम कर रहा है और रेणुकूट में प्रोसेसिंग कर के देश विदेश में बेचने का काम कर रहा है। हिंडालको कंपनी यहां के जनप्रतिनिधि व नेता को खरीद सकता है। यहां के आदिवासियों को नहीं, अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा वृहत स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। जिसका रूपरेखा आज तैयार किया जा रहा है। इस दौरान ऑल बॉक्साइट माइन्स जन अधिकार संघर्ष समिति गुमला के नाम से एक कमेटी का गठन किया गया। जिसके संरक्षक शिवकुमार भगत (टुनटुन), इस्लाम अंसारी, अध्यक्ष राजीव उरांव, सचिव विनोद राम, सहसचिव जेवियर लकड़ा, कोषाध्यक्ष तबरेज खान, सह कोषाध्यक्ष बसंत भगत को चयन किया गया। बैठक में भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### जल्द होगा जिला कमेटी का विस्तार : सुनील अग्रवाल



लोहरदगा। जय श्रीराम समिति की बैठक हटिया गार्डन स्थित जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल की अध्यक्षता में की गई। बैठक में जिला-नगर के पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में मुख्य रूप से जिला कमेटी का विस्तार, मंदिरों में महाआरती, तीर्थ यात्रा का आयोजन एवं बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार को लेकर खास चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष ने कहा जल्द ही पूरे जिला कमेटी का विस्तार किया जाएगा। साथ ही बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार को घोर निंदा करते हुए सरकार से इस दिशा में पहल करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जल्द ही अत्याचार नहीं रुका तो समिति उग्र प्रदर्शन के लिए बाध्य होगी। मौके पर ओम महतो जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल महामंत्री प्रदीप साहू कोषाध्यक्ष प्रदीप कसेरा, विनोद प्रसाद, बजरंग करवा, रामकुमार साहू, अनुज कुमार, नगर अध्यक्ष दीपक साहू समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## गुमला : उपभोक्ता को गौरी गारमेंट्स लहंगा उपलब्ध कराये या उसकी कीमत अदा करें

### जिला उपभोक्ता विवाद में निवारण आयोग ने दिया फैसला

खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने शनिवार को गौरी गारमेंट्स ग्राउंड फ्लोर नियर सिद्धू कान्हू पार्क मोरहाबादी रांची को छः हजार का लहंगा के बदले उतनी ही कीमत का दूसरा लहंगा या लहंगा की कीमत छः हजार रुपए नकद 10 दिनों के अंदर उपभोक्ता को भुगतान करने का आदेश पारित किया है। इसकी जानकारी देते हुए आयोग के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय ने बताया कि बसिया थानाक्षेत्र के कोनबीर निवासी पंचम साहू ने 10 दिसंबर 2023 को गौरी गारमेंट्स ग्राउंड फ्लोर नियर सिद्धू कान्हू पार्क मोरहाबादी रांची से अपनी पुत्री मिठू कुमारी के लिए 6 हजार रुपए का लहंगा खरीदा था। लेकिन जब साहू अपने घर गए और लहंगा का पैकेट खोलकर देखें तो उसे लहंगे में कई जगह कपड़े कटे हुए थे। जिसके कारण उसकी पुत्री काफी हताश हुई। उन्होंने पुत्री से लहंगा बदल देने का आश्वासन दिया। लेकिन साहू ने जब उस लहंगे को लेकर खरीदारी के एक सप्ताह बाद 17 दिसंबर 2023 को गौरी गारमेंट्स गए तो मालिक बिंदु साहू और प्रतिष्ठान के कर्मचारियों ने साहू को तरह-तरह की बातें बोलकर कड़ी फटकार लगाई। इस पर साहू ने सफाई देते हुए कहा कि हम जिस लहंगे को देखकर पैक करने बोले थे। उस लहंगे में कहीं कटा फटा निशान नहीं था। पैकेट खोलने से लहंगे में कई जगह कटे हुए होने का मतलब है कि हमने जो लहंगा देखा था उसे यहां बदल दिया गया है। गौरी गारमेंट्स के द्वारा लहंगे की बदली नहीं किए जाने से ग्राहक पंचम साहू ने गौरी गारमेंट्स के प्रोपराइटर बिंदु साहू के विरुद्ध 24 जनवरी 2024 को जिला उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज कराई।

### साइबर अपराधियों के शिकार बनते जा रहे है ग्रामीण

भंडरा। थाना क्षेत्र में साइबर अपराधियों की पकड़ तेज होती जा रही है। इससे रोजाना लोग साइबर अपराधियों की चंगुल में फंस ठगी का शिकार हो रहे है। भंडरा प्रखंड में शनिवार को दो लोग फिर से साइबर अपराधियों के झांसे में आकर ठगी का शिकार हुए है। जिसमें भंडरा थाना क्षेत्र के डुमरी गांव निवासी राजेश उरांव की पत्नी पुष्पा कुमारी को साइबर अपराधियों द्वारा मुख्यमंत्री मंईया सम्मान समृद्धि योजना व प्रधानमंत्री सम्मान योजना की राशि खाता में भेजे जाने की बात कहते हुए उसके फोन-पे में लिंक के माध्यम से दो अलग-अलग किस्त में 57 हजार रुपए की ठगी की घटना को अंजाम दिया गया है। जिसमें साइबर अपराधियों द्वारा पहले बार में 49 हजार व दूसरी बार में आठ हजार रुपए की राशि की ठगी किया गया है। दूसरी घटना भंडरा निवासी विनोद साहू की पुत्री रितु कुमारी के साथ हुई है। जिसमें साइबर अपराधियों द्वारा रितु को फोन कर फोन-पे के माध्यम से हुए लेने-देन के एवज में कंपनी द्वारा चार हजार का बोनस प्राप्त करने की हवाला देकर लिंक के माध्यम से नौ हजार रुपए की ठगी की घटना को अंजाम दिया गया है। इसी तरह एक माह पूर्व भी भीठा मे हुआ था।

### पांच दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



कैरो। प्रखंड मुख्यालय स्थित जेएसएलपीएस कार्यालय में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा जिला उद्यान विभाग के तत्वाधान में आयोजित उद्यान विकास योजना के तहत पांच दिवसिय उद्यानिकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शनिवार को समापन हुआ। समापन के दिन किसानों प्रशिक्षण के रूप में स्वरोजगार और उद्यानिकी के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। जिसको लेकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे किसानो में उत्साह है। प्रशिक्षण में आम, केला, ओल अदरक, एस्ट्रॉबेरी, गेंदा फूल, गुलाब फूल, परवल की खेती टपक सिंचाई, जैविक खाद का निर्माण, जीवामृत बनाने की बिधि सहित कई बिंदु पर प्रशिक्षकों व प्रखंड उद्यान मित्र के माध्यम से दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में बलराम केवट, परवेज अंसारी, बंधईन भगत, मानकी भगत, रुकसाना, रविन्द्र, गणेष आदि मौजूद थे।

### 2007 से जरुरतमंदों के बीच कंबल और गर्म कपड़े बांट रहे हैं जय प्रकाश शर्मा



लोहरदगा। ज्यों ज्यों शरद ऋतु अपने चरम पर पहुंचती है, ठंड से सभी का जीना मुश्किल हो जाता है विशेषकर गरीब और मजदूर वर्ग इससे सबसे ज्यादा प्रभावित होने लगते हैं। नगर परिषद के सफाई कर्मी भी इस कड़कड़ाते ठंड में सुबह से अपनी सेवा में लग जाते हैं। जिससे देखते हुए शहर के दवा व्यवसायी सह समाजसेवी जय प्रकाश शर्मा ने 60 सफाई मित्रों के बीच जाकर कंबल वितरित किया। सभी उनके सहयोग से प्रसन्न हुए। जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि 2007 से जब से उन्होंने अपना व्यवसाय शुरू किया तभी से हर वर्ष व्यक्तिगत और विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से जरुरतमंदों के बीच जा कर कंबल और गरम कपड़े वितरित करते आ रहे हैं। शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी वे अपनी सेवा देते हैं। अब तक सैकड़ों लोगों को इसका लाभ मिल चुका है। शर्मा ने कहा कि ठंड से बचाव जरूरी है, ठंड लगने से कई बार लोग बीमार भी पड़ जाते हैं। थोड़ी सी मदद कर हम गरीबों का बचाव कर सकते हैं। अगली सेवा सदर अस्पताल में रहने वाले मरीजों और सुदूरवर्ती ग्रामीणों के बीच की जाएगी।

## जमशेदपुर ने जामताड़ा को 2 विकेट से हराया





खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। जिला मुख्यालय के शहीद तेलंगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे जेएससीए अंतर जिला अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को खेले गए रोमांचक मुकाबले में जमशेदपुर ने जामताड़ा को दो विकेट से पराजित कर पूरे अंक के साथ अगले चक्र में प्रवेश पाया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी जामताड़ा की टीम ने निर्धारित 40 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 123 रनों का स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से प्रियांशु कुमार 37 व अभिराज कुमार 26 रन की पारी खेली। जमशेदपुर की ओर से सीम्हाचलन राव ने आठ ओवर में 16 रन देकर चार विकेट हासिल किया। अर्णव राज ने तीन व अंसित और आदित्य मिश्रा को एक-एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जमशेदपुर की टीम 68 रन पर 7 विकेट गंवा चुकी थी, टीम को 52 अतिरिक्त रनों का महत्वपूर्ण साथ मिला। टीम की ओर से अर्सलन अहमद 14, आयुष सागर 29 व आशित शौर्य 12 रनों का योगदान दिया।

## सीनियर डिवीजन क्रिकेट : यूनाइटेड स्पोटस और सीटीसी सी ने जीत दर्ज की

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित सीनियर डिविजन क्रिकेट लीग के ग्रुप बी में शनिवार को दो मैच खेले गए। जिसमे यूथ सेंटर को यूनाइटेड स्पोटस ने 5 विकेट से पराजित किया तथा सीटीसी सी ने कुडु क को 8 विकेट से पराजित किया। स्थानीय बलदेव साहू महाविद्यालय के मैदान में टॉस जीतकर पहले मैच में खेलते हुए यूथ सेंटर की टीम 30 ओवरों में 132 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से जयप्रकाश ने 58 तथा प्रखर ने 25 रन का योगदान दिया। यूनाइटेड की ओर से गेंदबाजी करते हुए अमित मिंज ने 5 विकेट तथा अभिषेक कुमार ने चार विकेट लिया। जवाबी पारी यूनाइटेड की टीम 28.1 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 136 रन बनाकर मैच को जीत लिया। यूनाइटेड की ओर से अविनाश मिश्रा ने 55 रन, सत्यम कुमार ने 17 रन तथा विनीत अभिषेक ने 21 रन का योगदान दिया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## बोर्ड और इंटर की परीक्षा की सफलता के लिए तैयारी तेज

### डीसी के निर्देश पर किये जा रहे हैं कई कार्य, 9 दिसंबर से प्री बोर्ड परीक्षा का होगा आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता



गुमला। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के द्वारा जिले में जैक की वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2025 में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं की शत प्रतिशत उत्तीर्णता व बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयारियां तेज कर करते हुए सिकछा कर भेंट गतिविधि अंतर्गत कुल 140 सरकारी, अल्पसंख्यक एवं अनुदानित विद्यालयों तथा इंटर महाविद्यालय के साथ साप्ताहिक अनुश्रवण हेतु जिले के सभी जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों सहित सशस्त्र सुरक्षा बल के अधिकारियों की भी विद्यालयों के साथ टैगिंग की गई है तथा सभी को विद्यालयों के साप्ताहिक अनुश्रवण के साथ साथ छात्र छात्राओं के प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन का निर्देश दिया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो एवं जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां द्वारा बताया गया कि उपायुक्त द्वारा छात्र छात्राओं की विद्यालय में नियमित उपस्थिति, विद्यालय में निर्धारित पाठयक्रम की पूर्णता, बोर्ड परीक्षा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण मॉडल प्रश्नों के दैनिक अभ्यास, कमजोर बच्चों हेतु रेमेडियल कक्षाओं का आयोजन, शिक्षकों के कोर टीम के स्तर से विद्यालयों तक प्रतिदिन वस्तुनिष्ठ, लघु एवं दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों का प्रेषण और छात्र छात्राओं द्वारा दैनिक गृहकार्य व अभ्यास तथा शिक्षकों द्वारा उनका मूल्यांकन सहित बोर्ड परीक्षा की तैयारियों के निमित सभी कार्यरत शिक्षकों की आपसी सहभागिता और अभिभावकों के साथ समन्वय से रणनीति निर्धारित करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया गया है। सहायक नोडल पदाधिकारी दिलदार सिंह द्वारा बताया गया कि डीसी द्वारा जिले के शैक्षणिक प्रदर्शन में उत्कृष्टता के निमित गत वर्ष आरम्भ किए गए नवाचारी प्रयासों से लंबी छलांग के साथ राज्य स्तर पर गुमला जिला सत्रहवें स्थान से सातवें स्थान पर पहुंचा था तथा इस वर्ष भी डीसी द्वारा माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक परीक्षा 2025 में शामिल होनेवाले छात्र छात्राओं तथा शिक्षकों को बेहतर प्रदर्शन हेतु सभी विद्यालयों के साथ जिला व प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों की टैगिंग हुई है। छात्र छात्राओं के पूर्वाभ्यास हेतु जिले में 9 दिसंबर 2024 से प्री बोर्ड परीक्षा का भी आयोजन कराया जा रहा है तथा शिक्षकों की कोर समिति गठित कर प्रतिदिन परीक्षा के दृष्टिकोण से प्रतिदिन विषयवार महत्वपूर्ण वस्तुनिष्ठ, लघु एवं दीर्घ उत्तरीय प्रश्न शिक्षकों के माध्यम से छात्र छात्राओं को उपलब्ध कराया जा रहा है। इस निमित जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो ने जिले के सभी प्रखंड के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी को प्रखंड स्तरीय नोडल एवं सहायक नोडल पदाधिकारी मनोनीत करते हुए प्रपत्र जारी कर सभी प्रखंड में वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2025 की तैयारियों से संबंधित प्रतिवेदन की मांग की है तथा बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन हेतु प्रखंड स्तर भी नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया है।

## एन एच 143 ए निर्माण में बरती जा रही है घोर लापरवाही, बीच सड़क में भरी जा रही है मिट्टी

### जिप उपाध्यक्ष विनोद उरांव ने उठाया सवाल

खबर मंत्र संवाददाता





लोहरदगा। जिले के एन एच 143 ए निर्माण में लगातार धांधली की खबर के बाद भी निर्माण एजेंसी के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है। एन एच निर्माण कार्य में लगे कंपनी द्वारा कराए जा रहे गड़बड़ कार्य को लेकर जांच तक की मांग हुई लेकिन कार्य में कोई सुधार होता हुआ नजर नही आ रहा है। अब तो कंपनी इतनी बेखौफ हो गई है कि लोगों की जिंदगी से भी खेलते हुए नजर आ रही है। बरांटपुर के समीप एन एच 143 ए पर हो रहे सड़क निर्माण में भारी गड़बड़ी बरती जा रही है। गड़बड़ी की सूचना पर कार्य स्थल पर जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उरांव पहुंचकर अंचभित हुए उन्होंने कहा कि ये तो घोर अनियमिता है। बरांटपुर के समीप पूल के लेबल में सड़क का समतलीकरण का कार्य किया जा रहा है। जिसमें अनियमिता का शिकायत मिलने के बाद कार्य स्थल पहुंच जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उरांव ने स्थल का निरीक्षण कर समतलीकरण में मिट्टी भरे जाने को लेकर कार्य में अनियमिता का आरोप लगाते हुए सड़क निर्माण में गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराने का मांग किया है। जिला परिषद उपाध्यक्ष ने कहा नेशनल हाईवे सड़क पर मिट्टी से समतलीकरण कर निर्माण कार्य में अनियमिता बरती जा रही है। सड़क निर्माण में स्टोन के जगह पर मिट्टी डालना सही नहीं है इससे सड़क की गुणवता में कमी आएगी और सड़क जल्दी खराब हो जाएगी। उन्होंने मांग की है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता लाई जाए और मजबूती के साथ सड़क बनाई जाए। अब देखना है कि प्राक्कलन के विपरीत हो रहे कार्य में कोई सुधार होता है ये फिर मामला ठंडे बस्ती में चला जायेगा।

## चंदवा: चकला के अभिजीत प्लांट में फिर से जोर पकड़ा स्क्रैप चोरी का धंधा

# 150 से अधिक चोरो का गुट ने स्टर्लिंग एरिया में बोला धावा, किया पथराव

**खबर मन्त्र संवाददाता**


मौके पर मौजूद पुलिस।


घटना स्थल पर जांच करती पुलिस।

**चंदवा।** चंदवा के बाना चकला स्थित बंद पड़े अभिजीत पावर प्लांट चोरों के लिए चारागाह बन गया है व चोर चांदी काट रहे हैं। विधानसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद एक बार फिर से स्क्रैप चोर गुट संगठित तरीके से बंद पड़े अभिजीत प्लांट को लूट रहे है। ताजा मामला शुक्रवार देर रात्रि की बतायी जा रही है, जहां लगभग 150 से अधिक संख्या में चोरो का समूह प्लांट में धावा बोल दिया। चोर गिरोह के लोग प्लांट के स्टार्लिंग एरिया में घुंसकर 33 हजार के टावर व कीमती संयंत्रों को काटने का प्रयास कर रहे थे। प्लांट की सुरक्षा में तैनात रात्रि प्रहरियों ने उसकी सूचना सिक्योरिटी सुपरवाइजर सुरेश लाल श्रीवास्तव को दी, जिसके बाद प्लांट के सुरक्षा में लगे सुरक्षा गार्डों को चोरो को रोकने व भगाने के लिए भेजा गया, लेकिन चोरो ने पथराव शुरू कर दिया। स्थिति नियंत्रण से बाहर जाता देख प्रबंधन द्वारा इसकी सूचना चंदवा थाना को दी गयी, जिसके बाद भारी संख्या पुलिस बल मौके पर पहुंची, तब जाकर स्थिति नियंत्रण में आए और चोर भागे। घटना की पुष्टि करते हुए सिक्योरिटी सुपरवाइजर सुरेश लाल श्रीवास्तव ने की है। सूत्र बताते हैं कि प्लांट के स्क्रैप घोषित होने व स्क्रैप कटिंग का काम शुरू होने के बाद से ही स्क्रैप चोरी का सिलसिला जारी है। विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद से चोर गिरोह के द्वारा एक बार फिर से युद्ध स्तर पर चोरी का धंधा शुरू कर दिया गया है। चोरों की नजर अब प्लांट के स्टर्लिंग एरिया पर है। बताया जाता है कि उक्त एरिया में काफी कीमती संयंत्र व एल्युमिनियम टावर है, जिसकी कबाड़ में कीमत करीब 150 किलो बताई जा रही है। जिस कारण चोर गिरोह के लोग इसे लूटने में विशेष जोर दे रहे हैं। इस धंधे में सैकड़ो की संख्या में स्थानीय के साथ बाहरी चोर लगे हुए है। जिसमे लोहा काटने में कुशल मजदूर बड़े बड़े टावरों एवं कल पुर्जो को गैस कटर के काटकर गिराने का काम करते है, इसके बाद सैकड़ो की संख्या में मजदूर लगे रहते है जो स्क्रैप को पिकअप व अन्य वाहनों में लोड करते हैं, जिसके बाद स्क्रैप की रेकी करते हुए चंदवा के साथ बालूमाथ, कुडू व लोहरदगा भेजा जाता है। इस पूरे गोरख धंधे को चलाने में पुराने व चिन्हित स्क्रैप माफिया के साथ और लोग लगे हुए हैं जो स्क्रैप कटिंग के लिए प्रयुक्त होने वाले जरूरी सामान मुहैया कराने का कार्य करते हैं।

## मनिका अंचलाधिकारी को सेवानिवृत्ति होने पर सम्मान सह विदाई समारोह का किया गया आयोजन

- अंचलाधिकारी के कार्यकाल का जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने किया प्रशंसा

**खबर मन्त्र संवाददाता**


सेवानिवृत्त अंचलाधिकारी को सम्मानित करते जनप्रतिनिधि व अन्य।

**मनिका।** मनिका अंचल कार्यालय में कार्यरत अंचलाधिकारी संतोष कुमार शुक्ला को सेवानिवृत्त होने पर दिन शनिवार को उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जहां कार्यक्रम की अध्यक्षता सीआई अमित कुमार के द्वारा किया गया। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित हेरहंज अंचलाधिकारी, गारु अंचलाधिकारी दिनेश मिश्रा, बीइओ अमरेंद्र कुमार पाठक, सीआई अमित कुमार, प्रमुख प्रतिमा देवी, जेई अभिषेक कुमार,पंचायत सेवक आत्मा सिंह, विक्की कुमार, समाजसेवी सुरेंद्र पासवान, ग्राम प्रधान रजत कुमार,पूर्व जिप सदस्य महेश सिंह, लव कुमार दुबे, विश्वनाथ राय, मुखिया बहादुर उरांव, समाजसेवी मथुरा यादव, नीरज कुमार यादव, समाजसेवी रमेश पासवान, समेत अन्यों ने फूल-मालाओं के साथ पुष्प गुच्छा एवं अंग वस्त्र देकर सेवानिवृत्त अंचलाधिकारी संतोष कुमार शुक्ला को भावपूर्ण विदाई दी। साथ ही अंचल व प्रखंड कार्यालय के अन्य कर्मियों ने भी अंग वस्त्र व अन्य उपहार देकर उनको सम्मानित किया और उनके मंगल भविष्य की कामना की। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि सरकारी सेवा में सेवानिवृत्ति अंतिम पड़ाव होता है जो व्यक्ति सरकारी नौकरी में आता है उसकी सेवानिवृत्ति की एक निश्चित समय-सीमा तय हो जाती है। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवाकाल के जिम्मेदारियां व निहित कर्तव्यों का अनुपालन हमेशा यादगार रहता है,हम सभी सरकार और आम जनता के बीच सेतु का काम करते हैं और एक दिन सभी यादें सिमट जाते हैं जब हम सेवानिवृत्ति होते हैं और यह पल हम सबों के लिए हमेशा के लिए यादगार बनकर रह जाता है। वहीं जनप्रतिनिधियों ने अंचलाधिकारी संतोष शुक्ला के कार्यकाल का भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि संतोष कुमार शुक्ला ने अपने कार्यकाल के दौरान अपने दायित्व और कर्तव्य का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक किया। इन्होंने क्षेत्र के लोगों के साथ आपसी समन्वय बनाते हुए काम करने का पूरा प्रयास किया यहां के लोग इनके कार्यकाल को हमेशा याद रखेंगे। मौके पर अमीन लालजी उरांव,ललन तिवारी, जगजीवन राम,विशाल पासवान, ईश्वरी ठाकुर, समेत अंचल व प्रखंड कार्यालय के कर्मियों के साथ-साथ क्षेत्र के सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## केंद्रीय मंत्री ने आंगनबाड़ी केंद्र राजहार का किया निरीक्षण


अन्नप्राशन कराते मंत्री।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- मंत्री ने खीर खिलाकर बच्चों को कराया अन्नप्राशन व स्वेटर का किया वितरण

**लातेहार।** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और पर्यटन राज्य मंत्री भारत सरकार सुरेश गोपी के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र राजहार का निरीक्षण कर वस्तु स्थिति का जायजा लिया गया। मौके पर सखी मंडल की दीदियों द्वारा मांदर बजाकर स्वागत किया गया। इस दौरान मंत्री ने सेविका द्वारा बच्चों को दी जाने वाली समावेशी शिक्षा और उसके लिए की जा रही गतिविधियों की जानकारी ली। मंत्री ने बच्चों हेतु मौजूद उपकरणों यथा लंबाई व वजन नापी मशीन की जानकारी ली। बच्चों को प्रतिदिन करायी जा रही, गतिविधियों की जानकारी ली। पोषण वाटिका के साथ-साथ बच्चों को दी जाने वाली आहार की जानकारी लेते हुए आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। मौके पर मंत्री के द्वारा ठंड के मौसम को देखते हुए बच्चों के बीच स्वेटर वितरित किया गया। साथ ही खीर खिलाकर बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। इस दौरान सखी मंडल की दीदियों ने पलाश मार्ट द्वारा निर्मित वस्तुओं को भेंट स्वरूप प्रदान किया। मौके पर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, ब्रजेश कांत जेना, एस एम नारायण, सुयेश पांडेय, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, समीर कुल्लू, जेएसएलपीएस डीपीएम संतोष कुमार, अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## हाईवा ने बाईक सवार को मारी टक्कर घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ- पांकी रोड में इचाक ग्राम के पास शनिवार की सुबह लगभग6 बजे एक अनियंत्रित हाइबा ने बाइक सवार को सामने से जोरदार टक्कर मार दी इस टक्कर में बाइक में सवार होमगार्ड का जवान गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि होमगार्ड का जवान सतदेव उराव 35 वर्ष पिता विष्णु उराव ग्राम हूर थाना हेरहंज एवम अमरेश यादव 25 वर्ष पिता मनराज यादव ग्राम कारणदाग थाना हेरहंज दोनों एक बाइक में सवार होकर बालूमाथ तैतरिया खाड़ कोलियरी ड्यूटी करने जा रहा था। तभी कुशमाही रेलवे साइडिंग से कोयला खाली कर लौट रही है हाइबा ने जोरदार टक्कर मार दीया। जिससे गिरकर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गया। 108 एम्बुलेंस की सहायता से दोनो घायलो को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉ ध्रुव कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल सत्यदेव उराव को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया।

## रेलवे एरिया में अचेत अवस्था में मिला युवक, प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर

# अटेंडेंट नहीं होने के कारण 108 एम्बुलेंस में तीन घंटे पड़ा रहा मरीज, रिम्स ले जाते हो गयी मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चंदवा।** टोरी जंक्शन पूर्वी रेलवे केबिन स्थित समपार फाटक के समीप शनिवार की सुबह एक युवक अचेत अवस्था मे पड़ा मिला, युवक को अचेत पड़ा देखने के बाद रेलकर्मियों द्वारा इसकी सूचना स्थानीय पुलिस दी व 108 एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा भेजा, जहां डॉक्टर तरुण जोश लकड़ा ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। हालांकि स्पष्ट यह नहीं पता चल पा रहा था कि अचेत युवक नशा खुरानी गिरोह का शिकार हुआ था या फिर ठंड के कारण अचेत पड़ा था। इधर अचेत युवक के रेफर किए जाने के बाद युवक का कोई अटेंडेंट साथ नहीं होने के कारण 108 एम्बुलेंस रुक गयी, जिसके बाद अटेंडेंट को लेकर अस्पताल प्रबंधन, रेल प्रशासन व स्थानीय प्रशासन के बीच मामला एक दूसरे पर फेंका जाने लगा, इस दौरान लगभग 3 घंटे तक अचेती युवक 108 एंबुलेंस में ही पड़ा रहा, चंदवा पुलिस के द्वारा 2 अटेंडेंट मरीज के साथ भेजा गया, तब जाकर अचेत युवक को लेकर एम्बुलेंस रिम्स गई लेकिन रिम्स पहुंचने से पहले ही युवक ने दम तोड़ दिया। विदित हो कि अज्ञात व बिना अटेंडेंट के अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को रेफर किए जाने के बाद काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। क्योंकि 108 एंबुलेंस बिना अटेंडेंट के मरीज के अस्पताल से दूसरे अस्पताल नहीं लेकर जाती है, ऐसे में अक्सर काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## एक नजर में

### जिप उपाध्यक्ष ने चहारदीवारी निर्माण का लिया जायजा, सुनी मुहल्लेवासियों की फरियाद


ग्रामीणों की समस्या सुनती जिप सदस्य।

**चंदवा।** स्थानीय जिला परिषद बस पड़ाव में चल रहे चहारदिवारी निर्माण कार्य का जायजा लेने जिप उपाध्यक्ष अनिता देवी शनिवार को चंदवा पहुची। इस दौरान थाना टोली मुहहलेवासियो ने उपाध्यक्ष से मिल अपनी परेशानियों को उनके समक्ष रखा। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में ही उनलोगों के द्वारा रास्ता की मांग को लेकर वरीय अधिकारियों व जिप अध्यक्ष को आवेदन दिया गया था। मामले को लेकर जिप उपाध्यक्ष ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि इस मामले को लेकर डीडीसी से बात कर निराकरण को लेकर सार्थक प्रयास करूंगी। उन्होने ग्रामीणों को भी इस समस्या को लेकर डीडीसी से मिल कर अपनी बात रखने को कहा। इसके पूर्व शनिवार की सुबह स्थानीय सीओ व बीडीओ ने भी ग्रामीणों से मिल समस्या को सुना। मौके पर पपुन कुमार, अरविंद कुमार, दशरथ राम, मंजू देवी, मोनी देवी, मालती देवी, आशा देवी, लक्ष्मी देवी, दिलीप वर्मा, नीमा देवी, फूलवती देवी, उषा देवी, अनिल कुमार, दीपक कुमार, सीमा देवी समेत दर्जनों लोगों के शामिल थे।

### हरैया आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच किया गया स्वेटर का वितरण


स्वेटर लेते बच्चे।

**चंदवा।** अलौदिया पंचायत के हरैया आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। स्वेटर का वितरण उपप्रमुख आशिवनी मिश्र, मुखिया प्रतिनिधि संदीप टोप्पो व आंगनबाड़ी सेविका विद्या रानी ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों ने मौजूद अभिभावकों से कहा कि इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड से बचाव जरूरी है। बच्चों को स्वेटर पहनाकर ही केंद्र भेजने के साथ उचित प्रयोग की नसीहत देते कहा कि बच्चों को ठंढ से बचाने के लिए घर में भी उन्हें गर्म कपड़े पहनाएं रहें। आंगनबाड़ी केंद्र में स्वेटर वितरण की सूचना पर बड़ी संख्या में मानकों का अनुपालन नहीं करनेवाले अभिभावक भी स्वेटर लेने की जिद पर अड़े थे। आंगनबाड़ी सेविका के समझाने पर भी वो समझने को तैयार नहीं थे। अतिथियों ने उन्हें समझाया कि संबंधित उम्र के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र भेजें। आधार कार्ड से डाटा इंट्री बनाए रखें ताकि उन्हें वहां से मिलनेवाला लाभ मिल सके। इस दौरान वहां पहुंचे बच्चों को स्वेटर प्रदान किया गया। मौके पर सहायिका बसंती देवी, भोला प्रसाद के अलावा कई अभिभावक और बच्चे मौजूद थे।

## जिप उपाध्यक्ष ने चंदवा सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

# रोटावायरस टीका की कमी समेत जरूरी स्वास्थ्य सुविधाओं की ली जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चंदवा।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बच्चों को दी जाने वाली जीवन रक्षक टीका नियमित नहीं होने के मामले पर शनिवार को लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिषद पहुंची यहां उन्होंने सीएससी की प्रभारी डॉक्टर नीलिमा कुमारी, चिकित्सक डॉ मनोज कुमार से टिका संबंधी जानकारी प्राप्त की। प्रभारी ने बताया कि टीका उपलब्ध हो गया है, पिछले कुछ माह से डोज के अनुसार टीका उपलब्ध नहीं हो पा रहा था, इसलिए यह परेशानी हुई थी। अब यह समस्या दूर हो गई है, नियमित टीकाकरण जारी रहेगा। इसके बाद जिला परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती देवी ने अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया, उन्होंने प्रभारी से कहा कि अगर टीका उपलब्ध नहीं हो तो इसकी सूचना बोर्ड में अंकित कर दे। इसी क्रम में विभाग द्वारा चलाए जा रहे अन्य अभियान पर भी विशेष रूप से चर्चा की। इस दौरान पीरामल फाउंडेशन के डीपीओ संजय गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग के साथ चलाए जा रहे अभियान की जानकारी साझा की व बताया कि फाइलेरिया को लेकर विशेष अभियान जारी है इस दौरान फाइलेरिया पीड़ित कुछ लोगों के बीच जिला परिषद ने विभाग द्वारा उपलब्ध किट भी वितरित किया। उन्होंने फाइलेरिया पीड़ित तमाम रोगी से विभाग एवं फाउंडेशन के लोगों द्वारा बताए गए उपाय एवं अन्य सावधानी बरतने की बात कही। निरीक्षण के क्रम में उनके साथ उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, भाजपा के विनय कुमार उर्फ रिकी वर्मा के अलावे डॉ तरुण जोश लकड़ा, बीपीएम अमित कुमार, एमपीडब्ल्यू विकास रंजन, एमटीएस कृष्णकांत समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## बड़े भाई ने छोटे भाई को कुदाल से मार कर किया घायल


जानकारी देता युवक।

**बालूमाथ।** एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के भाटचतरा ग्राम में शुक्रवार की शाम मामूली बात को लेकर बड़े भाई उदय यादव पिता लालदेव यादव ग्राम भाटचतरा थाना बरियातु ने छोटे भाई सिकन्दर यादव 33 वर्ष पिता लालदेव यादव एवं उसकी पत्नी सुनीता देवी 30 वर्ष एवम 7 वर्षीय पुत्र अंकित यादव के साथ जमकर मारपीट की जिससे तीनो लोग घायल हो गए। उदय यादव ने छोटे भाई सिकंदर यादव को कुदाल से मारकर का घायल कर दिया। यही नही उदय यादव के पुत्र ने सिकंदर यादव की पत्नी सुनीता देवी एवं पुत्र अंकित को भी जमकर मारपीट किया। तीनो लोग घायल अवस्था में बालूमाथ अस्पताल पहुंचा। जहां डॉक्टर ध्रुव कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज की गई। सिकंदर यादव ने बताया कि मेरा पुत्र अंकित यादव बड़े भाई उदय यादव के टमाटर के खेत से दो पीस टमाटर तोड़ लिया था इसी बीच उदय यादव की पत्नी मेरे पुत्र को जमकर पिटाई कर दिया। मेरे द्वारा विरोध करने पर उदय यादव एवं उसके पुत्र शिवपूजन यादव समेत परिवार के कई लोगो ने हम लोगों के साथ जमकर मारपीट की। पीड़ित सिकंदर यादव ने बरियातू थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## जिला परिषद मद से क्रियान्नवित की जा रही योजनाओं की गति और भौतिक स्थिति पर हुई चर्चा


बैठक करते जिप सदस्य।

**लातेहार।** जिला परिषद सदस्यों की बैठक स्थानीय माको डाक बंगला में जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी की अध्यक्षता आयोजित की गयी। बैठक में जिला परिषद मद से क्रियान्नवित की जा रही योजनाओं की गति और भौतिक स्थिति पर चर्चा की गई। जिला परिषद सदस्यों को अपने-अपने प्रखंडों मं जिला परिषद के अलावा अन्य विभागों से संचालित विकास कार्य योजना की भौतिक जांच और समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा की प्रखंड में पदस्थापित सभी जन सेवकों को आपूर्ति विभाग के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी व गोदाम प्रबंधक समेत अन्य अतरिक्त कार्य से दूर रखते हुए सिर्फ विभागीय का कार्य करना हैं। इसे लेकर जिला और सरकार के सचिव को भी पत्रचार किया गया हैं। बैठक में अन्य कई मुद्दों पर चर्चा की गयी। विभिन्न मुद्दों को लेकर सरकार गठन के बाद विभागीय मंत्री और सचिव से मुलाकात करने का निर्णय लिया गया। मौके पर उपाध्यक्ष अनीता देवी, सरोज देवी, संतोषी शेखर, प्रियका कुमारी, रमेश राम, जीरा देवी, विनोद उरांव, बुद्धेश्वर उरांव, चंचला देवी, स्टेला नगेशिया, सम्पतिया देवी, प्रतिमा देवी समेत अन्य सदस्य मौजूद थे।

## अधूरे पड़े चिरमिरी लाइन व मण्डल डैम परियोजनाओं की कब लातेहार जिलेवासियों को मिलेगी सौगात

# चुनाव संपन्न होते ही मुद्दे हो जाते है गौन, आखिर जनता कब तक रहे मौन

- सांसद बरवाडीह चोपन - चुनार पैसेंजर को हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना
- क्या किसी नई परियोजना की बरवाडीह में होने वाली है शुरूआत

**दीपक राज**

**बरवाडीह।** चतरा संसदीय क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह रविवार की देर रात बरवाडीह चोपन - चुनार पैसेंजर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगें। यह ट्रेन रविवार की सुबह 2.20 में बरवाडीह से चुनार के लिए प्रस्थान करेगी। बता दें कि कोविड -19 के दौरान बरवाडीह से कई ट्रेनों का परिचालन और कईयों का बरवाडीह स्टेशन में स्टॉपेज बंद कर दिया गया था। कोविड के उपरांत सभी बंद ट्रेनों का परिचालन शुरू तो कर दिया गया परंतु चोपन चुनार पैसेंजर का परिचालन अब तक शुरू नहीं किया गया था। क्षेत्र की जनता इस बंद पड़ी ट्रेन को पुनः चालू कराने की मांग कर रही थी। दूसरी ओर सांसद कालीचरण सिंह के साथ-साथ स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा भी कई बार रेलवे के वरीय अधिकारियों को पत्राचार के माध्यम से बरवाडीह से चुनार ट्रेन को शीघ्र चालू कराने की मांग की गई थी। जिसके बाद आज से यह ट्रेन का परिचालन शुरू करने की घोषणा रेलवे बोर्ड द्वारा पत्राचार के माध्यम से की गई है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि ऐसा नहीं है कि बरवाडीह को किसी नए ट्रेन की सौगात मिलने जा रही है, या बरवाडीह में गरीब रथ ट्रेन का ठहराव होने जा रहा है, या बरवाडीह स्टेशन फिर से जक्शन बन गया है, या फिर सात दशकों से बंद पड़ी बहुउद्देशीय परियोजना चिरमिरी लाइन का शुभारंभ होने जा रहा है। सांसद महोदय क्षेत्र की जनता को कोई नई परियोजना की सौगात देते तो हम सभी को काफी खुशी होती।

## चुनावी मुद्दा बनकर रह गई है बहुउद्देशीय परियोजनाएं



कराह रहा बरवाडीह रेलवे स्टेशन।

पिछले पांच लोकसभा चुनाव से इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं के नाम पर सिर्फ वोट की राजनीति होती रही है। लोकसभा चुनाव से पूर्व इन परियोजनाओं को शुरू कराने की सुगबुगाहट कागजों पर शुरू जरूर होती है। लेकिन, चुनाव सम्पन्न होते ही फिर से मुद्दों को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। जबकि चतरा लोकसभा सीट पर अधिकांश भाजपा सांसदों का ही कब्जा रहा है। गौरतलब है कि 5 जनवरी 2019 को लोकसभा चुनाव के पूर्व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पलामू की धरती से अधूरे पड़े मंडल डैम के कार्य का शिलान्यास किया था और 2022 तक इसे पूर्ण करा देने का वादा क्षेत्र की जनता से किया था। लेकिन विडंबना है कि मंडल डैम के निर्माण कार्य के नाम पर अब तक एक ईंट भी नहीं जोड़ी गई है।

**भाजपा प्रत्याशी के प्रचार में नहीं आए सांसद:** बीते दिनों विधानसभा चुनाव के दौरान मनिका से भाजपा प्रत्याशी हरिकृष्ण सिंह के प्रचार- प्रसार के दौरान सांसद कालीचरण सिंह विधानसभा क्षेत्र में नहीं दिखाई दिए।चुनाव से लेकर आज तक क्षेत्र के जनता के बीच इस बात की चर्चा आम है। जहां विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा। उक्त दौरान कार्यकताओं के द्वारा जनता को बताया जा रहा था कि सांसद अस्वस्थ है। लेकिन सांसद महोदय द्वारा अन्य विधानसभा क्षेत्र में प्रचार प्रसार किए जाने की खबरे देखने और सुनने को मिली थी।

**जनता को सांसद से है कई अपेक्षाएं :** क्षेत्र की जनता को सांसद कालीचरण सिंह से काफी अपेक्षाएं है। जिसमें कई दशकों से बंद पड़े अत्यंत महत्वपूर्ण और बहुउद्देशीय उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना (मण्डल डैम) जिसके निर्माण से पूरा लातेहार जिला विद्युत के क्षेत्र में अव्वल हो सकता है। हजारों लोगों को रोजगार मुहैया हो सकता है। लाखों एकड़ भूमि उपजाऊ हो सकती है। गर्क में जा रहा क्षेत्र का जलस्तर ठीक हो सकता है, और बाजार सुदृढ़ होने से व्यवसायिक वर्ग का विकास हो सकता है। इसके अलावा कई दशकों से बंद पड़ी चिरमिरी लाइन का कार्य शुरू होने से भी लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा। लोगों का कहना है कि इन बंद पड़े परियोजनाओं को शुरू करने के लिए सांसद महोदय आते तो क्षेत्र की जनता में हर्ष का माहौल होता।

## स्पीड न्यूज

### तालाब में डूबने से किशोर की मौत

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के अंचला गांव में तालाब में डूबने से 16 वर्षीय सूरज कुमार राम की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सूरज अपने घर से कुछ दूरी पर स्थित तालाब में स्नान करने गया था। स्नान के दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। वहां मौजूद 13 वर्षीय शिवम कुमार ने उसे डूबता देख परिजनों को इसकी सूचना दी। परिजन तुरंत तालाब पहुंचे और सूरज को बाहर निकालकर गढ़वा सदर अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही गढ़वा पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। ज्ञात हो कि कुछ वर्ष पूर्व सूरज के बड़े भाई की भी मृत्यु हो गई थी।

### नई चेतना 3.0 अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**दरभंगा।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन पखवारा के दौरान शनिवार को महिला विशेष कोषांग दरभंगा के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हैकॉक इंस्टीच्युशन मध्य विद्यालय, लहेरियासराय, में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र/छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उक्त कार्यक्रम में छात्र, छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक, भाषण, चित्रकारी, गायन तथा रंगोली बनाकर इस जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों एवं आम जनों को मन्त्र मुग्ध किया।

### सारण : हथियार का प्रदर्शन करने वाला युवक गिरफ्तार

**छपरा।** बिहार में सारण जिले की रिविलगंज थाना की पुलिस ने सोशल मीडिया पर हथियार का प्रदर्शन करने वाले एक युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने शनिवार को यहां बताया कि सेमरिया खुर्द गांव निवासी अमन कुमार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। उन्होंने बताया कि इस वीडियो की जांच में सत्यता प्रमाणित होने पर उसे एक देशी कट्टा के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया।

### चौथी धम्म यात्रा 02 से 10 दिसंबर तक

**पटना।** भारत में धम्म के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में चौथी धम्म यात्रा 02 से 10 दिसंबर तक आयोजित होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2015 में कहा था कि '21वीं शताब्दी' 'एशियाई शताब्दी' है और इस 'एशियाई शताब्दी' में बौद्ध धम्म की केंद्रीय भूमिका रहेगी, जो इस क्षेत्र के देशों को जोड़ने में महत्वपूर्ण है। 20 से अधिक भिक्षु, बौद्ध विद्वान, विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और अन्य दो दिसंबर को नई दिल्ली पहुंचेंगे और उसके बाद पटना-बोधगया (नालंदा) से होते हुए वापस नई दिल्ली और फिर गुजरात की यात्रा करेंगे। यह यात्रा 02 से 10 दिसंबर के बीच होगी।

### सारण में ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के पूर्वोत्तर रेलवे के छपरा-सीवान रेलखंड पर ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत हो गई है। छपरा जंक्शन राजकीय रेल थाना पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि रेलखंड के दाउदपुर स्टेशन के समीप एक अज्ञात व्यक्ति का शव देखकर स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना दी।

## डंडई प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में नहीं है सुलभ शौचालय

खबर मन्त्र संवाददाता

**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड कार्यालय का संचालन होते 16 वर्षों से भी अधिक दिन का समय गुजर गया, लेकिन आज तक कार्यालय परिसर में सुलभ शौचालय का निर्माण नहीं हो सका है। लोग खुले में मल मूत्र विसर्जन करने को मजबूर हैं। जबकि प्रत्येक दिन करीब हजारों लोग प्रखंड कार्यालय में अपनी जरूरत के लिए अपना कार्यालयिक कार्य करवाने आते हैं। प्रखंड कार्यालय आने वाले ग्रामीणों को आवश्यक परिस्थिति में शौच और मूत्र से निपटने के लिए सोचना पड़ता है। प्रखंड कार्यालय परिसर में लाखों का भवन बेकार पड़ा हुआ है व जर्जर हो रहा है। लेकिन मामूली सार्वजनिक शौचालय तक नहीं बनाया गया है। हालांकि प्रखंड कार्यालय में पदाधिकारियों व कर्मियों के लिए अलग से शौचालय की व्यवस्था तो है, लेकिन आम लोगों को खुले में शौच जाना पड़ता है।


डंडई प्रखंड सह अंचल कार्यालय।

**क्या कहा ग्रामीणो ने**

ग्रामीणो ने बताया कि एक तरफ सरकार स्वच्छता को लेकर काफी प्रचार-प्रसार कर रही है। इसके लिए काफी रुपए भी खर्च कर रही है लेकिन प्रखंड कार्यालय परिसर में सार्वजनिक सुलभ शौचालय नहीं रहने के कारण लोग खुले में शौच करने को मजबूर हैं। जबकि प्रखंड का कार्यालय सबसे बड़ा सरकारी दफ्तर है और ऐसे दफ्तरों में सुलभ शौचालय का होना अति आवश्यक है। लेकिन आज तक प्रखंड कार्यालय परिसर में सार्वजनिक सुलभ शौचालय का निर्माण क्यों नहीं कराया गया यह समझ से परे है। इस ओर अधिकारियों को ध्यान देने की आवश्यकता है।

## विधायक नरेश सिंह का गढ़वा में भव्य स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के राजद विधायक नरेश सिंह शनिवार को गढ़वा पहुंचे। यहां राजद जिला अध्यक्ष सूरज सिंह के नेतृत्व में समर्थकों ने रंका मोड़ पर फूल माला के साथ भव्य स्वागत किया। मौके पर विधायक नरेश सिंह ने जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपके विश्वास ने हमें सेवा का अवसर दिया है। हम क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को अपनी प्राथमिकता बतायी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सड़क निर्माण, पेयजल आपूर्ति और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए नई योजनाएं तैयार की जा रही हैं। विधायक श्री सिंह ने जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। साथ ही जनता के सहयोग से क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक ले ले जाने का प्रयास करेंगे। कार्यकताओं और समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ नारेबाजी करते हुए विधायक का स्वागत किया। समर्थकों ने नरेश सिंह की जीत को जनता की उम्मीदों का प्रतीक करार दिया। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।


विधायक का स्वागत करते नेता व कार्यकर्ता।

# प्रखंड सह अंचल कार्यालय में कर्मचारी एवं पदाधिकारी अनुपस्थिति, ग्रामीण परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में कर्मचारियों व पदाधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। प्रखंड कार्यालय में संबंधित कार्य को लेकर विभिन्न गांव से आई महिलाएं दवनकारा गांव निवासी रिंकू देवी, मोरबे पंचायत के करकट्टा गांव निवासी मीना देवी, अखौरी तहले गांव निवासी बेबी देवी, रेखा देवी ने बताई कि वह सुबह 10 बजे से प्रखंड कार्यालय में मंईयां सम्मान योजना एवं आधार लिंक सहित और कार्य को लेकर आयीं। परंतु किसी भी कर्मचारी पदाधिकारी से मुलाकात नहीं होने से काफी परेशान नजर आई। रिंकू देवी ने बताई की छोटा बच्चा को लेकर इस ठंडी में काम से आए हैं, परंतु सभी पदाधिकारी कर्मचारी गायब हैं किसी से भेंट नहीं होने से बिना कार्य ही वापस जाना पड़ रहा है। मीना देवी बीमार होते हुए भी अपने कार्य को लेकर प्रखंड कार्यालय आई थी, लेकिन किसी से मुलाकात नहीं हो सकी। प्रखंड कार्यालय के बीडीओ के प्रधान सहायक लव कुमार तीन बजे ही ब्लॉक से निकल गए। प्रेस वालों पर नजर पड़ते ही वे पुनः कार्यालय लौटकर आए तथा वे समय अवधि से पहले ही 3:50 बजे चले गये। प्रखंड कार्यालय के 15वें वित के कनीय अभियंता एवं प्रखंड समन्वयक कार्तिक कुमार के कार्यालय में शुक्रवार एवं शनिवार को भी ताला बंद देखा गया। जबकि सीडीपीओ कार्यालय की दोनों पर्यवेक्षिका शनिवार को 4:10 बजे कार्यालय से जाती हुई देखी गई। कई अन्य विभागों में ताला लटके हुए पाए गये। इसे देखने वाला कोई पदाधिकारी इसकी सुध नहीं ले रहे हैं। जिससे लगातार प्रखंड कार्यालय के कर्मचारियों एवं पदाधिकारीयों की अनुपस्थिति लगातार बढ़ते ही जा रही है। वहीं दूसरी तरफ समय से पहले कई कर्मचारी प्रखंड से गायब हो जाते हैं। इसे भी देखने वाला कोई नहीं है। जबकि प्रखंड कार्यालय का खुलने का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 तक का अवधि निर्धारित है। इस संबंध में अंचल पदाधिकारी सह प्रभारी बीडीओ प्रमोद कुमार ने बताया कि अगर कोई निर्धारित समय से पहले कार्यालय से जाते हैं तों उनपर कार्रवाई की जाएगी।


जानकारी देते ग्रामीण।

## एक नजर में

### लायंस ग्रीन ने किया भोजन का वितरण

**गढ़वा।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन के तत्वावधान में मां गढ़देवी मंदिर परिसर में 200 लोगों के बीच भोजन का वितरण किया गया। मौके पर प्रोजेक्ट चेयरमैन संतोष अग्रवाल ने बताया कि लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन के द्वारा जरुरतमंदो के बीच भोजन का वितरण किया गया। पूर्व अध्यक्ष जय शंकर ब्रेजियर ने बताया कि इस फूड फॉर हंगर कार्यक्रम को लायंस क्लब मोटो हम सेवा करते है के तहत किया जाता है। मौके पर अध्यक्ष उमाकांत पांडेय, पूर्व अध्यक्ष हर्ष अग्रवाल, विजय सोनी, गायत्री सोनी आदि उपस्थित थे।


वितरण करते क्लब के सदस्य।

### निर्मला सीतारमण ने 50294 लाभार्थियों में वितरित किए 1121 करोड़ का ऋण

**मधुबनी।** केंद्रीय वित्त एवं कॉपोर्रेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज बिहार के मधुबनी में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में शामिल हुई, जहां 50294 लाभार्थियों को 1121 करोड़ रुपए के ऋण वितरित किए गए। श्रीमती सीतारमण ने शनिवार को यहां बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की उपस्थिति में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस दौरान 50294 लाभार्थियों को 1121 करोड़ रुपए के ऋण वितरित किए गए।



### कार्यकर्ता पार्टी की मजबूती के लिए तन-मन से लग जाएं और 2025 के मिशन को पूरा करें: उमेश

**भागलपुर।** बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड (जदयू)के अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने आज यहां पार्टी कार्यकर्ता से आह्वान करते हुए कहा कि वे पार्टी की मजबूती के लिए तन-मन से लग जाएं और 2025 के मिशन को पूरा करें। श्री कुशवाहा में यहां जिला जदयू कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज से सभी कार्यकर्ता पार्टी के लिए एक एक दिन निकाल कर जिला से लेकर पंचायत स्तर तक पार्टी को सशक्त बनाने में जुट जाएं। जिसमें पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं में किसी तरह मतभेद नहीं होगा और सभी एकजुट होकर काम करेंगे।

### विद्यार्थियों के जीवन में एक स्पष्ट लक्ष्य होने चाहिए : राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर



**पटना।** बिहार के राज्यपाल-सह-कुलाधिपति राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने आज कहा कि विद्यार्थियों के जीवन में एक स्पष्ट लक्ष्य होना चाहिए, जिससे वे समाज हित में कार्य कर सकें। श्री आर्लेकर ने पटना वीमेंस कॉलेज में आयोजित पटना विश्वविद्यालय के वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुये कहा कि हमारे युवाओं को नौकरी की तलाश करने के बजाए रोजगार प्रदाता बनना चाहिए। इसके लिए वे स्टार्ट-अप शुरू कर सकते हैं।उन्होंने कहा कि हम जीवन भर शिक्षा प्राप्त करते रहते हैं। शिक्षा सिर्फ पाठ्य पुस्तकों से ही नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने उपाधि एवं पदक प्राप्त करनेवाले छात्र-छात्राओं से कहा कि उनकी इस उपलब्धि में उनके परिवार के सदस्यों के सहयोग, समर्थन और मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका है और इसके लिए उन्हें उनके प्रति कृतज्ञ होना चाहिए। उन्हें अपनी उपाधि और पदक अपने अभिभावकों को समर्पित करना चाहिए।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने कार्यशाला का आयोजन किया

पटना 30 नवंबर (वार्ता ) संविधान दिवस सप्ताह के अवसर पर आज प्रक्षेत्रीय जिला प्रोबेशन कार्यालय,पटना द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रूपेश देव की अध्यक्षता में व्यवहार न्यायालय में प्रोबेशन ऑफ अफेन्डर्स एक्ट-1958 पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में श्रीमती शिल्पी सोनीराज, सदस्य सचिव, बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना, नितिन त्रिपाठी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पटना, श्रीमती पूनम रानी, उप निदेशक (प्रोबेशन), पटना प्रमण्डल एवं व्यवहार न्यायालय, पटना के अन्य न्यायाधीशगण, जिला प्रशासन पुलिस अधीक्षक (अपराध इकाई) पटना एवं पटना प्रक्षेत्र के सभी प्रोबेशन पदाधिकारियों की सहभागिता रही।

### राज्य एवं केंद्र की सरकार पंचायत प्रतिनिधियों के साथ कर रही है सौतेला व्यवहार : मिथिलेश

**दरभंगा।** मुखिया महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश कुमार राय ने आज कहा कि राज्य एवं केंद्र की सरकार लगातार पंचायत प्रतिनिधियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। दरभंगा जिला मुखिया महासंघ के जिला अध्यक्ष राजीव कुमार चौधरी की अध्यक्षता में राज्यव्यापी आह्वान पर आज जिला समाहरणालय स्थित धरना स्थल पर जिला के मुखिया एवं मुखिया प्रतिनिधियों की आयोजित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का सपना था कि सत्ता का विकेंद्रीकरण हो एवं पंचायत स्तर पर सरकार बनेगा तो आमजन की समस्या और गांव के विकास का फैसला आम सभा के माध्यम से पंचायत की जनता खुद करेंगे तभी गांव का सर्वांगीण विकास होगा लेकिन केंद्र एवं राज्य की सरकारी त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों के साथ लगातार सौतेला व्यवहार कर राष्ट्रपिता के सपनों के साथ खिलवाड़ कर रही है,जिससे ग्रामीण स्तर पर विकास का स्तर शून्य होता जा रहा है।केंद्र एवं राज्य सरकार प्रशासन द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत सरकार को लगातार कमजोर करने की साजिश चल रही है। मुखिया एवं पंचायती राज के जनप्रतिनिधि अपने अधिकारों में कटौती से प्रताड़ित है।

## पप्पू यादव को 24 घंटे में मारने की धमकी

एजेंसी

**पूर्णिया।** पप्पू यादव को जान से मारने की एक और धमकी मिली है। अज्ञात व्यक्ति ने वॉट्सऐप पर भेजे गए संदेश में 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। मिले संदेश में स्पष्ट लिखा है 'आखिरी 24 घंटे हैं पप्पू यादव तेरे पास'। इसके साथ एक धमकी का वीडियो भी संलग्न किया है। मैसेज में साफ-साफ लिखा गया है कि 'आखिरी 24 घंटे में तेरी हत्या कर देंगे'।

ज्ञात हो कि बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के बाद पप्पू यादव ने सोशल मीडिया पर लॉरेंस विश्नोई को 'दो टके का गुंडा' कहा था। तब से उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं। इस बीच, पप्पू यादव की सुरक्षा को लेकर उनके करीबी दोस्तों ने बड़ा कदम उठाया है। उन्हें एक बुलेटप्रूफ लैंड क्रूजर गिफ्ट किया गया है, जो इतना मजबूत है कि रॉकेट लांचर का भी कोई असर नहीं होगा। पहले भी पप्पू यादव को पाकिस्तान से धमकी भरा फोन आ चुका है। कॉल करने वाले ने कहा था कि 24 दिसंबर को उन्हें 'ऊपर' भेज देंगे। इस धमकी के बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत भी की थी। वहीं, मिली नवीनतम धमकी में एक दिलचस्प बात यह है कि मैसेज में 'हैप्पी बर्थडे लॉरेंस भाई' जैसा संदेश भी लिखा गया है। इस पूरे मामले में अभी तक किसी संदिग्ध को नहीं पकड़ा गया है और जांच एजेंसियां मामले की गहन जांच में जुटी हुई हैं।



## नवनिर्वाचित विधायक ने क्षेत्र की जनता के साथ किया जनसंपर्क

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने बरडीहा प्रखंड के बभनी, सरसतिया, बरडीहा, लालगढा, जिका, सलगा, कौआखोह गांव में भ्रमण कर जनसंपर्क किया और ग्रामीणों को जीत की बधाई दी। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं एवं देव तुल्य जनता से मुलाकात किया। भ्रमण के दौरान राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ताओं ने फूल माला से भव्य स्वागत किया। वहीं क्षेत्र की जनता से मुलाकात के दौरान नरेश प्रसाद सिंह ने सभी को अपार मत देने एवं फुल बहुमत से विधानसभा में भेजने की खुशी में आभार प्रकट किया। विधायक श्री सिंह ने कहा कि हमारी नहीं यहां की जनता की जीत हुई है। आप लोगों ने जिस प्रकार से मेरे ऊपर विश्वास किया है। मैं जिस वादे के साथ आपके बीच में आया था उस पर मैं खरा उतारूंगा। उन्होंने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी गांव में विकास का ऐसा लकीर खिंचूंगा। आने वाला स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। साथ ही कहा कि जो आपके गांव में कमियां है जैसे चेकडैम, सड़क, नाले, इन सभी एक सूची बनाकर तैयार करें। ताकि उस पर विशेष ध्यान देते हुए बनवाया जाए और किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए मैं जो वादा किया हूं वो पूरा करुंगा। मौके पर नवल किशोर यादव, छोटू यादव, बबलु कुमार, पप्पू यादव, पंकज गुप्ता, बिनोद रजवार, संतोष रजवार, जितेन्द्र कुमार, ददन राम, आदि लोग उपस्थित थे।


संबोधित करते विधायक नरेश प्रसाद सिंह।

## निर्मला सीतारमण ने रिवर फ्रंट का किया निरीक्षण

एजेंसी

**पटना।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को झंझारपुर प्रखंड के अररिया संग्राम में सुगरवे नदी के दोनों तट पर बन रहे रिवर फ्रंट का स्थल निरीक्षण किया और कार्य की सराहना की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य संजय कुमार झा मौजूद थे। जल संसाधन विभाग द्वारा झंझारपुर प्रखंड के अररिया संग्राम में मिथिला हाट और सुगरवे नदी पर निर्मित वीयर के बीच सुगरवे नदी के दोनों तट पर चार-चार सौ मीटर लंबाई में रीवर फ्रंट का निर्माण और पक्का तट सुरक्षा कार्य कराया जा रहा है। पर्यटक इसके दोनों ओर सुगमता पूर्वक आवागमन कर सकें, इसके लिए फुट ओवरब्रिज का भी निर्माण कराया जा रहा है। रिवर फ्रंट के सौंदर्यीकरण और क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने के लिए यहां प्लांटेशन का भी प्रावधान किया गया है। जल संसाधन विभाग की यह योजना जहां आसपास की सुंदरता बढ़ाएगी, वहीं क्षेत्र को बाढ़ से सुरक्षा भी प्रदान करेगी। इसके माध्यम से अररिया संग्राम में स्थित मिथिला हाट, सरकारी कॉलेज एवं राजकीय विद्यालय जैसे सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों को सुगरवे नदी के कटाव से सुरक्षा मिलेगी।



## महिला संवाद यात्रा के बहाने जनता का मन टटोलेंगे नीतीश

एजेंसी

**पटना।** बिहार विधानसभा का चुनाव 2025 के अक्टूबर-नवम्बर माह में होने वाला है। इसको लेकर सभी राजनीतिक दल अपने-अपने स्तर से तैयारियों में जुट गए हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी दिसम्बर के मध्य से महिला संवाद यात्रा के बहाने जनता का मन टटोलने निकलेंगे। राज्य सरकार द्वारा पिछले वर्षों में शुरू की गई योजनाओं का सामाजिक असर और उसके राजनीतिक लाभ का आकलन भी सीएम अपनी इस यात्रा में करेंगे। यह यात्रा 2025 के विधानसभा चुनाव में राजग गठबंधन के लिए तुरुप का पत्ता साबित हो सकता है। नीतीश कुमार को बिहार में वर्ष 2005 से लगातार मिलती सफलता के पीछे महिला मतदाताओं का बड़ा हाथ माना जाता है। नीतीश भी महिला आरक्षण, साइकिल योजना, जीविका दीदी, आशा दीदी, बालिका शिक्षा के बाद प्रोत्साहन राशि, शराबबंदी जैसी कई योजनाओं को शुरू किया, जिससे लाखों महिलाओं को लाभ मिला।

# मुख्यमंत्री ने बिहार में ऊर्जा के सपनों को किया सकार : ऊर्जा सचिव

एजेंसी

**पटना।** बिहार इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमिशन (बीईआरसी) द्वारा होटल ताज में शनिवार को आयोजित फोरम ऑफ रेग्यूलेटर्स ऑफ ईस्टर्न स्टेट (एफओआरएनएस) की बैठक में ऊर्जा विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने ऊर्जा क्षेत्र में हुई प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रोड मैप बनाकार मुख्यमंत्री ने बिहार में ऊर्जा के सपनों को सकार किया है।

बैठक में पाल को बिहार द्वारा ऊर्जा प्रक्षेत्र में हासिल की गई उपलब्धियों के विषय में प्रस्तुति लिए आमंत्रित किया गया। अपने प्रस्तुतिकरण में उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में बिहार ने ऊर्जा के क्षेत्र में शानदार उपलब्धियां हासिल की है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की बिहार बिजली व्यवस्था में आमूलचूल सुधार के लिए जो दूरदर्शी सोच थी उसके आलोक में एक रोड मैप तैयार किया गया है, जिसे ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव की देख रेख में क्रियान्वित किया गया। सचिव पाल ने बताया कि मुख्यमंत्री ने हर गांव, हर टोले में बिजली पहुंचाने के साथ साथ राज्य में ह्यहर घर बिजलीह्ण पहुंचाने का निश्चय किया। उसकी सफलता ने पूरे देश के लिए ऐसा दृष्टांत बनाया कि केंद्र सरकार ने इसके आधार पर सौभाग्य योजना को पूरे देश में लागू करने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने जर्जर तारों से रही दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे बदलने हेतु रिकन्डक्टरिगं योजना की नीवं रखी। ऊर्जा सचिव ने कहा कि राज्य में बढ़ती बिजली मांग को देखते हुए वितरण और संचरण प्रणाली को सुदृढ़ करने की योजनाएं बनाई गईं। ग्रिड उपकरणों की संख्या पिछले वर्षों में 45 से बढ़कर 168 हो गई। पाल ने अपने प्रस्तुतिकरण में कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य के किसानों को सिंचाई का पानी सुगमता एवं सस्ते दर पर मिलने लगा। इसके लिए मुख्यमंत्री कृषि संबंध योजना के अंतर्गत बड़े पैमाने पर कृषि कनेक्शन दिया जा रहा है तथा कृषि कार्य हेतु बिजली दर में 92 प्रतिशत का अनुदान दिया जा रहा है। आज बिहार के लोगों को 22 से 24 घंटे गुणवत्तापूर्ण बिजली मिल रही है। मुख्यमंत्री ने सौर ऊर्जा को अक्षय ऊर्जा का प्रमुख स्रोत बताते हुए इसके प्रोत्साहन के लिए राज्य में अनेकों पहल किया है। आज बिहार में फ्लोटिंग सोलर ऊर्जा, नहरों के किनारे सोलर प्लांट व रूफ टॉप सोलर परियोजना व्यापक पैमाने पर लगायी जा रही है। पाल ने कहा कि लखीसराय जिले के कजरा में 185 मेगावाट का बड़ा सोलर प्लांट लगाया जा रहा है। जिसमें देश की सबसे बड़ी बैटरी सोलर प्रणाली परियोजना लगाई जा रही है।




- **ग्रिड उपकरणों की संख्या पिछले वर्षों में 45 से बढ़कर 168 हुई**
- **कृषि कार्य हेतु बिजली दर में 92 प्रतिशत का अनुदान दिया जा रहा**
- **लखीसराय जिले के कजरा में 185 मेगावाट का सोलर प्लांट लगाया जा रहा है**

स्पीड न्यूज

### चिटफंड घोटाला में प्रयाग समूह के दो प्रमोटर गिरफ्तार

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल में चिटफंड घोटाले से जुड़े कथित धन शोधन मामले में मेसर्स प्रयाग ग्रुप ऑफ कंपनीज के दो प्रमोटरों बासुदेव बागची और अविक बागची को गिरफ्तार किया है। पिता-पुत्र की जोड़ी पर मासिक आय योजना, रिडीमेबल प्रेफरेंस शेयर और क्लब सदस्यता प्रमाणपत्र जैसी झूठी उच्च-रिटर्न योजनाओं के तहत 2,800 करोड़ रुपये की जमा राशि एकत्र करके जनता को धोखा देने का आरोप है।

### स्टाइल टीम का सूबेदार हैं कैटरीना : विक्की कौशल



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल अपनी पत्नी कैटरीना कैफ को अपनी स्टाइल टीम का सूबेदार मानते हैं। कौशल ने कहा कि पत्नी कैटरीना ने उनकी अलमारी का चार्ज ले लिया है। उन्होंने कहा कि कैटरीना इस बात का ध्यान रखती हैं कि वह थोड़ा प्रेजेंटेबल दिखें। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कैटरीना को अपनी स्टाइलिंग टीम का सूबेदार कहा है। विक्की कौशल ने स्वीकार किया कि वे 'फैशन में अक्षम' हैं।

### सीमा पर पाकिस्तानी ड्रोन व हेरोइन बरामद

चंडीगढ़। बीएसएफ ने भारत-पाक सीमा पर कार्रवाई करते हुए दो पाकिस्तानी ड्रोन व हेरोइन बरामद की है। एक पाकिस्तानी ड्रोन व हेरोइन अमृतसर जिले में तो दूसरा तरनतारन जिले से पकड़ा गया है। बीएसएफ प्रवक्ता ने बताया कि बीएसएफ के जवानों ने शुक्रवार रात गश्त के दौरान अमृतसर जिले में स्थित पाकिस्तानी सीमा से एक डीजेआई माविक थ्री क्लासिक ड्रोन बरामद किया। उसकी जब जांच की गई तो उसके साथ 560 ग्राम हेरोइन भी लिपटी हुई मिली।

### बीजापुर में इनामी समेत 13 माओवादी गिरफ्तार

बीजापुर। छत्तीसगढ़ में पिछले 24 घंटों के दौरान सुरक्षा बलों एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने दो लाख के ईनामी माओवादी समेत 13 नक्सलियों को गिरफ्तार किया। एसटीएफ एवं कोबरा 210 की संयुक्त कार्रवाई में थाना तर्रेम क्षेत्र के बुड़गीचेरू के जंगल रास्ते से दो लाख रुपए के ईनामी जगरगुण्डा एरिया कमेटी पार्टी सदस्य सहित तीन माओवादी को शुक्रवार की शाम गिरफ्तार किया गया। माओवादी के कब्जे से भारी मात्रा में विस्फोटक भी बरामद किया गया है।

### मप्र : केंद्रीय मंत्री सिंधिया पर मधुमक्खियों ने किया हमला

शिवपुरी। मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिला स्थित माधव नेशनल पार्क में शनिवार को केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। सिंधियापार्क में चांदपाठा झील पर ड्रेजिंग मशीन का उद्घाटन करने के लिए पहुंचे हुए थे। इसी दौरान सिंधिया समेत कई अन्य लोगों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें जैसे-तैसे वहां से बाहर निकाला।

### रेलवे ने शुरू किया कंबलों का अल्ट्रा वायलेट कीटाणुशोधन

नयी दिल्ली। रेलवे ने यात्रियों को स्वच्छ और उच्च गुणवत्ता के बेडरोल देने के लिए उनकी साफ-सफाई में खासकर कंबल की सफाई के लिए अल्ट्रा वॉयलेट तकनीक का इस्तेमाल शुरू किया है जो तकरीबन शत-प्रतिशत सफल सिद्ध हुई है। उत्तर रेलवे के प्रवक्ता एवं मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने शनिवार को संवाददाताओं को यह जानकारी दी।

# बांग्लादेश के चटगांव में तीन हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़

**भीड़ ने संतनेश्वर मातृ, शोनी और शांतनेश्वरी कालीबाड़ी मंदिर को बनाया निशाना**



**एजेंसी**

**ढाका।** बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया गया है। चटगांव में चल रहे विरोध प्रदर्शन और हिंसा के बीच नारे लगाती भीड़ ने तीन हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ की है। यह हमला शुक्रवार को दोपहर करीब 2.30 बजे हरीश चंद्र मुनसेफ लेन इलाके में हुआ। संतनेश्वर मातृ मंदिर, शोनी मंदिर और शांतनेश्वरी कालीबाड़ी मंदिर को निशाना बनाया गया। बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार पर अल्पसंख्यकों और उनके धार्मिक स्थलों की सुरक्षा कर पाने में नाकाम रहने के आरोप लगते रहे हैं। शुक्रवार की सैकड़ों लोगों का एक समूह मंदिरों पर टूट पड़ा, ईंट-पत्थर फेंकने लगा, शोनी मंदिर और अन्य दो मंदिरों के द्वारों को नुकसान पहुंचाया गया। मंदिर के अधिकारियों ने नुकसान की पुष्टि की इसमें टूटे हुए द्वार और अन्य नुकसान शामिल है। कोतवाली पुलिस स्टेशन के प्रमुख अब्दुल करीम ने हमले की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि हमलावरों ने जानबूझकर मंदिरों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। संतानेश्वर मातृ मंदिर प्रबंधन समिति के स्थायी सदस्य तपन दास ने कहा कि हमलावरों ने हिंदू विरोधी और इस्कॉन विरोधी नारेबाजी कर रहे थे। चटगांव में एक पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद से हिंसा भड़क रही है। उन्हें बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के आरोप में हिरासत में लिया गया था। तपन दास ने बताया कि हमले के दौरान मंदिर के अधिकारियों ने हमलावरों से कोई बातचीत नहीं की, बल्कि स्थिति बिगड़ता देख सेना को बुलाया। सेना ने तुरंत एक्शन लिया और व्यवस्था बहाल करने में मदद की। जब तक भीड़ पहुंची, तब तक मंदिर के द्वार सुरक्षित हो चुके थे।

### चिन्मय दास की गिरफ्तारी के बाद 39 गिरफ्तार

बांग्लादेश में गिरफ्तार इस्कॉन के पूर्व पदाधिकारी चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को जमानत न मिलने के बाद जनाक्रोश के फलस्वरूप हुए बवाल के सिलसिले में पुलिस ने अब तक 39 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस हिंसा में मारे गए चटगांव के वकील सैफुल इस्लाम अलीफ के परिवार ने 46 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। चटगांव मेट्रोपॉलिटन पुलिस के अतिरिक्त उपायुक्त काजी तारेक अजीज ने 39 लोगों की गिरफ्तारी की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि कोर्ट क्षेत्र और कोतवाली पुलिस स्टेशन में इंटरनेशनल इस्कॉन समर्थकों और अन्य के बीच हुई झड़प के संबंध में तीन मामले दर्ज किए गए हैं। गिरफ्तार लोगों पर पुलिस पर हमला करना, वाहनों में तोड़फोड़ करना और सरकारी कर्तव्य में बाधा डालने का आरोप है। हिंसा में मारे गए चटगांव के वकील सैफुल इस्लाम अलीफ के परिवार ने तड़के 46 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। बंदरगाह शहर के कोतवाली पुलिस थाने में दर्ज कराए मामले पर थाना प्रभारी मोहम्मद अब्दुल करीम ने कहा कि सैफुल के पिता जमाल उद्दीन ने शिकायत में 31 आरोपियों और बाकी को अज्ञात दर्शाया है। नामजद आरोपितों में चंदन, अमन दास, शुभो कांति दास, बुंजा, रनब, बिधान, बिकास, रमित, रुमित दास, नयन दास, गगन दास, बिशाल दास, ओंकार दास, बिशाल, राजकपूर, लाला, समीर, सोहेल शामिल हैं। दास, शिव कुमार, बिगलाल, पराश, गणेश, ओम दास, पोपी, अजय, देबी चरण, देव, जॉय, दुर्लव दास और राजीव भट्टाचार्य हैं।

### नाटो सदस्यता के बदले रूस से युद्ध खत्म करने के लिए तैयार : जेलेंस्की



कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में यूक्रेन की सदस्यता के बदले रूस के साथ संघर्ष के को समाप्त करने की इच्छा जताई है। इंटरफैक्स-यूक्रेन समाचार एजेंसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। श्री जेलेंस्की को कहा कि अगर हम युद्ध को रोकना चाहते हैं, तो हमें अपने नियंत्रण वाले यूक्रेन के क्षेत्र को नाटो की छत्रछाया में रखना होगा। हमें यह कार्य तेजी से करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन राजनयिक तरीके से उन क्षेत्रों को वापस पा सकता है, जो अब रूस द्वारा नियंत्रित हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह गारंटी देने के लिए युद्धविराम आवश्यक है कि रूस अधिक यूक्रेनी क्षेत्र को जब्त करने के लिए वापस न लौटे।

# इवीएम में कोई गडबड़ी नहीं हर सवाल का मिलेगा जबाव

### चुनाव आयोग ने तीन दिसंबर को कांग्रेस नेताओं को बुलाया

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद कांग्रेस की ओर से ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) समेत चुनाव प्रक्रिया से समझौता किए जाने को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर निर्वाचन आयोग ने शनिवार को जवाब देते हुए कहा कि चुनाव में कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। आयोग ने कहा कि इसके बाद भी पार्टी के जो भी सवाल है वह उन सभी का लिखित और मौखिक दोनों ही तरीके जवाब देने को वह तैयार है।

चुनाव आयोग ने कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधिमंडल को तीन दिसंबर को शाम पांच बजे मिलने अपने मुख्यालय बुलाया है। आयोग ने कांग्रेस पार्टी को यह जवाब उनकी ओर से 29 नवंबर को चुनाव में गड़बड़ियों को लेकर सौंपे गए ज्ञापन पर दिया है। जिसमें वोटों की संख्या और मतदान प्रतिशत को लेकर सवाल खड़े किए गए थे।





**चुनाव आयोग शिकायतों को सुनने को तैयार :** कांग्रेस कार्यसमिति की शुक्रवार को हुई बैठक में भी महाराष्ट्र चुनाव में हेर-फेर का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग के पक्षपातपूर्ण तरीके से काम करने की बात कही गई हरियाणा के बाद महाराष्ट्र चुनाव नतीजों को लेकर उठाए गए सवालों पर आयोग ने कहा कि मतदान के दौरान सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदान प्रतिशत और कुल वोटरों की संख्या की जानकारी लगातार दी जाती रहती है। इसके बाद भी अगर कुछ और शिकायतें तो आयोग उनको विस्तार से सुनने का तैयार है।

**उद्धव ठाकरे की पार्टी ने भी लगाया गंभीर आरोप**

आयोग ने कहा कि वह स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव के लिए सदैव राजनीतिक दलों के सुझाव और शिकायतों का स्वागत करता है। खास बात यह है कि महाराष्ट्र चुनाव के नतीजों के बाद शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों ने चुनाव में गंभीर गड़बड़ी का आरोप लगाया था।





बांग्लादेश में चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के विराध में कोलकता में प्रदर्शन करते इस्कॉन के सदस्य।

# चेन्नई के करीब पहुंचा तूफान फेंगल

### शहर और उत्तरी तटीय जिलों में हो सकती है भारी बारिश

**एजेंसी**

**चेन्नई।** बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवाती तूफान फेंगल उत्तरी तमिलनाडु तट के और करीब पहुंच गया है और चेन्नई से करीब 90 किलोमीटर की दूरी पर है। मौसम विभाग ने शहर और उत्तरी तटीय जिलों में अत्यधिक भारी बारिश का पूर्वानुमान लगाया है।

मौसम विभाग ने उत्तरी तमिलनाडु, पुड्डुचेरी और उससे सटे दक्षिणी आंध्र प्रदेश तटों के लिये ताजा जानकारी में कहा कि बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम में चक्रवाती तूफान फेंगल (जिसे फीनजल कहा जाता है) पिछले छह घंटों के दौरान सात किलोमीटर प्रति घंटे की गति से पश्चिम की ओर बढ़ा है।

यह अब दोपहर बाद ढाई बजे महाबलीपुरम से करीब 50 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व, पुड्डुचेरी से 80 किलोमीटर पूर्व-उत्तर-पूर्व और चेन्नई से 90 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण-पूर्व में केंद्रित है। इसके पश्चिम की ओर बढ़ने और पुड्डुचेरी के निकट कराईकल और महाबलीपुरम के बीच उत्तरी तमिलनाडु और पुड्डुचेरी के तटों को पार करने के आसार दिखाई दे रहे हैं। इस चक्रवाती तूफान की हवा की रफ्तार 70-80 किमी प्रति घंटा होगी और यह बढ़कर 90 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है।

विभाग ने चक्रवात के आने के समय अतिवृष्टि होने का अनुमान लगाया है। इस पर लगातार नजर रखी जा रही है। इस दौरान मध्यम से तीव्र और भारी से अतिवृष्टि होने का अनुमान जताया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक चेन्नई, चेंगलपट्टू, तिरुवल्लूर, कांचीपुरम, वेल्लोर, रानीपेट, तिरुपथुर, कृष्णागिरि, धर्मपुरी, तिरुवन्नामलाई, कल्लाकुरिची, विल्लुपुरम और कुड्डालोर जिले चक्रवात पार करने के समय तमिलनाडु और पुड्डुचेरी तट में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने का अनुमान जताया गया है।

### दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर फेंका तरल पदार्थ



नयी दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर शनिवार को एक व्यक्ति ने ग्रेटर कैलाश इलाके में पदयात्रा के दौरान तरल पदार्थ फेंक दिया। इसके तुरंत बाद ही सुरक्षा कर्मियों ने उस व्यक्ति को दबोच लिया और आसपास खड़े कार्यकर्ताओं ने उसकी पिटाई कर दी। पुलिस ने उस व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। आआपा नेता एवं दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अरविंद केजरीवाल पर अक्सर इस तरह के हमले होते रहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की केन्द्र सरकार केजरीवाल को सुरक्षा प्रदान करने में नाकाम रही है। दिल्ली पुलिस का कहना है कि हिरासत में लिये गए व्यक्ति का नाम अशोक झा है। वह खानपुर डिपो में बस मार्शल के तौर पर तैनात है। पुलिस के अनुसार फेंका गया तरल पदार्थ पानी था।

# आइएसएस के लिए दो गगनयात्रियों ने प्रशिक्षण का प्रारंभिक चरण किया पूरा

**एजेंसी**

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आइएसएस) के एक्सिओम-4 मिशन के लिए चुने गए दो भारतीय गगनयात्रियों ने प्रशिक्षण का प्रारंभिक चरण पूरा कर लिया है। इसरो ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर इसरो एवं अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के संयुक्त प्रयास को पूरा करने के लक्ष्य की दिशा में एक्सिओम मिशन 4 के लिए चुने गए दो गगनयात्रियों (प्राइम-ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और बैकअप-ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर) ने अगस्त 2024 के पहले सप्ताह से अमेरिका में अपना प्रशिक्षण शुरू किया था। इसने कहा कि गगनयात्रियों ने प्रशिक्षण का प्रारंभिक चरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि प्रशिक्षण के इस चरण में गगनयात्रियों ने मिशन से संबंधित जमीन पर मौजूद सुविधा केंद्रों का भ्रमण, मिशन के प्रक्षेपण चरणों का प्रारंभिक अवलोकन, स्पेसएक्स सूट की फिटिंग जांच और अंतरिक्ष भोजन विकल्पों का चयन करने समेत प्रारंभिक प्रशिक्षण से जुड़ी गतिविधियों को पूरा कर लिया है। इसके अलावा, प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न सत्रों में गगनयात्रियों को स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की विभिन्न प्रणालियों से अवगत कराया गया। उन्हें अंतरिक्ष से फोटोग्राफी, दैनिक परिचालन दिनचर्या और संचार प्रोटोकॉल के बारे में बताया गया।

**▸▸ एक्सिओम-4 मिशन के लिए चुने गये थे कैप्टन शुभांशु शुक्ला और ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णा नायर**



# विश्व में महाकुंभ से बिखरेगी भारत की संस्कृति

**▸▸ धर्मनगरी काशी में सभी द्वादश ज्योतिर्लिंगों और मां सती के 51 शक्तिपीठों का आरंभ हुआ महासमागम**

**▸▸ 14 जनवरी से प्रयागराज में विश्व का बड़ा महाकुंभ मेला आरंभ होगा : ब्रजेश पाठक**



**एजेंसी**

**वाराणसी।** धर्म नगरी काशी में शनिवार से सिगरा स्थित रूद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में सभी द्वादश ज्योतिर्लिंगों व मां सती के 51 शक्तिपीठों का महासमागम शुरू हुआ। शिव और सती के महासमागम के उद्घाटन सत्र में शामिल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि यह समागम अपनी तरह का अद्भुत व अनूठा है। संभवतः यह अपनी तरह का पहला आयोजन है, जिसमें सभी शक्तिपीठों व द्वादश ज्योतिर्लिंगों का एकीकरण हुआ है। यह सनातन को अपार ऊर्जा देने वाला आयोजन है। पाठक ने कहा कि 14 जनवरी से प्रयागराज में त्रिवेणी तट पर आरंभ होने वाला विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक मेला महाकुंभ आरंभ होगा। आप सभी लोग उसमें सादर आमंत्रित हैं। यह महाकुंभ पूरे विश्व में भारत की संस्कृति, सनातन परंपरा का वाहक बनेगा। उपमुख्यमंत्री ने सभी सनातन धर्मावलंबियों को एकजुटता का आह्वान करते हुए कहा कि हम सबको एक हो जाना चाहिए। एकता में ही मजबूती है। आज भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है तो यह संतों की कृपा है। यदि हम सभी लोग एकजुट हो जाएं तो हमारे देश को विश्व गुरु बनने से कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने कहा कि जो लोग हमारे बीच जाति भेद की बात कर रहे हैं, वह सिर्फ फूट डालकर वोट लेना चाहते हैं और सत्ता हासिल करना चाहते हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन ने हजारों वर्षों से वसुधैव कुटुंबम का उद्घोष किया है। जो पूरी दुनिया को अपना परिवार मानता है। एक तरफ हम लोग हैं जो पूरे विश्व को अपना परिवार मानते हैं। हमारे यहां बच्चा जब चलना सीखता है तो उसे सीख दी जाती है कि यदि पैर के नीचे चींटी आ जाए तो राम-राम बोलो। इसके पूर्व, विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार, उप मुख्यमंत्री पाठक, मध्य प्रदेश के पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, प्रखर जी महाराज, महाराष्ट्र के जितेंद्र नाथ महाराज, कोलकाता काली पीठ के रमाकांत महाराज, देवघर झारखंड ज्योतिर्लिंग के प्रकाशानंद महाराज, अखिल भारतीय विद्वत परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री कामेश्वर नाथ उपाध्याय, आयोजक संस्था सेंटर फॉर सनातन रिसर्च के अध्यक्ष डॉ. रमण त्रिपाठी आदि ने दीप प्रज्वलन कर समागम का शुभारंभ किया। पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर प्रखर महाराज ने दावा किया कि वाराही शक्तिपीठ को लेकर जो अनिर्णीत विवाद है, उसका समाधान यही है कि वह शक्तिपीठ और कहीं नहीं अपितु काशी में ही है। इस प्रकार काशी में दो शक्तिपीठ हैं एक मां विशालाक्षी देवी की और दूसरी वाराही देवी की। शास्त्रों में वर्णन है कि वाराही देवी पंचसागर में अवस्थित हैं, जिस प्रकार का वर्णन है और जो मान्यता उनके महाराष्ट्र में होने की है वहां जाने पर ऐसा कुछ दिखता नहीं लेकिन काशी में पंचगंगा घाट पर पांच नदियों के संगम की जो बात है और उसके ऊपर अवस्थित मंदिर भी है।

### बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामले में 26 आरोपियों पर लगाया गया मकोका

मुंबई। महाराष्ट्र पुलिस ने पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में गिरफ्तार सभी 26 आरोपितों के खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) की धाराएं लगायी हैं। पुलिस की क्राइम ब्रांच ने इस मामले में अब तक मुख्य शूटर शिव कुमार गौतम सहित 26 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल मामले की जांच जारी है। महाराष्ट्र पुलिस के मुताबिक इन आरोपितों के खिलाफ आर्म्स एक्ट और महाराष्ट्र पुलिस एक्ट की भी कई धाराएं लगायी गयी हैं। इस हत्याकांड में अब तक 26 आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस मामले के तीन आरोपित- शुभम रामेश्वर लोनकर, जीशान मोहम्मद अख्तर और अनमोल विश्नोई अभी भी फरार हैं। इस मामले को निर्मल नगर पुलिस स्टेशन में सीआर नंबर 589/2024 के रूप में दर्ज किया गया था और बाद में डीसीबी सीआईडी सीआर नंबर 86/2024 के रूप में फिर से पंजीकृत किया गया था।